उत्तराखंड, नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित/उत्तर प्रदेश में प्रसारित

उत्तम भारत

सत्य, निष्पक्ष भारत

कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत् 2082 ▸▸ वर्ष: 1 ▸▸ अंक: 190 ▸▸ देहरादून ▸▸ बुधवार, 25 नवम्बर 2026 ▸▸ मूल्य: 3.00 ▸▸ पृष्ठ: 12, (www.uttambharatnews.com), RNI.No. UAHIN/26/A3885



नील सरोवर धाम पर हजारों.....

पंजाब में अकाली-भाजपा फिर एक हुए

पीएम मोदी ने फोन कर जताई खुशी



गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक दिन पहले जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एनडीए के विस्तार की जानकारी दी गई तो उन्होंने बेहद खुशी जाहिर की और सुखबीर सिंह बादल को फोन किया। प्रधानमंत्री ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि अकाली दल के साथ आने से ही एनडीए पूरा होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और सुखबीर सिंह बादल के बीच तथा अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और प्रकाश सिंह बादल के बीच वर्षों पुराना और गहरा रिश्ता रहा है। भाजपा और अकाली दल के बीच भी लंबे समय से मजबूत राजनीतिक संबंध रहे हैं।

पंजाब को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा गठबंधन : मोदी



नई दिल्ली स्थित मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने अन्य नेताओं के साथ मिलकर हाथ ऊपर उठाए। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा-शिरोमणि अकाली दल गठबंधन को फिर से बहाल करने की घोषणा की गई। फोटो : अम्लान पालीवाल

शैलेंद्र कुमार शर्मा/उत्तम भारत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल के बीच फिर से गठबंधन होने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि दोनों दलों का गठबंधन स्वाभाविक है और पंजाब के लोगों की पहली पसंद बनकर उभरेगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पंजाब और पंजाबियों का कल्याण सर्वोपरि है। उन्हें खुशी है कि शिरोमणि अकाली दल की एनडीए परिवार में वापसी हो रही है और वह भी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि भाजपा और अकाली दल का गठबंधन एक स्वाभाविक गठबंधन है। यह सुनिश्चित करेगा कि पंजाब को जनहितैषी शासन मिले और राज्य प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और सरदार प्रकाश सिंह बादल द्वारा सींचा गया अकाली दल-भाजपा गठबंधन समय की कसौटी पर खरा उतरा है। उन्हें पूरा विश्वास है कि यह गठबंधन पंजाब के लोगों की पहली पसंद बनेगा।

बता दें कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गठबंधन का ऐलान किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की मौजूदगी में गठबंधन की घोषणा की।

भाजपा मुख्यालय पहुंचे सुखबीर बादल, अमित शाह से की मुलाकात

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंगलवार दोपहर दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की।

इस दौरान पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील जाखड़ और अश्वनी शर्मा भी मौजूद रहे।

अकाली दल एनडीए के सहयोगी के रूप में करेगा काम : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के कक्ष में दोनों दलों के नेताओं की बैठक हुई। इसमें अकाली दल और भाजपा के गठबंधन पर चर्चा की गई। दोनों दलों ने फैसला किया है कि अगला पंजाब विधानसभा चुनाव भाजपा और अकाली दल मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज से अकाली दल एनडीए के सहयोगी के रूप में राजनीति में काम करेगा। अमित शाह ने कहा कि जब पूरा देश श्री गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व मना रहा है, ऐसे समय में सबसे पुराने सहयोगी अकाली दल की एनडीए में वापसी सभी के लिए आनंद का विषय है। उन्होंने सुखबीर सिंह बादल और अकाली दल के सभी नेताओं का एनडीए में स्वागत किया।

गुरु नानक देव की शिक्षाएं बेहतर समाज के निर्माण की प्रेरणा देती हैं : पुष्कर सिंह धामी

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु नानक देव के 557वें प्रकाश पर्व पर गुरु गोविंद नगर, रेसकोर्स स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मत्था टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने संगत और प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु नानक देव की शिक्षाएं सत्य, सेवा, ईमानदारी और समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव की तीन प्रमुख शिक्षाएं नाम जपो, किरत करो और वंड छको हमें परमात्मा का स्मरण करने, ईमानदारी से मेहनत करने और अपनी कमाई जरूरतमंदों के साथ साझा करने का संदेश देती हैं। सिख परंपरा की 'सरबत दा भला' की भावना सभी के कल्याण और सुख की कामना करना सिखाती है।

उन्होंने कहा कि सिख समाज ने देश की रक्षा, सेवा और आपदा राहत कार्यों में हमेशा महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में करतारपुर साहिब कॉरिडोर खोलने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों से सिख श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान मिला है। धामी ने कहा कि उत्तराखंड स्थित श्री हेमकुंट साहिब विश्वभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। केंद्र सरकार ने गोविंदघाट से हेमकुंट साहिब तक 12.4 किलोमीटर लंबे रोपवे निर्माण को मंजूरी दी है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग श्रद्धालुओं को यात्रा में बड़ी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान गुरबख्श सिंह राजन, महासचिव गुलजार सिंह, बलजीत सोनी सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में साध संगत मौजूद रही।



मुयख्मंत्री ने प्रकाश पर्व पर रेसकोर्स गुरुद्वारे में टेका मत्था, हेमकुंट साहिब रोपवे को बताया श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सौगात

नितिन नवीन और हर्ष ने गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब में माथा टेका

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। श्री गुरू नानक देव जी की 557वीं प्रकाश पर्व जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब में हाजरी लगाकर माथा टेका और देशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए अरदास की। इस अवसर पर उनके साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित रहे। तीनों नेताओं ने गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन श्रवण किया। गुरुद्वारा प्रबंधन ने गुरू परंपरा के अनुसार नितिन नवीन को सम्मान स्वरूप सरोपा भेंट किया।

उनके साथ हर्ष मल्होत्रा एवं मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी गुरू पर्व पर गुरुद्वारा साहिब पहुंचे

श्री गुरू नानक देव ने जात-पात, ऊंच-नीच के भेद को मिटाकर सत्य का मार्ग दिखाया : नितिन



इस अवसर पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने नितिन नवीन का स्वागत करते हुए कहा कि गुरू नानक देव जी के दिखाए मार्ग पर चलकर ही देश एकता और भाईचारे की डोर में बंध सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल, विधायक सरदार तरविन्दर सिंह मारवाह, निगम पार्षद योगिता सिंह, पंजाबी एकेडमी के उपाध्यक्ष सरदार इमप्रीत सिंह बख्शी और दिल्ली भाजपा प्रवक्ता यासिर जिलानी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं संगत इस पावन अवसर पर उपस्थित रहे। नितिन नवीन ने कहा कि श्री गुरू नानक देव जी ने हमें एक ओंकार, एक ज्योति का संदेश दिया। गुरू जी ने जात-पात, ऊंच-नीच के भेद को मिटाकर नाम जपो, कीरत करो, वंड छको का मार्ग दिखाया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने गुरू नानक देव जी की 557वीं जयंती पर समस्त दिल्लीवासियों को हार्दिक बधाई दी। सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने समस्त संगत को प्रकाश पर्व की लख-लख बधाइयां दीं। उन्होने कहा गुरू नानक देव जी का संदेश सबदा भला ही हमारी सरकार का संकल्प है। गुरुद्वारों की मयार्दा और सिख विरासत को संरक्षित करने के लिए हम सदैव तत्पर हैं।

भ्रष्टाचार पर धामी का सख्त संदेश

बोले मुख्यमंत्री- रिश्वतखोरी बर्दाश्त नहीं, विजिलेंस को खुली

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। रिश्वतखोरी हो या सरकारी कार्यों में अनियमितता, भ्रष्टाचार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के मामलों में विजिलेंस को स्वतंत्र और निष्पक्ष कार्रवाई की पूरी छूट दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पारदर्शी, जवाबदेह और ईमानदार शासन व्यवस्था स्थापित करना सरकार की प्राथमिकता है। भ्रष्टाचार के मामलों में केवल छोटे कर्मचारियों ही नहीं, बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में पद, प्रतिष्ठा और प्रभाव को आड़े नहीं आने दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यकाल में सतर्कता विभाग ने रिश्वतखोरी, आय से अधिक संपत्ति और सरकारी कार्यों में अनियमितताओं से जुड़े मामलों में कार्रवाई तेज की है। ट्रैप कार्रवाई के दौरान रिश्वत लेते अधिकारियों और कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। कई मामलों में विभागीय कार्रवाई और निलंबन जैसे कदम भी उठाए गए हैं।

सिख गुरुओं के बलिदान ने भारत की संस्कृति और पहचान को सुरक्षित रखा : योगी

उत्तम भारत संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान से भारत की पहचान सुरक्षित है। देश और धर्म की रक्षा के लिए सिख गुरुओं ने जो बलिदान दिया, वह भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उनकी परंपरा ने न केवल आस्था और संस्कृति की रक्षा की, बल्कि अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने का साहस भी दिया। जब तक भारत सिख गुरुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखेगा, दुनिया की कोई भी ताकत भारत का बाल बांका नहीं कर सकेगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को ऐशबाग रोड स्थित डीएवी पीजी कॉलेज मैदान में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 557वें प्रकाश पर्व पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।



सिख समाज को दी प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार और जनता की ओर से सिख समाज को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। अमृतसर के हेड ग्रंथी ज्ञानी केवल सिंह और सिख समाज के प्रतिनिधियों ने उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर, तलवार और गुरु नानक देव जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

गुरु नानक देव ने दिया मानवता और समानता का संदेश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज ने मानवता को जोड़ने और समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने देशभर में यात्राएं कर ह्यएक ओंकारह्ण का संदेश दिया। ईश्वर एक है और सभी मनुष्य उसकी संतान हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति समान सम्मान का अधिकारी है। सच्ची आध्यात्मिकता पलायन नहीं सिखाती, बल्कि अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध निर्भीक होकर खड़े होने की प्रेरणा देती है। सिख गुरुओं की परंपरा इसी साहस, त्याग और समर्पण का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरु नानक देव जी के तीन प्रमुख सिद्धांतों नाम जपो, कीरत करो और वंड छको का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे समाज को नई दिशा मिली। ईश्वर का स्मरण, ईमानदारी से परिश्रम और अपनी कमाई में दूसरों को भागीदार बनाना जीवन को सार्थक बनाता है। गुरुद्वारों में चलने वाली लंगर व्यवस्था इसका जीवंत उदाहरण है। यहां जाति, मत और मजहब का भेद किए बिना सभी लोग एक साथ पंगत में बैठकर भोजन करते हैं। यह समानता और सेवा की भावना भारतीय समाज की बड़ी शक्ति है।

मुख्यमंत्री आवास में सात वर्ष से मनाया जा रहा वीर बाल दिवस

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ के गुरुद्वारों के सहयोग से मुख्यमंत्री आवास में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई थी। गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के बाद से मुख्यमंत्री आवास में वीर बाल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। आज पूरा देश गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों के त्याग और बलिदान को नमन कर रहा है।

ननकाना साहिब और करतारपुर साहिब जाने की जताई कामना

मुख्यमंत्री ने कामना की कि लखनऊ के श्रद्धालुओं को ननकाना साहिब और करतारपुर साहिब में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का दिन अत्यंत पवित्र है।

कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली पर पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने दी शुभकामनाएं

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर्व को सेवा, परोपकार, श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बताते हुए सभी के जीवन में सकारात्मकता और खुशहाली की कामना की। वहीं, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, दिल्ली और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों ने भी सोशल मीडिया के जरिए लोगों को पर्व की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, आप सभी को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं। इस पावन पर्व में सेवा के माध्यम से परोपकार का संदेश निहित है। पवित्र स्नान, दान-पुण्य और दीपदान से समृद्ध यह परंपरा सभी के जीवन में श्रद्धा, आस्था और सकारात्मकता का संचार करे, यही मंगलकामना है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पर लिखा, समस्त देशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देव दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, सनातन आस्था, अध्यात्म एवं संस्कृति की दिव्य आभा से आलोकित देव दीपावली की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। बाबा श्री विश्वनाथ एवं मां गंगा की कृपा से यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख-सौभाग्य, आध्यात्मिक ऊर्जा व आरोग्यता का प्रकाश फैलाए, यही प्रार्थना है।



श्रद्धा और आस्था का प्रतीक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्तिक पूर्णिमा को लेकर एक अन्य एक्स पोस्ट में लिखा, भारत की प्राचीन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना व लोक-आस्था के पावन पर्व ह्यकार्तिक पूर्णिमाह्ण की समस्त श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मां गंगा एवं भगवान श्रीहरि विष्णु की कृपा से श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक प्रकाश का यह पुण्य पर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं आरोग्यता का संचार करे, यही प्रार्थना है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, लोक-आस्था एवं श्रद्धा के पावन पर्व कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! बाबा श्री विश्वनाथ एवं मां गंगा की कृपा से यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली का प्रकाश फैलाए, यही कामना है।

रेखा गुप्ता ने धर्म, सेवा और समरसता का संदेश दिया

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, सनातन संस्कृति की दिव्य चेतना और हमारी चिरंतन आध्यात्मिक परंपरा के पावन पर्व देव दीपावली की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

यह दिव्य दीपोत्सव हमारी उस सनातन जीवनदृष्टि का प्रतीक है, जो अंधकार से प्रकाश, स्वार्थ से परमार्थ और व्यक्ति से समष्टि के कल्याण का मार्ग दिखाती है। इस पावन अवसर पर प्रत्येक हृदय में धर्म, सेवा, समरसता और लोकमंगल की भावना का प्रकाश प्रज्वलित हो। देवाधिदेव महादेव की कृपा से समस्त चराचर जगत में सुख, शांति और मंगल का वास हो।

पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को दी देव दीपावली की बधाई

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, समस्त प्रदेशवासियों को देव दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। समस्त देवी-देवताओं से प्रार्थना है कि यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली का प्रकाश लेकर आए तथा प्रदेश में सुख-समृद्धि, सौहार्द और सकारात्मकता का उजियारा सदैव बना रहे।

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर गणेश जोशी ने गुरुद्वारे में टेका मत्था

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर गढ़ी कैंट स्थित डाकरा गुरुद्वारे में मत्था टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों, विशेषकर सिख समाज के लोगों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर गणेश जोशी ने कहा कि गुरु नानक देव ने सत्य, सेवा, समानता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देकर मानवता को नई दिशा दी। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को



एकता, सद्भाव और मानव सेवा के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव का संदेश 'नाम जपो, किरत करो और वंड छको' ईश्वर का स्मरण करने, ईमानदारी से कर्म करने और जरूरतमंदों के साथ संसाधन साझा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव ने जाति, धर्म और ऊंच-नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवा को सर्वोपरि बताया। उनके विचारों को अपनाकर समाज में समानता, करुणा और आपसी भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। इस दौरान हैड ग्रंथी शुभम सिंह, देवेंद्र सिंह, गुरदीप सिंह, जसवीर सिंह, चैतन सिंह और देवेंद्र पाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मसूरी विधानसभा में चुनावी हलचल तेज, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला ने ठोकी दावेदारी

उत्तम भारत संवाददाता

मसूरी। विधानसभा चुनाव-2027 से पहले मसूरी की सियासत में दावेदारों की सक्रियता बढ़ने लगी है। पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला ने एक बार फिर चुनावी मैदान में उतरने के संकेत देते हुए अपनी दावेदारी पेश की है। इस दौरान उन्होंने कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक गणेश जोशी के 15 वर्षों के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए विकास कार्यों को लेकर निशाना साधा।

गुनसोला ने सिविल अस्पताल, एलकेडी रोड, सिल्ला सरोना रोड



और सैनिक कल्याण मंत्री रहते हुए रोजगार के अवसरों जैसे मुद्दों पर सवाल खड़े किए। उन्होंने अपने पूर्व विधायक कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उनके समय में आईटीआई की स्थापना कराई गई थी और क्षेत्र के लिए कई योजनाएं स्वीकृत कराई गई थीं। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों और उपलब्धियों को लेकर वह दोबारा जनता के बीच जाएंगे।

मसूरी विधानसभा में अब चुनावी मुकाबले की तस्वीर धीरे-धीरे दिलचस्प होती जा रही है। एक के बाद एक दावेदारों के सामने आने से राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं और आने वाले दिनों में सियासी बयानबाजी और तेज होने के आसार हैं।

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में चार दिवसीय शोध कार्यशाला का समापन



उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा की ओर से देहरादून परिसर में एमएजेएमएमसी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित चार दिवसीय अनिवार्य शोध कार्यशाला का मंगलवार, 24 नवंबर को समापन हो गया। 21 से 24 नवंबर, 2026 तक आयोजित इस कार्यशाला का संचालन विद्याशाखा के निदेशक प्रो. राकेश चन्द्र रयाल के निर्देशन में किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शोध की अवधारणा, प्रक्रिया, पद्धति एवं व्यावहारिक पक्षों से परिचित कराना तथा उन्हें लघु शोध कार्य के लिए आवश्यक अकादमिक दक्षताएं प्रदान करना था।

चार दिवसीय कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञ के रूप में धमानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय, नरेंद्र नगर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सरंचना सचदेवा, सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष थलेड़ी, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. दिनेश भट्ट, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अजय ढौंढियाल तथा संयुक्त निदेशक, सूचना एवं लोक संपर्क निदेशालय, उत्तराखंड, डॉ. नितिन उपाध्याय ने विद्यार्थियों को एक बेहतर लघुशोध तैयार करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

विशेषज्ञों ने सामाजिक अनुसंधान एवं शोध प्रविधि, शोध के तत्व एवं प्रकार, शोध संदर्भ एवं संदर्भ ग्रंथ सूची, संचार शोध में मीडिया और समाज की भूमिका, न्यू मीडिया एवं सामाजिक शोध, रिपोर्ट लेखन तथा लघु शोध निर्माण जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिए। विद्यार्थियों को शोध प्रस्ताव (सिनॉप्सिस) तैयार करने, शोध डिजाइन, साहित्यिक चोरी (प्लेजरिज्म) से बचने तथा शोध में मौलिकता एवं नैतिक मूल्यों के पालन की जानकारी भी दी गई। समापन सत्र में विद्याशाखा के निदेशक प्रो. राकेश चन्द्र रयाल ने कहा कि शोध केवल अकादमिक उपाधि प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य समाज और धरातल से जुड़े प्रश्नों का समाधान तलाशना भी होना चाहिए। शोध के निष्कर्षों का वास्तविक जीवन में सकारात्मक प्रभाव दिखाई देना चाहिए, तभी उसकी सार्थकता सिद्ध होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से शोध कार्य में मौलिकता, तथ्यपरकता, निष्पक्षता एवं शोध नैतिकता का विशेष ध्यान रखने का आह्वान किया। कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रो. राकेश चन्द्र रयाल एवं संयुक्त निदेशक, सूचना एवं लोक संपर्क निदेशालय, उत्तराखंड, डॉ. नितिन उपाध्याय ने कार्यशाला में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

पहाड़ों में अनियोजित निर्माण और पलायन बड़ी चुनौतीः डॉ. शैलेन्द्र

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। आरएसएस के उत्तराखंड प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि उत्तराखंड में विकास के साथ पर्यावरण, सांस्कृतिक विरासत और पर्वतीय क्षेत्रों की परिस्थितियों का संरक्षण जरूरी है। उन्होंने पहाड़ों में अनियोजित निर्माण, पलायन और सीमांत गांवों के खाली होने पर चिंता जताते हुए तीर्थाटन और पर्यटन को अलग-अलग पहचान देने पर जोर दिया।



मंगलवार को विश्व संवाद केंद्र एवं विद्योत्तमा विचार मंच की ओर से तिलक रोड स्थित आरएसएस प्रांत कार्यालय में हिमालय हुंकार पाक्षिक पत्रिका के दीपावली विशेषांक उत्तराखंड और विकसित भारत का विमोचन किया गया। डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि पहाड़ों में पारंपरिक निर्माण शैली और पर्यावरण को ध्यान में रखकर ही भवन निर्माण होना चाहिए। दो मंजिला निर्माण के अनुकूल क्षेत्रों में सात-आठ मंजिला इमारतें बनना चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि पर्वतीय गांवों में रोजगार और बुनियादी सुविधाएं बढ़ाकर पलायन रोकने की जरूरत है। आयुष, कृषि, बागवानी और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देकर स्थानीय आजीविका के अवसर पैदा किए जा सकते हैं। इस दौरान उत्तराखंड की 21 प्रेरक विभूतियों के जीवन पर आधारित डॉ. रक्षा रतूड़ी के काव्य संग्रह गढ़ ज्योति का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष सुरेन्द्र मित्तल, सचिव राजकुमार टांक, हिमालय हुंकार के संपादक रणजीत सिंह ज्याला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गुंडा एक्ट के तहत रोहित आर्या छह माह के लिए जिला बदर

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। नैनीताल पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए काठगोदाम क्षेत्र निवासी रोहित आर्या को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। जिलाधिकारी और एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के तहत यह कार्रवाई की गई।



पुलिस के अनुसार, रोहित आर्या पुत्र प्रेम राम निवासी नवाड़खेड़ा, गौलापार के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के चलते जिला बदर के आदेश जारी किए गए थे। प्रभारी निरीक्षक काठगोदाम जसवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह मेहता ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए उसे नैनीताल जिले की सीमा से बाहर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ वर्ष 2016 में मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके अलावा वर्ष 2024 और 2025 में आबकारी अधिनियम के तहत तीन मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस ने बताया कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

गुरु रविदास जयंती पर समरसता संदेश यात्रा का जगह-जगह स्वागत

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश लेकर निकली समरसता संदेश यात्रा का उत्तराखंड में भव्य स्वागत किया गया। कुल्हाल से देहरादून तक विभिन्न स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने



पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने भी यात्रा का स्वागत किया। यात्रा संयोजक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि गुरु रविदास जी ने अपने विचारों से समाज को समानता, प्रेम और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाएं जाति-पाति, ऊंच-नीच और भेदभाव से मुक्त समाज की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता को केवल नारों तक सीमित न रखकर व्यवहार में अपनाना जरूरी है। यात्रा का कुल्हाल, हरबर्टपुर, सहसपुर, सेलाकुई, झाझरा, प्रेमनगर, घंटाघर, आराघर चौक, फव्वारा चौक और रिस्पना सहित विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर लाल सिंह, कैबिनेट मंत्री खजान दास, राज्य मंत्री बलबीर घुनियाल, महेंद्र भट्ट, दीप्ति रावत भारद्वाज, हरीश चमोली, मथुरा दत्त जोशी, कमलेश रमन सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाओं का कारोबार

एसटीएफ और औषधि विभाग की संयुक्त कार्रवाई

उत्तम भारत संवाददाता

रुड़की। मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाओं का अवैध कारोबार करने वाले एक युवक को एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने गिरफ्तार किया है। औषधि विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई में टीम ने जनता मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर 682 ट्रामाडोल युक्त कैप्सूल और 600 अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद की हैं।

एसटीएफ को सूचना मिली थी कि



मेडिकल स्टोर से बिना वैध लाइसेंस नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त की जा रही है। इस पर एसटीएफ टीम ने औषधि निरीक्षक हरीश सिंह के साथ छापेमारी की। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद हुईं। आरोपी दवाओं के क्रय-विक्रय, भंडारण के लाइसेंस और चिकित्सकीय पर्चे से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान इरशाद (26) पुत्र गुलफाम निवासी राजपुताबा, थाना बहादराबाद, हरिद्वार के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने नशीली दवाएं खरीदकर फुटकर में बेचने और मुनाफा कमाने की बात स्वीकार की। एसटीएफ ने आरोपी के खिलाफ थाना गंगनहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसटीएफ निरीक्षक भवानी शंकर पंत, उपनिरीक्षक दीपक मैठाणी, कांस्टेबल प्रदीप, दीपक नेगी और औषधि निरीक्षक हरीश सिंह शामिल रहे। एसटीएफ ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

एनबीडब्ल्यू में वांछित वारंटी को लोहाघाट पुलिस ने घर से दबोचा

उत्तम भारत संवाददाता

चम्पावत। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चम्पावत पुलिस को सफलता मिली है। लोहाघाट थाना पुलिस ने गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर 2026 को लोहाघाट पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए धारा 106, 291 और 324 बीएनएस के मामले में वांछित रमेश चन्द्र भट्ट निवासी ग्राम अमोड़ी, जिला चम्पावत को उसके घर से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू की। चम्पावत पुलिस का कहना है कि जिले में वांछित और वारंटी अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है।

प्रेम सिंह यादव का नागरिक अभिनंदन

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। बाजपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर मंगलवार को ग्राम मुंडिया पिस्तौर में प्रेम सिंह यादव का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रेम सिंह यादव का जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र शर्मा, ग्राम प्रधान हरमीत सिंह और क्षेत्र पंचायत सदस्य अमित कुमार ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और फीता काटकर नवनिर्मित टाइल्स रोड का विधिवत लोकार्पण किया। सम्मान से अभिभूत प्रेम सिंह यादव ने सभी का आभार जताते हुए क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया।

काठगोदाम में तीन लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री के मिशन ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के तहत नैनीताल पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए काठगोदाम क्षेत्र से एक युवक को 10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 24 नवंबर को एसओजी और काठगोदाम पुलिस की संयुक्त टीम ने कैनाल रोड पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। इस दौरान उसके कब्जे से 10 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान भास्कर तिवारी उर्फ भानु (32) पुत्र कैलाश चंद्र तिवारी, निवासी सेंट पॉल स्कूल के पीछे, काठगोदाम के रूप में की है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली काठगोदाम में मुकदमा संख्या 144/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

नौगांव में 3.17 ग्राम स्मैक के साथ 21 वर्षीय युवक गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

उत्तरकाशी। ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत उत्तरकाशी पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 21 वर्षीय युवक को 3.17 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में जिलेभर में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पुरोला की नौगांव चौकी पुलिस टीम नौगांव क्षेत्र में सौली खड्ड के समीप चेकिंग कर रही थी।

इस दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 3.17 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में युवक की पहचान अमीन (21) के रूप में हुई। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान को लगातार प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे की तस्करी और इससे जुड़ी गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि देवभूमि को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। बाजपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आया है। केशोवाला मोड़ निवासी बनवारी लाल पुत्र केशवराम ने कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर बताया कि 12 नवंबर 2026 की शाम करीब छह बजे वह राय मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज गति और अनियंत्रित होकर आ रही कार संख्या वड18ञ्ञ296 ने उनकी बाइक संख्या वढ21उए3566 को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बनवारी लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर में तीन जगह फ्रैक्चर होने की बात तहरीर में कही गई है। स्थानीय लोगों ने उन्हें सिद्धि विनायक अस्पताल, रामराज रोड बाजपुर पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने काशीपुर के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित के अनुसार उपचार में व्यस्त रहने के कारण वह तत्काल पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके। 19 नवंबर को उन्होंने बाजपुर कोतवाली में तहरीर देकर संबंधित कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

उत्तराखंड में गुलदारों का बढ़ता आतंक, कभी भी कर रहे हमला

उत्तम भारत संवाददाता

कोटद्वार। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में गुलदारों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। दिन हो या रात, गुलदार कभी भी आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों पर हमला कर रहे हैं। ताजा घटना कोटद्वार के कोटड़ीढांग क्षेत्र की है, जहां सोमवार को जंगल में घास लेने गई 42 वर्षीय महिला को गुलदार ने हमला कर मार डाला। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं, लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोटड़ीढांग निवासी कविता कोठियाल (42) पत्नी कमल किशोर सोमवार को जंगल में घास लेने गई थीं। इसी दौरान गुलदार ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में गुलदार के हमले की यह पांचवीं घटना है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद गुलदार के आतंक से निजात नहीं मिलने पर ग्रामीणों में रोष है। पौड़ी क्षेत्र में भी गुलदार के हमलों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पौड़ी से करीब छह किलोमीटर दूर खांद्यू सैण के पास पांच वर्षीय बालिका को गुलदार ने अपना निवाला बना लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। मौके पर पहुंचे स्थानीय विधायक को भी आक्रोशित ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदारों की बढ़ती सक्रियता के कारण महिलाओं का खेतों



में काम करना मुश्किल हो गया है। बच्चों को अकेले घर से बाहर भेजने में भी लोग डर रहे हैं। कोटद्वार में नवंबर माह के दौरान वार्ड नंबर तीन के स्नेह तल्ली इलाके में भी तेंदुए ने आठ वर्षीय बच्ची पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। लगातार आबादी वाले क्षेत्रों में गुलदारों की मौजूदगी से शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों के लोग भयभीत हैं। पहाड़ों में गुलदारों के हमलों का सिलसिला नया नहीं है। पूर्व के वर्षों में पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक के कोटा गांव में गुलदार ने दस वर्षीय बालक अभिषेक को मार डाला था। जानकारी के अनुसार, मेहरबान सिंह का बेटा अभिषेक अपनी मां सुनीता देवी के साथ घर की छत पर सो रहा था। छत पर परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। रात करीब 12:30 बजे गुलदार छत पर पहुंचा और बच्चे को जबड़े में दबाकर जंगल की ओर ले गया। जब तक परिवार के लोगों को घटना का पता चला, तब तक गुलदार बच्चे को लेकर जा चुका था। ग्रामीणों ने रात में ही उसकी तलाश शुरू की, लेकिन अंधेरा होने के कारण सफलता नहीं मिली। बाद में बच्चे का अधखाया शव गांव से करीब दो किलोमीटर दूर जंगल में मिला था। इसी तरह अल्मोड़ा तहसील क्षेत्र के गांवों में भी तेंदुए का आतंक लगातार बना हुआ है। पूर्व में पोखरी सुनाड़ी गांव में दिनदहाड़े तेंदुए ने 15 वर्षीय किशोर पर हमला कर उसे घायल कर दिया था।

मामूली विवाद में भाई-बहन पर रिवाल्वर से फायरिंग, आरोपी गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

रायवाला। मामूली विवाद में भाई-बहन पर रिवाल्वर से गोली चलाने के आरोपी को रायवाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना में दोनों भाई-बहन बाल-बाल बच गए, जबकि आरोपी ने उनकी कार पर भी फायरिंग की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लाइसेंसी रिवाल्वर और चार खोखे बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, इंटर कॉलेज रोड हरिपुरकलां निवासी शिवम लिंगवाल ने 23 नवंबर को रायवाला कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि रात करीब 10 बजे धर्मपाल उर्फ मुन्ना उनके घर के सामने पहुंचा और वहां खड़ी उनकी मोटरसाइकिल तथा पड़ोसी की कार को लात मारने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि शिवम और उनकी बहन ने जब उसे गाली देने से मना किया तो वह आक्रामक हो गया और जेब से रिवाल्वर निकालकर उन पर फायरिंग कर दी। दोनों किसी तरह बाल-बाल बच गए। इसके बाद आरोपी ने उनकी कार संख्या वड08ळअ-9578 पर भी गोली चला दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ स्थानीय लोगों से पूछताछ की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 24 नवंबर को आरोपी धर्मपाल निवासी इंटर कॉलेज रोड, हरिपुरकलां को गिरफ्तार कर लिया।

देहरादून

संत रविदास के समरसता संदेश को धरातल पर उतार रही धामी सरकार : मुख्यमंत्री

650वीं जयंती वर्ष पर समरसता संकल्प यात्रा में शामिल हुए धामी

उत्तम भारत संवाददाता

धनौरी (हरिद्वार)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज ने समाज को समानता, समरसता और भाईचारे का संदेश दिया था। उनके विचार आज भी सामाजिक परिवर्तन की मजबूत आधारशिला हैं। उत्तराखंड सरकार संत रविदास के समरस समाज के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री मंगलवार को डॉ. पृथ्वी सिंह विकसित डिग्री कॉलेज, धनौरी में संत रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित समरसता संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक समरसता केवल भाषणों और नारों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह हमारे व्यवहार और कार्यशैली में भी दिखाई देनी चाहिए। इसी भावना के अनुरूप उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना, जहां समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की गई। इसके माध्यम से प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए समान कानून की व्यवस्था की गई है। जाति, पंथ और वर्ग के आधार पर कानून में कोई भेदभाव नहीं किया गया है।

छह वर्षों में जारी किए 239 करोड़ रुपये

धामी ने कहा कि अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों के विकास और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। अनुसूचित जाति उपयोजना और ट्राइबल सब प्लान के तहत पिछले छह वित्तीय वर्षों में करीब 239 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। विद्यार्थियों की शिक्षा आर्थिक तंगी के कारण प्रभावित न हो, इसके लिए पूर्वदशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पिछले तीन वित्तीय वर्षों में एक लाख से अधिक विद्यार्थियों को करीब 114 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत अनुसूचित जाति बहुल गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर उन्हें आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जा रहा है। वहीं, बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना के अंतर्गत देहरादून, अल्मोड़ा और नैनीताल में छात्रावासों का निर्माण कराया जा रहा है।

209 दंपतियों को एक करोड़ से अधिक की सहायता

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरजातीय विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार प्रत्येक पात्र दंपति को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दे रही है। पिछले तीन वर्षों में 209 दंपतियों को एक करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है। इसके अलावा शादी अनुदान योजना के तहत पात्र अनुसूचित जाति परिवारों की अधिकतम दो बेटियों के विवाह पर प्रति बेटी 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे बैंक खाते में उपलब्ध कराई जा रही है।

स्वच्छकारों की गरिमा और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता

धामी ने कहा कि स्वच्छकार भाई-बहनों की सुरक्षा, गरिमा और सम्मानजनक रोजगार सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए नमस्ते योजना संचालित की जा रही है। योजना के माध्यम से उन्हें असुरक्षित सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के कार्य से मुक्त करने के साथ स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संत रविदास के बताए मार्ग पर चलते हुए सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आधार है।

संतों और जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत

कार्यक्रम में महानिवार्णी अखाड़े के श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज, बाबा हठयोगी महाराज, स्वामी प्रबोधनंद गिरि महाराज, महंत अरुणदास महाराज, पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, कैबिनेट मंत्री खजान दास और प्रदीप बत्रा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी, रुड़की की मेयर अनीता अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान दायित्वधारी देशराज कर्णवाल और श्यामवीर सैनी, लाल सिंह आर्य, भोला सिंह, गजेंद्र यादव, आयुक्त गढ़वाल आनंद स्वरूप, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर और सीडीओ डॉ. ललित नारायण मिश्र समेत बड़ी संख्या में संत, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर रक्तदान शिविर महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाशोत्सव के पावन अवसर पर बाजपुर स्थित गुरुद्वारा साहिब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एचडीएफसी बैंक के सहयोग से सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंक द्वारा आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। शिविर का शुभारंभ गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा ने फीता काटकर किया। शिविर की खास बात यह रही कि पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान में भागीदारी की। रक्तदाताओं ने जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के उद्देश्य से स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक की ओर से पल्लवी और उनकी सहयोगी टीम ने सक्रिय सहयोग किया।



रक्तवीर डॉ. सौरभ परमार, सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंक के संचालक डॉ. संदीप दीक्षित तथा उनकी मेडिकल टीम ने चिकित्सकीय देखरेख में रक्तदान शिविर का सफल संचालन किया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी लोगों का उत्साहवर्धन किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहयोग करना है। रक्तदान से दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों का जीवन बचाने में मदद मिलती है। गौरतलब है कि श्री गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन में मानवता की सेवा, समानता, परोपकार और निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश दिया था। उनके प्रकाश पर्व पर आयोजित यह रक्तदान शिविर उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी, एचडीएफसी बैंक, सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंक और रक्तदाताओं की सामूहिक सहभागिता ने धार्मिक आस्था के साथ मानव सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

दुकानदार का सिम चोरी कर खाते से अज्ञात ने ढाई लाख रुपए उड़ाये

उत्तम भारत संवाददाता

नानकमत्ता (उधमसिंहनगर)। ग्राहक बनकर दुकान पर आए दो अज्ञान लोगों ने घर से सामान मनाने का बहाना कर दुकानदार का फोन लेकर उसे सिम चोरी कर लिया आरोपियों ने दुकानदार के खाते से लाखों रुपए की नगदी पर कर दी है। मंगलवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डोहरा सिसई खेड़ा निवासी प्रहलाद सिंह बिष्ट पुत्र केसर सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि 19 नवंबर को उनकी दुकान पर दो अज्ञात लोग आए जिन्होंने घर से सामान मंगवाने के बहाने उसका फोन ले लिया और धोखे से फोन में पड़े सिम कार्ड को निकाल लिया, पीड़ित का आरोप है कि अज्ञात दोनों लोगों द्वारा उसके खाते से दो लाख छियाषठ हजार (2,66000) निकल लिए हैं पीड़ित द्वारा उक्त घटना के संबंध में बैंक को भी मौखिक रूप से अवगत करा दिया गया है इधर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पत्रकार के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : स्वामी रसिक महाराज

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। बैकुंठ चतुर्दशी मेले में कवरेज के दौरान वरिष्ठ पत्रकार गंगा असनोड़ा थपलियाल के साथ पुलिस-प्रशासन द्वारा किए गए कथित दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने घटना पर नाराजगी जताते हुए इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर प्रहार बताया है। स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि पत्रकारिता का सम्मान लोकतंत्र का सम्मान है। किसी भी सार्वजनिक या धार्मिक आयोजन में पत्रकारों को कवरेज से रोकना अथवा उनके साथ अभद्र व्यवहार करना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वरिष्ठ पत्रकार को कवरेज से रोकने के निर्देश किसने दिए।



उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज बनकर जनहित के मुद्दों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाते हैं। ऐसे में उनके साथ अपमानजनक व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सवाल खड़े करता है।

स्वामी रसिक महाराज ने श्रीनगर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से मामले का संज्ञान लेने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि जांच में किसी पुलिसकर्मी या अधिकारी की भूमिका दोषपूर्ण पाई जाती है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को भयमुक्त वातावरण में काम करने और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का अधिकार मिलना चाहिए।

बैकुंठ चतुर्दशी मेले में लोकसंस्कृति और राष्ट्रीय चेतना का संगम, भव्य झांकियों ने मोहा मन

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। बैकुंठ चतुर्दशी मेला एवं विकास प्रदर्शनी-2026 के दूसरे दिन ऐतिहासिक गोला बाजार में लोकसंस्कृति, राष्ट्रीय चेतना और विद्यार्थियों की प्रतिभा का शानदार संगम देखने को मिला। विद्यालयी सामूहिक परेड, बैंड प्रतियोगिता और भव्य झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने उत्तराखंड की लोकपरंपराओं के साथ देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत और विकसित भारत का संदेश प्रस्तुत किया।

मेले के तहत आयोजित शोभायात्रा में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, नगर निगम की महापौर आरती भंडारी सहित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम स्थल पर कैबिनेट मंत्री ने सामूहिक परेड की सलामी ली और विद्यार्थियों के अनुशासन, उत्साह एवं शानदार प्रदर्शन की सराहना की। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को सम्मानित भी किया गया। झांकियों में कुमाऊं के छोलिया नृत्य, हिमाचल, हरियाणा और पंजाब की लोकसंस्कृति के साथ भरतनाट्यम, कथक और लावणी जैसी नृत्य शैलियों की आकर्षक प्रस्तुतियां देखने को मिलीं। मां नंदा, मां धारी देवी, महासू देवता, चारधाम यात्रा, भगवान शिव की बारात, रम्माण, कृष्ण लीला और महाभारत जैसे धार्मिक विषयों के साथ बेटी बचाओ-पहाड़ बचाओ, स्वच्छ भारत मिशन, जय जवान-जय किसान और विकसित भारत जैसे सामाजिक संदेश भी झांकियों के माध्यम से दिए गए।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि बैकुंठ चतुर्दशी मेला श्रीनगर की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है। ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का काम करते हैं। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि परेड अनुशासन, सामूहिकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है, जबकि झांकियां उत्तराखंड की गौरवशाली परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। मेले को डिजिटल मंच पर पहचान दिलाने के लिए आयोजित रील ऑफ द डे और फोटो ऑफ द डे प्रतियोगिता के विजेताओं की भी घोषणा की गई। 22 नवंबर को रील प्रतियोगिता में किरण भट्ट डिमरी और फोटो प्रतियोगिता में सौरभ रमोला विजेता रहे। वहीं 23 नवंबर को रील ऑफ द डे का खिताब सौरभ रमोला तथा फोटो ऑफ द डे का पुरस्कार संजना नेगी ने हासिल किया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त मेजर कर्ण सिंह रावत, नगर आयुक्त नुपुर वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी रावत, भाजपा जिला महामंत्री गणेश भट्ट, नगर निगम के पार्षद, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



टनकपुर-बागेश्वर और बागेश्वर-कर्णप्रयाग हाईवे को मिलेगी रफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय और सीमांत क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर प्रदेश की प्रमुख सड़क परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया है। टनकपुर-बागेश्वर और बागेश्वर-कर्णप्रयाग मार्गों के चौड़ीकरण की डीपीआर तैयार हो चुकी है। दोनों परियोजनाओं को वर्ष 2027-28 में स्वीकृति देने का लक्ष्य रखा गया है।

केंद्रीय मंत्री के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-09 के तहत टनकपुर से जौलजीबी तक 183 किलोमीटर सड़क का दो लेन चौड़ीकरण पूरा हो चुका है। चम्पावत बाईपास का कार्य प्रगति पर है, जबकि लोहाघाट और पिथौरागढ़ बाईपास के शेष कार्यों को 2027-28 में मंजूरी देने का लक्ष्य है।

वहीं, जौलजीबी से बागेश्वर तक करीब 190 किलोमीटर मार्ग के विकास की योजना है। जौलजीबी-बंगापानी के 29 किलोमीटर हिस्से का कार्य स्वीकृत हो चुका है, जबकि बंगापानी से बागेश्वर तक करीब 160 किलोमीटर सड़क की डीपीआर तैयार है। बागेश्वर से कर्णप्रयाग तक 108 किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण की डीपीआर भी पूरी हो चुकी है।

ऋषिकेश से उत्तरकाशी तक 143 किलोमीटर सड़क का दो लेन चौड़ीकरण पूरा हो गया है। उत्तरकाशी से गंगोत्री तक 100 किलोमीटर मार्ग में 14 किलोमीटर का कार्य स्वीकृत है और शेष 86 किलोमीटर के लिए 2027-28 में मंजूरी का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही पर्यटन, व्यापार और सामरिक दृष्टि से भी उत्तराखंड को लाभ होगा।

सुमाड़ी में 2027 से शुरू होंगी एनआईटी की कक्षाएं : डॉ.धन सिंह रावत

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में उच्च शिक्षा और आधुनिक बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में श्रीनगर विधानसभा के सुमाड़ी क्षेत्र के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं श्रीनगर विधायक डॉ.धन सिंह रावत ने घोषणा की है कि सुमाड़ी में निमार्णाधीन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के स्थायी परिसर में वर्ष 2027 तक कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रीनगर विधानसभा को शिक्षा के प्रमुख केंद्र (एजुकेशन हब) के रूप में विकसित करना उनका संकल्प और प्राथमिकता है। मंगलवार को कैबिनेट मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने सुमाड़ी गांव एवं निमार्णाधीन एनआईटी परिसर में बैठक कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने महिला मंगल दलों को सांस्कृतिक सामग्री वितरित की। सुमाड़ी के साथ-साथ खालू और चमराड़ा गांवों के महिला मंगल दलों को भी सांस्कृतिक सामग्री प्रदान की गई। एनआईटी परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए डॉ.रावत ने कहा कि सुमाड़ी में एनआईटी का स्थायी परिसर क्षेत्र की शैक्षणिक पहचान को नई ऊंचाई देगा। वर्ष 2027 तक यहां विधिवत कक्षाएं शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही सुमाड़ी में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से खेल मैदान,आधुनिक ऑडिटोरियम,मॉल सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का विकास प्रस्तावित है,जिससे क्षेत्र में शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि एनआईटी परिसर में बिजली और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है। संस्थान तक सुगम आवागमन के लिए डबल लेन सड़क का निर्माण कराया जाएगा। प्रथम चरण में 1,500 छात्र-छात्राओं की क्षमता वाला छात्रावास बनाया जाएगा। ग्रामीणों की मांग पर इंटर कॉलेज के नए भवन के निर्माण की भी बात कही गई,जिस पर लगभग 1 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त सुमाड़ी गांव के शेष नौ परिवारों को भी आवास उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। डॉ.रावत ने कहा कि क्षेत्र का विकास केवल सड़कों और भवनों तक सीमित नहीं है,बल्कि शिक्षा,खेल,सांस्कृतिक गतिविधियों और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के साथ युवाओं के लिए नए अवसर तैयार करना भी उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोहन काला ने कहा कि सुमाड़ी में एनआईटी का निर्माण कैबिनेट मंत्री डॉ.धन सिंह रावत के प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में डॉ.रावत को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बने मोहन काला का स्वागत करते हुए कहा कि उनके भाजपा में शामिल होने से पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिली है। बैठक में एनआईटी निदेशक विवेक श्रीवास्तव,भाजपा जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोहन काला,विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत नियुक्त जिला प्रभारी अजय राणा,जिला महामंत्री गणेश भट्ट,ब्लॉक प्रमुख अनिल भण्डारी,मंडल अध्यक्ष मीना गैरोला,क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरजीत,ग्राम प्रधान कृष्णा देवी,विकास पंत,अजब सिंह रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व ग्राम प्रधान सत्यजीत बहुगुणा ने किया।



कमलेश्वर मंदिर में आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। ऐतिहासिक कमलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मंगलवार को आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर धार्मिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया।



स्वयंसेवकों ने कहा कि मंदिर हमारी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना के केंद्र हैं। इनकी स्वच्छता और संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का आह्वान किया। अभियान में मंजू, वीना डंगवाल, बीना नेगी, कृष्णा गैरोला, सुषमा गोस्वामी, बिन्दिया, उर्मिला पाण्डेय, सुषमा कैंतुरा, रुद्रांश शाह, नरेश उनियाल, डॉ. के.के. गुप्ता, आधार बहुगुणा और प्रदीप बिष्ट सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

करौली शंकर के इस्तीफे पर नया उदासीन अखाड़े का पलटवार

हरिद्वार (एजेंसी)। करौली शंकर महाराज की ओर से श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण के महामंडलेश्वर पद से स्वेच्छा से त्यागपत्र देने संबंधी बयान सामने आने के बाद अखाड़े ने पलटवार किया है। अखाड़े के कोठारी नितिन दास महाराज ने मीडिया में लगाए गए आरोपों को मिथ्या, निरर्थक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। अखाड़े में पत्रकारों से वार्ता करते हुए नितिन दास महाराज ने कहा कि यदि करौली शंकर महाराज को महामंडलेश्वर पद से त्यागपत्र देना था तो उन्हें अखाड़े के पदाधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर अपनी बात रखनी चाहिए थी। मीडिया के माध्यम से त्यागपत्र की घोषणा करना उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में अखाड़े की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में श्रीचंद्र मंदिर में भगवान श्रीचंद्र के समक्ष करौली शंकर महाराज ने स्वयं को प्रतिष्ठित किया और उपस्थित जनसमुदाय से अपनी पूजा कराई। मंदिर परिसर में दानपात्र भी रखे गए। नितिन दास के अनुसार, इस आयोजन में उदासीन संप्रदाय और पंच परंपरा के निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया।

देवप्रयाग विधानसभा को 7.92 करोड़ की विकास सौगात

उत्तम भारत संवाददाता

देवप्रयाग/श्रीनगर गढ़वाल। देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी के प्रयासों से मंजाकोट-बंदासा-गलिया मोटर मार्ग के निर्माण एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। कुल 6.5 किलोमीटर लंबाई वाले इस मोटर मार्ग के निर्माण और अनुरक्षण के लिए 792.34 लाख रुपये यानी लगभग 7.92 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

मोटर मार्ग के शिलान्यास से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से बेहतर सड़क सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे ग्रामीणों को अब आवागमन की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। इस सड़क के निर्माण से दूरस्थ गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से बेहतर होगा और विद्यार्थियों, किसानों, बुजुर्गों तथा मरीजों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सड़क सुविधा बेहतर होने से स्थानीय किसानों और ग्रामीणों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में भी आसानी होगी।



इससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ही सामाजिक और शैक्षिक विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है। विधायक विनोद कंडारी ने देवप्रयाग विधानसभा के दूरस्थ क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी है। मंजाकोट-बंदासा-गलिया मोटर मार्ग का शिलान्यास इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुंवर, मंडल अध्यक्ष कुलदीप रावत, ग्राम प्रधान मंजू राणा, ज्येष्ठ प्रमुख जगत नारायण रतूड़ी, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, मातृशक्ति, युवा शक्ति सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस विकास कार्य के लिए विधायक विनोद कंडारी का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आवागमन व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा।

पौड़ी में अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा, चप्पे-चप्पे पर सघन चेकिंग और सत्यापन अभियान तेज

संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर पुलिस की पैनी नजर

उत्तम भारत संवाददाता

पौड़ी/श्रीनगर गढ़वाल। जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पौड़ी पुलिस ने सघन चेकिंग एवं सत्यापन अभियान तेज कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमें लगातार सक्रिय हैं। प्रमुख मार्गों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, संवेदनशील क्षेत्रों और जनपद के प्रवेश एवं निकास मार्गों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही है।



अभियान के तहत पुलिस बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों और बिना पुलिस सत्यापन के रह रहे लोगों की जानकारी जुटाकर उनका सत्यापन कर रही है। साथ ही मकान मालिकों से अपने यहां रहने वाले किरायेदारों और बाहरी व्यक्तियों का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराने की अपील की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों की पहचान कर समय रहते उन पर अंकुश लगाना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। वहीं, सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने के लिए भी पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन दौड़ाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। दोपहिया वाहनों पर चालक के साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों, चालकों की पहचान और संदिग्ध वस्तुओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस की टीमें विभिन्न क्षेत्रों में लगातार गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं। पौड़ी पुलिस ने आमजन से अभियान में सहयोग करने, किरायेदारों एवं प्रतिष्ठानों में कार्यरत बाहरी व्यक्तियों का पुलिस सत्यापन कराने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस ने लोगों से किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल नजदीकी थाने को देने का भी आग्रह किया है। पुलिस के अनुसार, यह अभियान जनपद में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने और नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से लगातार जारी रहेगा।

मोरी के पवाणी गांव में आवासीय भवन में भीषण आग, राहत-बचाव टीमें रवाना

उत्तम भारत संवाददाता

उत्तरकाशी। जनपद के सीमांत विकासखंड मोरी की ग्राम पंचायत पवाणी में मंगलवार शाम एक आवासीय भवन में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। दुर्गम क्षेत्र में स्थित गांव तक पहुंचने में राहत एवं बचाव दल को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा और फायर सर्विस की टीमों को आवश्यक उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया। गांव में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण घटनास्थल से संपर्क स्थापित नहीं हो पा रहा है।



जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र (डीईओसी) की ओर से जारी आधिकारिक आपदा आख्या के अनुसार जिलाधिकारी प्रशांत आर्य को मिली सूचना के बाद मंगलवार शाम करीब 4:49 बजे तहसील मोरी के अंतर्गत ग्राम पवाणी में आवासीय भवन में आग लगने की जानकारी मिली। इसके बाद आपातकालीन परिचालन केंद्र ने तत्काल राहत एवं बचाव की कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव तक सड़क मार्ग से पहुंचने के बाद भी करीब 300 से 400 मीटर की दूरी पैदल तय करनी होगी। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के साथ क्षेत्र में नेटवर्क नहीं होने से राहत दलों का संपर्क स्थापित करने में परेशानी आ रही है। स्थानीय ग्रामीणों की ओर से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। रिपोर्ट में एसडीआरएफ और पुलिस की टीमों के साथ स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी का उल्लेख है। राजस्व, चिकित्सकीय और पशु चिकित्सकीय टीमें भी मौके के लिए रवाना की जा चुकी हैं। राजस्व टीम प्रभावित परिवार के लिए खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था कर रही है।

डीएम और आपदा प्रबंधन अधिकारी कंट्रोल रूम में मौजूद

अग्निकांड की सूचना के बाद जिलाधिकारी और आपदा प्रबंधन अधिकारी आपातकालीन परिचालन केंद्र में मौजूद रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। प्रभावित परिवारों के लिए टेंट और अन्य आवश्यक राहत सामग्री तैयार की जा रही है। प्रशासन की ओर से घटनास्थल पर टीमों के पहुंचने और आग पर नियंत्रण की स्थिति की जानकारी जुटाई जा रही है।

आधिकारिक आपदा आख्या में फिलहाल जनहानि, पशुहानि, प्रभावित परिवारों की संख्या और निजी एवं सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान का विवरण दर्ज नहीं है। आग लगने के कारणों की भी पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन के अनुसार मौके पर पहुंचने वाली टीमों की रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने कहा कि ग्राम पंचायत पवाणी में आग लगने की दुखद सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराया। इसके बाद प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव से जुड़ी टीमें घटनास्थल के लिए रवाना कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं।

प्रीतम सिंह ने जताई चिंता

चकराता विधायक एवं उत्तराखंड चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने भी पवाणी गांव में हुए अग्निकांड पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी जनपद के सीमांत विकासखंड मोरी के पावनी गांव में भीषण अग्निकांड की घटना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। उन्होंने ईश्वर से सभी ग्रामवासियों की सुरक्षा की कामना करते हुए प्रभावित परिवारों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी जरूरी: डॉ. शैलेन्द्र

देहरादून (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के उत्तराखंड प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि प्रदेश में विकास के साथ पर्यावरण, सांस्कृतिक विरासत और पर्वतीय क्षेत्रों की विशिष्ट परिस्थितियों का संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने तीर्थाटन और पर्यटन को अलग-अलग पहचान देने की आवश्यकता बताई।

मंगलवार को विश्व संवाद केंद्र देहरादून एवं विद्योत्तमा विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में 15 तिलक रोड स्थित संघ के प्रांत कार्यालय में हिमालय हुंकार पाक्षिक पत्रिका के दीपावली विशेषांक ह्यउत्तराखंड और विकसित भारतह्ण का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में उत्तराखंड की महत्वपूर्ण भूमिका है। सड़क, रेल और हवाई संपर्क के साथ शिक्षा, रक्षा, ऊर्जा और पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड चारधाम और आध्यात्मिक विरासत के साथ राष्ट्रीय महत्व के शैक्षणिक और सामरिक संस्थानों के कारण भी महत्वपूर्ण है। धार्मिक यात्राओं की संख्या बढ़ने से होटल, होमस्टे और स्थानीय कारोबार को लाभ मिल रहा है, लेकिन तीर्थस्थलों की पवित्रता बनाए रखना भी जरूरी है। तीर्थाटन और सामान्य पर्यटन के उद्देश्यों को अलग-अलग समझाने की आवश्यकता है। उत्तराखंड आने वाले प्रत्येक यात्री को देवभूमि में देवत्व की अनुभूति होनी चाहिए।

पर्वतीय क्षेत्रों में अनियोजित निर्माण पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि पहाड़ों की पारंपरिक निर्माण शैली और पर्यावरणीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर ही भवन निर्माण होना चाहिए। दो मंजिला निर्माण के अनुकूल क्षेत्रों में सात-आठ मंजिला इमारतें खड़ी होना गंभीर विषय है। विकास के नाम पर प्रकृति और स्थानीय परिस्थितियों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा कि देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी और रुद्रपुर जैसे शहरों में आबादी बढ़ रही है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों के अनेक गांव खाली हो रहे हैं। सीमांत गांवों को आबाद रखने के लिए वहां रोजगार और बुनियादी सुविधाएं बढ़ानी होंगी। आयुष, कृषि, बागवानी और छोटे उद्योगों को प्रोत्साहित कर स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर पैदा किए जा सकते हैं। नेपाल और चीन से लगी उत्तराखंड की सीमाओं का सामरिक महत्व भी इसे महत्वपूर्ण बनाता है।

जोशीमठ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आपदा के बाद वहां के बाजार और कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ा है। प्रभावित लोगों को मुआवजा मिलने के बावजूद स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को फिर से मजबूत करने की जरूरत है।

नई पीढ़ी में महापुरुषों और देश के वास्तविक नायकों के प्रति जानकारी एवं सम्मान बढ़ाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और चंद्रशेखर आजाद जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से बच्चों को परिचित कराना जरूरी है। उत्तराखंड की लोक संस्कृति, लोकभाषाओं और लोक कलाकारों के संरक्षण में भी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है।

डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि उत्तराखंड के विकास में मातृशक्ति, सैनिकों, पूर्व सैनिकों, किसानों, श्रमिकों और सामाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और ग्राम विकास जैसे विषयों पर समाज की सामूहिक भागीदारी से ही संतुलित विकास संभव है।

इस अवसर पर उत्तराखंड की प्रेरक विभूतियों के जीवन, संघर्ष, त्याग और राष्ट्रसेवा पर आधारित डॉ. रक्षा रतूड़ी के काव्य संग्रह ह्यगढ़ ज्योतिह्ण का भी विमोचन किया गया। पुस्तक में उत्तराखंड की 21 महान विभूतियों के जीवन और योगदान को कविताओं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इनमें वीरांगना तीलू रौतेली, श्रीदेव सुमन, गौरा देवी, सुंदरलाल बहुगुणा और जनरल बिपिन रावत सहित अनेक प्रेरक व्यक्तित्व शामिल हैं। काव्य संग्रह का उद्देश्य प्रदेश की गौरवशाली विरासत और महान विभूतियों के योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराना है।

देहरादून स्थित विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष सुरेन्द्र मित्तल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार और अत्याचार का प्रतिकार करते हुए प्रकाश, ज्ञान, प्रज्ञा और सदाचार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने डॉ. शैलेन्द्र के संबोधन को महत्वपूर्ण, सारगर्भित और व्यवहारिक विषयों से परिपूर्ण बताया।

उन्होंने विशेषांक में वरिष्ठ लेखकों के साथ नए लेखकों को भी अवसर दिए जाने की सराहना की। विशेषांक में उत्तराखंड के विकास, सामाजिक-सांस्कृतिक सरोकारों और विकसित भारत की संकल्पना से जुड़े विभिन्न विषयों को स्थान दिया गया है।

नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले के बाद प्रशासन का बुलडोजर एक्शन

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र के कटघरिया स्थित त्रिशूल होमस्टे में नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर किए गए अवैध निर्माण को मंगलवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान होमस्टे के किचन और स्टोर को तोड़ा गया। इससे पहले प्रशासन और पर्यटन विभाग की संयुक्त टीम होमस्टे को सील कर चुकी थी।



सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम के निर्देश पर प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जांच में सामने आया था कि त्रिशूल होमस्टे का कुछ हिस्सा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाया गया है। इसके बाद प्रशासन ने अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

गौरतलब है कि कटघरिया स्थित इसी होमस्टे में नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया था। परिजनों की शिकायत पर मुखानी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने इस मामले में धीरज बिष्ट, नितिन पाल, अंश खत्री और हिमांशु गोनी को गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तार आरोपियों में शामिल धीरज बिष्ट वर्ष 2026 में एमबीपीजी कॉलेज के छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी की ओर से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी भी रहा था। पुलिस जांच में यह तथ्य भी सामने आया था कि होमस्टे में पहचान पत्रों की समुचित जांच किए बिना कमरे उपलब्ध कराए गए थे। इसके बाद होमस्टे प्रबंधन की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन और पर्यटन विभाग ने पहले ही होमस्टे को सील कर दिया था। अब सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई से प्रशासन ने अवैध निर्माण के विरुद्ध सख्त रुख अपनाने का संदेश दिया है।

नई टिहरी के बौराडी गुरुद्वारा में धूमधाम से मनाया 557 वां प्रकाश पर्व

नई टिहरी (एजेंसी)। जिला मुख्यालय के बौराड़ी स्थित टीला साहिब गुरुद्वारे में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव का 557 वां प्रकाश पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया गया। शबद-कीर्तन से गुरुद्वारा परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की और गुरु नानक देव के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आज गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष राकेश लांबा ने कहा कि गुरु नानक देव ने समाज को एकता, समानता, सत्य, ईमानदारी और मानव सेवा का संदेश दिया। उन्होंने जाति-पाति, ऊंच-नीच और धार्मिक भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवा को सर्वोपरि बताया। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर सचिव चंद्र अरोड़ा, डॉ. अजय बाली, मनीष सोनी, प्रदीप नंदराजोग, पुरुषोत्तम सिंह, सतनाम सिंह, हरिकृष्ण लांबा, देव प्रकाश सोनी, मोहन सिंह, सतीश अरोड़ा, राजकुमार नंद्राजोग, जसबिंदर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुलदीप पंवार, मंडल अध्यक्ष विजय कठैत, उर्मिला राणा, नरेंद्र रमोला, भगवान चंद रमोला, सबल सिंह चौहान, मनमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

हरकी पैड़ी पहुंची सिख संगत, ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा लौटाने की मांग दोहराई

हरिद्वार (एजेंसी)। गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सिख संगतों ने एक बार फिर हरकी पैड़ी पहुंचकर गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी साहिब को सिख समाज को वापस सौंपने की मांग उठाई। गुरु नानक देव धर्म प्रचार समिति के अध्यक्ष सूबा सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में सिख समाज के लोगों ने हरकी पैड़ी पहुंचकर मां गंगा में स्नान किया और पाठ-अरदास कर गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी साहिब की पुनर्स्थापना की कामना की। सूबा सिंह ढिल्लों ने कहा कि गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी साहिब के लिए हरकी पैड़ी पहुंचने के प्रयासों के दौरान उन्हें हर बार रोक दिया जाता था, लेकिन इस बार वे हरकी पैड़ी पहुंचने में सफल रहे। उन्होंने गंगा स्नान के बाद गुरु साहिब के चरणों में अरदास कर सभी की सुख-शांति और भलाई की कामना की।

समिति के सचिव अनूप सिंह सिद्धू ने कहा कि गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी साहिब सिख धर्म की आस्था का प्रमुख प्रतीक है। सिख समाज हमेशा सभी धर्मों और वर्गों को साथ लेकर चलता है तथा समाज के हर वर्ग के सहयोग के लिए तत्पर रहता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि ज्ञान गोदड़ी साहिब के मामले का जल्द समाधान कर गुरुद्वारा सिख समाज को वापस सौंपा जाए। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर सिख संगठन हरिद्वार पहुंचकर ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारे की मांग उठाते रहे हैं। पूर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संगठनों के प्रतिनिधियों को सीमा पर ही रोक दिया जाता था। इस बार सिख संगठनों ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए अलग-अलग रास्तों से हरकी पैड़ी पहुंचने में सफलता हासिल की। हालांकि, विवादित ज्ञान गोदड़ी स्थल पर प्रशासन ने एहतियातन एक दिन पहले से ही निगरानी और पहरा बढ़ा दिया था।

अवैध पार्किंग और ओवरलोडिंग पर परिवहन विभाग का शिकंजा

हरिद्वार (एजेंसी)। सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान 42 वाहनों के 44 चालान किए गए, जबकि दो मालवाहक वाहनों को सीज कर दिया गया। कार्रवाई की जद में 19 बसें भी आईं।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर एआरटीओ (प्रशासन) निखिल शर्मा और एआरटीओ (प्रवर्तन) नेहा झा के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान कश्यप आश्रम, ऋषिकुल, मायापुर और राष्ट्रीय राजमार्ग पर जांच की गई। इस दौरान यातायात में बाधा डालने और नो स्टॉपिंग जोन में वाहन खड़े करने पर 19 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बसों की जांच में तीन बसों के आपातकालीन द्वार निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिले, जबकि तीन बसों में क्षमता से अधिक यात्री सवार पाए गए। दो बसों में अनधिकृत बदलाव भी मिले। इसके अलावा परमिट, वाहन कर और अन्य जरूरी दस्तावेजों में अनियमितता मिलने पर चालान किए गए।



वहीं, बकाया कर, बीमा और फिटनेस संबंधी अनियमितताओं पर दो मालवाहक वाहनों को सीज किया गया। श्यामपुर क्षेत्र में निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले सात वाहनों के भी चालान किए गए।

अभियान में परिवहन कर अधिकारी रवीन्द्र पाल सैनी और परिवहन उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार शामिल रहे। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों और स्वामियों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने, गति सीमा का पालन करने और यात्री सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

विधि विधान के साथ छह माह को बंद हुए लाटू धाम के कपाट

गोपेश्वर (एजेंसी)। चमोली जिले के देवाल ब्लॉक के वाण गांव स्थित लाटू देवता मंदिर के कपाट मंगलवार को विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। यह कपाटबंदी छह माह के लिए हुई है और अब मंदिर बैसाख की पूर्णिमा को फिर से खुलेगा।

मंगलवार सुबह मंदिर के पुजारी खीम सिंह ने आंखों पर पट्टी बांधकर मंदिर में प्रवेश किया। उन्होंने दीया जलाया। इसके बाद मंदिर के मुख्य कपाट बंद कर दिए गए। कपाट बंद होते ही पूरा क्षेत्र लाटू के जयकारों से गूंज उठा। राजजात समिति वाण के अध्यक्ष हीरा गढवाली ने बताया कि मंदिर के कपाट छह माह बाद बैसाख की पूर्णिमा को खुलेंगे। इस अवसर पर मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान हवन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया गया।



लाटू देवता मंदिर आज भी श्रद्धालुओं के लिए एक रहस्य बना हुआ है। पुजारी खीम सिंह ने बताया कि मंदिर में पुजारी के अलावा कोई प्रवेश नहीं करता है। मान्यता है कि मंदिर के अंदर नागमणि विराजमान है। जिसे देखकर आंखों की रोशनी जा सकती है। इसलिए श्रद्धालु मंदिर से करीब 12 मीटर बाहर से ही पूजा करते हैं। इस दौरान पंडित रमेश कुनियाल, नवीन चंद्र, वाण की प्रधान नंदुली देवी, बीडीसी मेंबर हेमा देवी, महाबीर बिष्ट, संदीप कुमार आर्य, गौरी खत्री, मोहन गांववासी, हीरा गढवाली, कृष्णा बिष्ट, हीरा पहाड़ी, हीरा बुग्याली, मनोज पाल, मदन मोहन, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहे।

मंझाकोट-बदासा-गल्याली मोटर मार्ग का शिलान्यास, 7.92 करोड़ से बनेगा मोटर मार्ग

नई टिहरी (एजेंसी)। देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मंझाकोटझबदासाझगल्याली मोटर मार्ग के निर्माण एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य का शिलान्यास विधायक विनोद कंडारी ने किया।

मंगलवार को 6.5 किलोमीटर लंबी उक्त सड़क के निर्माण के लिए 7.92 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। विधायक कंडारी ने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र के गांवों को बेहतर यातायात सुविधा मिलने के साथ ग्रामीणों की आवाजाही सुगम होगी।

मोटर मार्ग बनने से विद्यार्थियों, किसानों, बुजुर्गों और मरीजों को आवागमन में राहत मिलेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री नरेंद्र कुंवर, मंडल अध्यक्ष कुलदीप रावत, महेंद्र पंवार, बीडीसी अवतार पंवार, प्रधान मंजू देवी राणा, महेंद्र पंवार, अमरजीत, मुकेश कठैत, बलवीर राणा, इंद्रमणि लाल, धनवीर राणा और नीरज रतूड़ी मौजूद रहे।

केन्द्रीय विद्यालय के लिए अप्रोच रोड एक माह में करें तैयार: डीएम

नई टिहरी (एजेंसी)। जिला मुख्यालय में केंद्रीय विद्यालय के नवीन परिसर में भवन निर्माण का अधिकांश काम पूरा हो चुका है। भावी वहां आवाजाही के लिए अप्रोच रोड का निर्माण अभी शेष है। डीएम नितिका खंडेलवाल ने नव निर्मित केंद्रीय विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर निर्माणदायी संस्था को एक माह के भीतर अप्रोच रोड का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल मैदान और बास्केटबॉल व वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण भी निर्धारित समयसीमा में पूरा करने को कहा।

डीएम नितिका ने निरीक्षण के दौरान बताया गया कि विद्यालय परिसर में खेल मैदान और दोनों खेल कोर्ट के साथ अप्रोच रोड का निर्माण होना बाकी है। उन्होंने भवन की शेष फिनिशिंग और अन्य कमियों को प्राथमिकता से दूर करने के निर्देश दिए।



कहा कि विद्युत और अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन निकास, सीढ़ियों, रेलिंग और फर्श की स्थिति का विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यार्थियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के साथ सभी मूलभूत सुविधाएं विद्यालय संचालन से पहले पूरी तरह व्यवस्थित की जाएं। उन्होंने प्रभारी प्रधानाचार्य मोनिका बजाज को विद्यालय शिफ्टिंग की तैयारियां पूरी रखने को कहा। सुझाव दिया कि पहले चरण में कक्षा 10वीं और 12वीं की कक्षाएं नए परिसर में संचालित की जाएं। इसके बाद अन्य कक्षाओं को भी चरणबद्ध तरीके से स्थानांतरित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

विद्यालय परिसर के समीप संचालित गौशाला का निरीक्षण करने पर पता चला कि निर्माण कार्य से निकले मलबे के कारण गायों के जंगल में चुगान के लिए जाने वाला रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। डीएम ने निर्माणदायी संस्था के प्रतिनिधियों को रास्ते को शीघ्र चाक-चौबंद करने को कहा।

तिलवाड़ा से रवाना हुए साइकिलिस्ट, 658 किमी की रेस में देश-विदेश के प्रतिभागी शामिल

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड राज्य स्थापना की 26वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित पांचवें अल्टीमेट उत्तराखंड हिमालयन एमटीबी चैलेंज-2026 के अगले चरण का मंगलवार को रुद्रप्रयाग जिले के तिलवाड़ा से शुभारंभ हुआ। कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी और जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने सुबह जीएमवीएन तिलवाड़ा से साइकिलिस्टों को फ्लैग ऑफ कर टिहरी जिले की कोटी कॉलोनी के लिए रवाना किया।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में इस तरह के साहसिक खेल आयोजन प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता, पर्यटन स्थलों और साहसिक पर्यटन की संभावनाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाते हैं। राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां और प्राकृतिक परिवेश माउंटेन साइकिलिंग जैसे खेलों के लिए अनुकूल हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को साहसिक खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ ही उत्तराखंड की विशिष्ट पहचान को मजबूत करते हैं।

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के सफल आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुरक्षित सफर की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां भी प्रोत्साहित होती हैं।

प्रतियोगिता के पांचवें संस्करण में देश-विदेश के साइकिलिस्ट 658 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण दूरी तय कर रहे हैं। रेस के विभिन्न पड़ाव उत्तराखंड के पर्वतीय मार्गों से होकर गुजर रहे हैं। इससे प्रतिभागियों को प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता, भौगोलिक विविधता और दुर्गम पहाड़ी रास्तों का अनुभव करने का अवसर मिल रहा है। आयोजन का उद्देश्य उत्तराखंड को साहसिक पर्यटन और माउंटेन साइकिलिंग के प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करना और प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं को व्यापक स्तर पर प्रचारित करना है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे, तहसीलदार जगदीश नेगी, साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक वीएन सिंह, संयुक्त सचिव शैलेंद्र पाठक और प्रसन्ना राउत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर प्रशासन अलर्ट, सीसीटीवी से घाटों पर नजर

हरिद्वार (एजेंसी)। कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए घाटों से लेकर प्रमुख मार्गों तक सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखी गयी। सोमवार को गढ़वाल मंडल आयुक्त आनंद स्वरूप और जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मेला नियंत्रण भवन (सीसीआर) स्थित मेला कंट्रोल रूम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हरकी पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों और प्रमुख स्नान स्थलों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही और भीड़ की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से यातायात, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी के जरिए लगातार निगरानी रखी जाए। कहीं भी भीड़ का दबाव बढ़ने पर तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। आनंद स्वरूप ने कहा कि स्नान पर्व के दौरान सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें। श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम स्नान कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वहीं, डीएम मयूर दीक्षित ने जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं पर नजर रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के साथ श्रद्धालुओं का आवागमन सुचारु रखा जाए। पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। कंट्रोल रूम को भी प्रत्येक महत्वपूर्ण गतिविधि की नियमित जानकारी उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन ने स्नान पर्व के दौरान सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर सभी व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी के निर्देश दिए हैं।

पौड़ी में सघन चेंकिग अभियान में संदिग्धों पर नजर

पौड़ी गढ़वाल (एजेंसी)। जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पौड़ी पुलिस ने सघन चेकिंग एवं सत्यापन अभियान तेज कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमें लगातार निगरानी कर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही हैं। एसएसपी सर्वेश पंवार ने बताया कि अभियान के तहत प्रमुख मार्गों, जनपद के प्रवेश एवं निकास मार्गों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चेकिंग की जा रही है। पुलिस बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों और बिना सत्यापन रह रहे लोगों की जानकारी जुटा रही है। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं, सड़क सुरक्षा को लेकर भी पुलिस सख्ती बरत रही है। चेकिंग के दौरान दोपहिया वाहनों पर चालक और पीछे बैठने वाले व्यक्ति को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा वाहनों के जरूरी दस्तावेजों और चालकों की पहचान की जांच भी की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा।

मखमली बुग्याल, पल-पल बदलता मौसम व हिमालय से साक्षात्कार

नई टिहरी (एजेंसी)। शीतकालीन पर्यटन के लिए टिहरी जिले का पंवाली-कांठा बुग्याल क्षेत्र आकर्षक और एडवेंचर युक्त पर्यटन स्थल है। समुद्र तल से करीब 3400 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यहां के मखमली बुग्याल बरबस की पर्यटकों को अपनी ओर खींचते हैं। शांत पहाड़ी वादियां, पल-पल बदलता मौसम, मखमली घास व बुग्याल, सामने हिमालय का दीदार इसे और भी आकर्षक बना देता है। एडवेंचर और ट्रैकिंग के शौकीनों के लिए यह किसी सपने से कम नहीं है।

भिलंगना ब्लॉक के दूरस्थ घुत्तू क्षेत्र स्थित पंवाली कांठा की यात्रा केवल एक ट्रैकिंग रूट है बल्कि प्रकृति से सीधा रूबरू होने का भी माध्यम है। घनसाली कस्बे से शुरू होने वाला यह ट्रैक मेंडू सिंधवाल गांव और माटिया बुग्याल जैसे प्रमुख पड़ावों से होकर गुजरता है। रास्ते में जंगलों की ठंडी हवा, कलकल बहते झरने, कहीं छोटे प्राकृतिक ताल और कहीं मखमली घास से ढके खुले मैदान यात्रियों को अपनी ओर खींच लाते हैं।

दूर-दूर तक फैली पर्वत श्रृंखलाएं, खुले आसमान के नीचे बुग्यालों की विशालता और मौसम साफ होने पर बर्फ से ढकी हिमालयी चोटियों के दृश्य इस यात्रा को यादगार बना देते हैं। यहां की शांति, स्वच्छ हवा और प्राकृतिक सौंदर्य शहरी जीवन की भागदौड़ से दूर एक अलग अनुभव प्रदान करते हैं।पंवाली कांठा उन लोगों के लिए विशेष आकर्षण रखता है, जो हिमालय को केवल देखना नहीं, बल्कि उसके बीच चलकर, प्रकृति को महसूस करके और स्थानीय जीवन से जुड़कर अनुभव करना चाहते हैं।

हालांकि अधिक ऊंचाई, दुर्गम रास्तों और तेजी से बदलते मौसम में यहां शारीरिक फिट रहने की चुनौती भी कम नहीं है। ऐसे में मौसम और स्थानीय लोगों की राय को देखते ही ट्रैकिंग करनी चाहिए। सीडीओ वरुणा अग्रवाल ने एक यात्री दल के साथ बीते माह ही यहां ट्रैकिंग में हिस्सा लिया। उनके साथ भिलंगना के बीडीओ विपिन भी गए। सीडीओ ने कहा कि प्रकृति के इतने सुंदर नजरे बहुत निकट से उन्होंने पहली बार देखे।

बताया कि मेंडू सिंधवाल गांव सहित आसपास के गांवों में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों के लिए गाइड सेवाओं, होमस्टे, स्थानीय उत्पादों व अन्य पर्यटन आधारित गतिविधियों के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर विकसित किए जा सकते हैं। सीडीओ अग्रवाल ने बताया कि ग्रामोत्थान योजना के तहत स्थानीय घंटाकर्ण स्वयं सहायता समूह को ट्रैकिंग एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 10 लाख रुपये की परियोजना से आच्छादित किया है। पंवाली कांठा जैसे बुग्याल केवल पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि हिमालय की महत्वपूर्ण प्राकृतिक विरासत हैं। यहां पर्यटन गतिविधियों का विस्तार पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन के सिद्धांतों के अनुरूप किया जाना आवश्यक है।

ईको पर्यटन शुल्क से यात्रा सीजन में 1.57 करोड़ की कमाई

गोपेश्वर (एजेंसी)। बदरीनाथ धाम में ईको पर्यटन शुल्क नगर पंचायत के लिए आय का बड़ा स्त्रोत बनकर उभरा है। वर्ष 2022 से संचालित इस योजना के तहत नगर पंचायत ने इस यात्रा सीजन में 1 करोड़ 57 लाख 18 हजार 930 रुपये का राजस्व अर्जित किया है। शुल्क से प्राप्त धनराशि से धाम में सफाई, पथ प्रकाश, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, विकास कार्यों और अन्य नागरिक सुविधाओं का संचालन किया जा रहा है। इस तरह ईको पर्यटन शुल्क से नगर पंचायत ने स्वावलंबन की व्यवस्था विकसित की है।

नगर पंचायत बदरीनाथ की ओर से वर्ष 2022 में जारी गजट अधिसूचना के बाद धाम में प्रवेश करने वाले वाहनों से ईको पर्यटन शुल्क वसूला जा रहा है। इसके तहत चारपहिया वाहन से 60 रुपये, टेंपो ट्रैवलर एवं मिनी बस से 100 रुपये, बस से 120 रुपये और हेलीकॉप्टर से एक हजार रुपये प्रति प्रवेश शुल्क निर्धारित है। इस मद से मिलने वाली आय का उपयोग पर्यटन विकास, सफाई व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, यात्रा काल में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती और बैरियर संचालन पर किया जाता है। इसके अलावा तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए एंबुलेंस का संचालन भी किया जा रहा है। यात्रा सीजन में वाहनों और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बीच शुल्क भुगतान को सुगम बनाने के लिए नगर पंचायत ने वर्ष 2025 में देवदर्शनी फास्ट ट्रैक व्यवस्था शुरू की थी। इससे वाहनों को शुल्क भुगतान में सहूलियत मिली है। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि इस यात्रा सीजन में ईको पर्यटन शुल्क से कुल 1 करोड़ 57 लाख 18 हजार 930 रुपये की आय हुई है। इसमें वाहनों से 1 करोड़ 25 लाख 58 हजार 490 रुपये और अन्य मदों से 31 लाख 46 हजार 440 रुपये की आय शामिल है। इस राजस्व से बदरीनाथ धाम में बुनियादी सुविधाओं को बनाए रखने और उनके विस्तार में मदद मिलेगी।



टिहरी पहुंचने पर एमटीबी साइकिल रेस का स्वागत

नई टिहरी (एजेंसी)। अल्टीमेट उत्तराखंड हिमालय एमटीबी चैलेंज 2026 के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय एमटीबी साइकिल रेस जिला मुख्यालय के कोटी कॉलोनी पहुंची। पर्यटन विभाग और साइकिल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रेस में भारतीय सेना के जवानों सहित देश के विभिन्न राज्यों के कुल 75 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। जिला पर्यटन अधिकारी सोबत सिंह राणा ने बताया कि एमटीबी साइकिल रेस के आयोजन में प्रतिभागियों के साथ मेडिकल टीम, एसडीआरएफ, साइकिल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य, तकनीकी दल सहित लगभग 150 लोग शामिल हैं।



बुधवार (आज) को रेस कोटी कॉलोनी से उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ के लिए रवाना होगी। बताया कि रेस भागीरथीपुरम कुट्ठा सहित निर्धारित मार्ग से होते हुए चिन्यालीसौड जाएगी। 26 नवंबर को मसूरी में यात्रा का समापन होगा। कहा कि राष्ट्रीय स्तर के साहसिक खेल आयोजनों से उत्तराखंड में खेल एवं एडवेंचर गतिविधियों के प्रति युवाओं सहित आमजन का आकर्षण बढ़ेगा। वहीं साहसिक पर्यटन को नई पहचान मिलेगी।

टिहरी झील एवं आसपास के प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थलों को इस तरह के आयोजनों के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का सरकार का प्रयास है। ऐसे आयोजन स्थानीय पर्यटन कारोबार, होटल व्यवसाय, होमस्टे, परिवहन एवं स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे। राणा ने कहा कि उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता, पर्वतीय मार्गों और साहसिक खेलों के अनूठे संगम के माध्यम से प्रदेश को देश के प्रमुख एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने में यह महत्वपूर्ण साबित होगा।

संपति देवी ने मुर्गी पालन को बनाया स्वरोजगार का जरिया

पौड़ी गढ़वाल (एजेंसी)। कोरोना काल में दिल्ली से गांव लौटने के बाद संपति देवी ने परिस्थितियों को अवसर में बदला और मुर्गी पालन को अपनी आजीविका का आधार बना लिया। विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम देवल निवासी संपति देवी आज गांव में ही मुर्गी पालन की मदर यूनिट संचालित कर रही हैं। ग्रामोत्थान परियोजना के सहयोग और अपने निरंतर प्रयासों से उन्होंने छोटे स्तर पर शुरू किए गए काम को स्वरोजगार के व्यवस्थित उद्यम का रूप दिया है।

वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के दौरान उनके पति नागेंद्र सिंह दिल्ली से गांव लौटे। इसके बाद परिवार ने शहर की ओर वापस जाने के बजाय गांव में ही रोजगार का साधन विकसित करने का निर्णय लिया। राज राजेश्वरी स्वयं सहायता समूह की सदस्य संपति देवी ने पति के सहयोग से सीमित संसाधनों में मुर्गी पालन शुरू किया।

शुरूआती अनुभवों से काम को आगे बढ़ाने का हौसला मिला और उन्होंने इसे बड़े स्तर पर संचालित करने की योजना बनायी। उनके इस प्रयास को विस्तार देने में ग्रामोत्थान परियोजना का सहयोग महत्वपूर्ण साबित हुआ। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुर्गी पालन व्यवसाय के लिए तीन लाख की योजना स्वीकृत की गई। इसमें डेढ़ लाख रुपये बैंक ऋण, 75 हजार रुपये परियोजना अनुदान और 75 हजार रुपये लाभार्थी अंशदान शामिल है। इस धनराशि से उन्होंने मुर्गियों के लिए सुरक्षित शेड तैयार किया और उन्नत नस्ल के चूजों, दाना-पानी तथा आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की। आज उनकी मदर यूनिट में लगभग 300 से 400 मुर्गियां और 100 चूजे हैं। इकाई से प्रतिदिन औसतन 2,500 की बिक्री हो रही है, जिससे मासिक बिक्री करीब 75 हजार तक पहुंच रही है। दाना, दवा, बिजली और अन्य संचालन खर्चों के बाद उन्हें लगभग 18,750 प्रतिमाह का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है।

ग्रामोत्थान परियोजना प्रबंधक कुलदीप बिष्ट के अनुसार, सम्पत्ति देवी का उद्यम ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं का अच्छा उदाहरण है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ाव और परियोजना के वित्तीय सहयोग से उन्हें अपने व्यवसाय को व्यवस्थित रूप देने में मदद मिली है। उनका यह प्रयास अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी स्थानीय संसाधनों के आधार पर आजीविका के साधन विकसित करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

पार्किंग विवाद में निकाली रिवॉल्वर, चार राउंड फायरिंग से दहला हरिपुर कला

हरिद्वार (एजेंसी)। हरिद्वार सीमा से सटे हरिपुर कला में वाहन पार्किंग को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदलते-बदलते बच गया। गुस्से में आए युवक ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से चार राउंड फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज से क्षेत्र में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

रायवाला थाना प्रभारी मोहन सिंह के अनुसार घटना 23 नवंबर की रात करीब 10 बजे इंटर कॉलेज रोड की है। शिवम लिंगवाल पुत्र नंदलाल ने तहरीर में बताया कि धर्मपाल उर्फ मुन्ना उनके घर के सामने पहुंचा और वहां खड़ी उनकी मोटरसाइकिल तथा पड़ोसी भास्कर की कार को लात मारने लगा। गाली-गलौज करते हुए वाहन हटाने को कहा। विरोध करने पर आरोपी ने जेब से रिवॉल्वर निकालकर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान शिवम के भाई-बहन बाल-बाल बच गए, जबकि एक गोली कार संख्या यूके 08 टीए-9578 में जा लगी। फायरिंग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।



लोग घरों में छिप गए, कुछ ने छतों से वीडियो बना लिया। सूचना पर रायवाला पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पीड़ित की तहरीर पर 24 नवंबर को मुकदमा दर्ज किया गया। एसएसपी के निर्देश पर टीम गठित कर मुखबिर की सूचना पर आरोपी धर्मपाल उर्फ मुन्ना (45) पुत्र प्रेम सिंह निवासी इंटर कॉलेज रोड को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लाइसेंसी रिवॉल्वर और चार खोखे बरामद किए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

नई टिहरी में रामलीला का शुभारंभ, हनुमान ध्वजा स्थापित



नई टिहरी (एजेंसी)। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के साथ रामलीला समिति की पहल पर रामलीला का शुभारंभ हुआ। 14 दिनों तक चलने वाली रामलीला में भगवान राम की लीलाओं का मंचन किया जायेगा।

मंगलवार को यहां पुरानी टिहरी रोड़ स्थित पार्किंग में चंबा रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला का शुभारंभ पूजा पाठ एवं हवन के साथ किया गया। सर्वप्रथम रामलीला स्थल पर हनुमान ध्वजा स्थापित की गई। समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र तड़ियाल ने बताया कि विगत 4 सालों से लगातार चंबा में रामलीला का मंचन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी धर्म संस्कृती से जोड़ना है। 24 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक प्रत्येक सायं को रामलीला कराई जाएगी।

विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष यशपाल सजवाण ने कहा कि आधुनिकता की चकाचौंध में नई पीढ़ी अपने धर्म और संस्कृति से विमुख हो रही है। उन्हें अपने धर्म और संस्कृति से जोड़े रखने के लिए रामलीला का मंचन एक मात्र साधना है। इस मौके पर उपाध्यक्ष पंकज सकलानी, सचिव रविन्द्र बडोनी, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह, उत्तम तड़ियाल, पूर्व प्रधान दिनेश भण्डारी, प्रधान परवीन भण्डारी, राजवीर तड़ियाल, धर्मेंद्र राणा, यशवंत राणा मौजूद रहे।

लोनिवि में पंजीकृत डी श्रेणी के ठेकेदारों ने लगाया उपेक्षा का आरोप

नई टिहरी (एजेंसी)। लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर में सरकारी निर्माण कार्यों के आवंटन को लेकर विवाद फिर गहराने लगा है। विभाग में डी. श्रेणी के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए मामले में विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। आरोप लगाया कि विभाग में पंजीकृत होने के बावजूद उन्हें निर्माण कार्यों से वंचित रखा जा रहा है, जबकि निविदाओं में निर्धारित शर्तें ऐसी हैं। जिन्हें पूरा करना छोटे व डी. श्रेणी के ठेकेदारों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है।

कीर्तिनगर लोनिवि में पंजीकृत ठेकेदारों ने बताया कि जब विभाग में डी श्रेणी के अंतर्गत उनका पंजीकरण किया गया है तो उन्हें भी अपनी श्रेणी और निर्धारित नियमों के अनुरूप सरकारी कार्यों में भागीदारी का अवसर मिलना चाहिए। लेकिन विभाग की ओर से निविदाओं में लगाई जा रही शर्तों के चलते वे प्रतिस्पर्धा से बाहर होते जा रहे हैं। ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव के चलते निविदाएं जारी कर कार्यों के आवंटन में कथित तौर पर बंदरबांट की जा रही है। उनका आरोप है कि इस व्यवस्था में छोटे और स्थानीय पंजीकृत ठेकेदारों के हितों की अनदेखी हो रही है। ठेकेदारों ने ईई से मांग की है कि विभाग द्वारा जारी की गई निविदाओं, उनमें निर्धारित शर्तों व अब तक किए गए कार्य आवंटन की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में बलवीर सिंह कैंतुरा, भीम सिंह नेगी, सोबन सिंह, राम सिंह, राजेंद्र सिंह, मोहन सिंह शामिल रहे।

थानेश्वर महादेव मंदिर में आठ दंपतियों ने किया खड़ा दिया अनुष्ठान

पौड़ी गढ़वाल (एजेंसी)। विकास खंड कल्जीखाल के ग्राम पंचायत थनुल स्थित सिद्धपीठ थानेश्वर महादेव मंदिर में एक दिवसीय बैकुंठ चतुर्दशी मेले का आयोजन किया गया। मेले खड़ा दीया अनुष्ठान में 8 निसंतान दंपत्तियों ने हिस्सा लिया। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों की महिलाओं ने रात्रि जागरण किया।



बीते सोमवार की शाम को थानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एक दिवसीय बैकुंठ चतुर्दशी मेला शुरू हुआ। इस दौरान खड़ा दीया अनुष्ठान में थैर, फल्दा, आसुई, सतपुली, थनुल, जखनोली, दिऊसी आदि गांवों से 8 दंपत्तियों ने खड़ा दीया अनुष्ठान में हिस्सा लिया। मंदिर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष मनमोहन सिंह रावत ने बताया कि बैकुंठ चतुर्दशी मेले के लिए थनुल गांव के अलावा स्थानीय गांवों के प्रवासी लोग विशेषकर मेले में गांव आते हैं।

मेले में विशेषकर संतान प्राप्ति की चाहत रखने वाली निस्संतान दंपतियों की व्यवस्थाओं और उनकी सहूलियत के लिए मंदिर समिति और स्थानीय गांव थनूल की महिलाओं और थनूल गांव के प्रवासियों का अहम योगदान रहता है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष जगमोहन डांगी ने बताया कि इस वर्ष खड़ा दीया अनुष्ठान में 8 दंपतियों ने हिस्सा लिया। भंडारा का आयोजन ठंगरधार निवासी विशम्बर दत्त डुकलाण द्वारा किया गया। इस अवसर मंदिर समिति के संरक्षक बीएस नयाल, ग्राम प्रधान एवं उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत, कोषाध्यक्ष मंगल सिंह लिंगवाल, नरेंद्र सिंह नेगी, वीरेंद्र सिंह नेगी, रविंद्र सिंह रावत, अशोक रावत आदि मौजूद रहे।

सम्पादकीय

आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं पर ध्यान देने की जरूरत

किसी बच्चे के स्वस्थ बचपन और किसी गर्भवती महिला के सुरक्षित मातृत्व की शुरूआकेवल अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से नहीं होती। इसके लिए पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच, सही जानकारी और समय पर मिलने वाली जरूरी सेवाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण भारत में इन जरूरतों को पूरा करने में आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका लंबे समय से महत्वपूर्ण रही है। खासकर उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में, जहां गांव दूर-दूर तक बसे हैं और कई इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच आसान नहीं है, वहां आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों और महिलाओं के लिए सरकारी सेवाओं की पहली कड़ी बनते हैं। उत्तराखंड में वर्तमान में 20,067 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। वर्ष 2026 में राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के सभी 20,067 आंगनबाड़ी केंद्रों में ह्यआंगन का मिलनह्ल जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी भी दी गई थी। बागेश्वर जिले में ऐसे 834 केंद्र हैं। इतने बड़े नेटवर्क से यह समझा जा सकता है कि राज्य में बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य तथा पोषण को बेहतर बनाने में आंगनबाड़ी व्यवस्था कितनी अहम है।आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को केवल भोजन उपलब्ध कराने का काम नहीं होता। मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत छह प्रमुख सेवाएं दी जाती हैं। इनमें पूरक पोषण, प्री-स्कूल गैर-औपचारिक शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और जरूरत पड़ने पर रेफरल सेवाएं शामिल हैं। स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और रेफरल सेवाएं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से उपलब्ध कराई जाती हैं। पोषण संबंधी मानकों को वर्ष 2023 में संशोधित किया गया है, जिसमें केवल कैलोरी पर नहीं बल्कि प्रोटीन, स्वस्थ वसा तथा आयरन, कैल्शियम, जिंक और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों सहित संतुलित आहार पर जोर दिया गया है। उत्तराखंड सरकार भी मातृ एवं बाल पोषण को लेकर अलग-अलग योजनाएं संचालित करती रही है। राज्य के बजट दस्तावेजों में मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना, मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना और पूरक पोषण कार्यक्रम जैसी व्यवस्थाओं का उल्लेख मिलता है। इनके माध्यम से बच्चों और गर्भवती तथा स्तनपान कराने वाली महिलाओं को पोषण संबंधी सहायता उपलब्ध कराने का उद्देश्य है। लेकिन किसी योजना की सफलता केवल इस बात से तय नहीं हो सकती कि उसके लिए कितने केंद्र बनाए गए या कितने लाभार्थियों का पंजीकरण हुआ। असली सवाल यह है कि पहाड़ के आखिरी गांव तक उस योजना की सुविधा कितनी नियमितता और गुणवत्ता के साथ पहुंच रही है। बागेश्वर जिला मुख्यालय से लगभग 67 किलोमीटर दूर स्थित पिंगलो गांव का आंगनबाड़ी केंद्र इसी सवाल को सामने लाता है। पिंगलो में आंगनबाड़ी केंद्र का भवन अच्छा है। देखने में ऐसा लगता है कि बच्चों और महिलाओं के लिए एक व्यवस्थित जगह तैयार की गई है। लेकिन भवन का अच्छा होना और केंद्र की सभी सुविधाओं का उपलब्ध होना दो अलग-अलग बातें हैं। यहां आने वाले बच्चों और महिलाओं को जरूरत के अनुसार हर सुविधा नियमित रूप से नहीं मिल पाती। कभी बच्चों को समय पर पौष्टिक आहार नहीं मिल पाता तो कभी गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला पूरा राशन उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे में एक अच्छी इमारत होने के बावजूद आंगनबाड़ी केंद्र अपने पूरे उद्देश्य को हासिल नहीं कर पाता। यह स्थिति केवल पिंगलो की समस्या मानकर नजरअंदाज नहीं की जा सकती। पहाड़ी गांवों में भौगोलिक परिस्थितियां सेवा पहुंचाने की चुनौती को और बढ़ा देती हैं। सड़क, मौसम, दूरी, परिवहन और आपूर्ति व्यवस्था की कठिनाइयां मैदानी क्षेत्रों की तुलना में कहीं अधिक होती हैं।

प्रधानमंत्री मोदी और बालेन शाह की द्विपक्षीय बैठक से सहयोग के नए द्वार खुले

कांतिलाल मांडोत



भारत और नेपाल के संबंध केवल दो पड़ोसी देशों के आपसी कूटनीतिक रिश्ते नहीं हैं, बल्कि सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक विरासत से जुड़े हुए हैं। दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी का संबंध रहा है। भाषा, परंपरा, आस्था और जीवनशैली में इतनी समानता है कि दोनों देशों के नागरिक एक-दूसरे को अपना ही परिवार मानते हैं। भारत और नेपाल की मित्रता हिमालय की तरह अडिग और गंगा की तरह निरंतर प्रवाहित होती रही है। यही कारण है कि दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाला उतार-चढ़ाव भी उनकी ऐतिहासिक निकटता को समाप्त नहीं कर पाया। अब नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के भारत दौरे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक से इन संबंधों को नई दिशा मिलने की उम्मीद मजबूत हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए दोनों देशों की साझा सभ्यता और सांस्कृतिक विरासत को रिश्तों की सबसे बड़ी ताकत बताया। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच लगभग 100 मिनट तक चली बातचीत में आर्थिक सहयोग, व्यापार, संपर्क व्यवस्था, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। भारत ने नेपाल के विकास और पुनर्निर्माण के लिए 15 हजार करोड़ रुपये की सहायता का ऐलान किया। यह सहायता केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि भारत अपने पड़ोसी देश की तरक्की को अपनी क्षेत्रीय प्रगति से जोड़कर देखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान राम और माता सीता का उल्लेख करते हुए कहा कि नेपाल के बिना हमारे धाम अधूरे हैं और नेपाल के बिना हमारे राम भी अधूरे हैं। यह कथन दोनों देशों के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों की गहराई को दर्शाता है। भारत में भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या है तो माता सीता की जन्मस्थली जनकपुरधाम नेपाल में है। दोनों स्थानों को रेल मार्ग से जोड़ने के लिए सरयू-कमला एक्सप्रेस की शुरूआत महत्वपूर्ण कदम है। इस ट्रेन से अयोध्या और जनकपुर के बीच आवागमन आसान होगा। धार्मिक यात्रियों, पर्यटकों और दोनों देशों के नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश और बिहार के दस स्टेशनों से होकर गुजरने वाली यह रेल सेवा धार्मिक पर्यटन के साथ स्थानीय व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा देगी। नियमित संचालन 28 नवंबर से प्रस्तावित है। इससे भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक संबंधों को व्यावहारिक रूप से और मजबूती मिलेगी। दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए काली नदी पर बने छारछुम अंतरराष्ट्रीय मैत्री मोटर पुल का उद्घाटन भी महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला को नेपाल के दाचुर्ला से जोड़ने वाला यह पुल स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी परेशानी दूर करेगा। पहले एक-दूसरे के क्षेत्र में पहुंचने के लिए लगभग 200 किलोमीटर का अतिरिक्त रास्ता तय करना पड़ता था। अब आवाजाही आसान होगी और सीमावर्ती क्षेत्रों में व्यापार, सामाजिक संपर्क तथा पर्यटन को गति मिलेगी। यह पुल केवल सड़क संपर्क का माध्यम नहीं, बल्कि दोनों देशों की मित्रता का मजबूत प्रतीक भी है। भारत और नेपाल के बीच आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होना भी सहयोग के विस्तार की दिशा में अहम कदम है। इनमें फॉरेंसिक विज्ञान, पुलिस प्रशिक्षण, प्रशासनिक अधिकारियों की क्षमता विकास, आयुर्वेद, पारंपरिक चिकित्सा, उपग्रह संचार, शहरी विकास, स्वास्थ्य सेवाओं, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इन समझौतों से नेपाल को भारतीय तकनीक, प्रशिक्षण और अनुभव का लाभ मिलेगा। वहीं भारत को अपने पड़ोसी देश के साथ संस्थागत सहयोग बढ़ाने और दक्षिण एशिया में विकास की साझेदारी मजबूत करने का अवसर मिलेगा।

गुरु नानक जयंती : समाज को समरसता, समानता- मानवता का संदेश

सौरभ वार्ष्णेय



विश्व की महान संत परंपरा में गुरु नानक देव जी का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका जीवन, विचार और आध्यात्मिक दर्शन केवल सिख धर्म के अनुयायियों के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। 24 नवंबर 2026 को मनाई जाने वाली गुरु नानक जयंती हमें एक बार फिर उनके उन महान विचारों को आत्मसात करने का अवसर देती है, जिनमें सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे, समानता, प्रेम, सेवा और मानवता का संदेश समाहित है। गुरु नानक देव जी ने ऐसे समय में समाज को नई दिशा दिखाई, जब जाति पाति, ऊंच-नीच, धार्मिक भेदभाव, अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियां मानव समाज को बांट रही थीं। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि ईश्वर एक है और उसकी बनाई हुई समस्त मानव जाति समान है। गुरु नानक देव जी का दर्शन किसी एक वर्ग, जाति या समुदाय तक सीमित नहीं था। उनका मानना था कि मनुष्य की पहचान उसके जन्म, जाति, धर्म, धन अथवा सामाजिक प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि उसके कर्मों और आचरण से होनी चाहिए। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव और आडंबरों का विरोध करते हुए मानवता को सर्वोपरि रखा। उनका प्रसिद्ध संदेश एक ओंकार इस बात का प्रतीक है कि परमात्मा एक है और समस्त संसार उसी की रचना है। जब सृष्टि का रचयिता एक है, तो मनुष्यों के बीच भेदभाव और नफरत का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

गुरु नानक देव जी ने सामाजिक समरसता को केवल उपदेशों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे अपने जीवन और व्यवहार में उतारकर दिखाया। उन्होंने जातिगत भेदभाव, छुआछूत और ऊंच-नीच की भावना को मानवता के विरुद्ध बताया। उस दौर में समाज अनेक वर्गों और जातियों में बंटा हुआ था। ऐसे वातावरण में उन्होंने सभी मनुष्यों को समान मानने की शिक्षा दी। उनका संदेश था कि कोई भी व्यक्ति जन्म से ऊंचा या नीचा नहीं होता। मनुष्य की श्रेष्ठता उसके सद्कर्म, सेवा भावना और नैतिक आचरण से निर्धारित होती है। उनकी शिक्षाओं में संगत और पंगत की परंपरा सामाजिक समानता का जीवंत उदाहरण है। संगत में सभी लोग एक साथ बैठकर प्रभु का स्मरण करते हैं, जबकि पंगत और लंगर में बिना किसी जाति, धर्म, वर्ग अथवा आर्थिक भेदभाव के सभी लोग एक साथ भोजन करते हैं। यह परंपरा आज भी समाज को समानता और भाईचारे का व्यावहारिक संदेश दे रही है। लंगर की व्यवस्था यह सिखाती है कि किसी भी व्यक्ति की गरिमा और सम्मान उसके आर्थिक या सामाजिक स्तर से कम नहीं हो सकता।

गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं के तीन प्रमुख सिद्धांत हैं कि नाम जपो, किरत करो और वंड छको। इन तीनों सिद्धांतों में एक आदर्श समाज और संतुलित जीवन की पूरी अवधारणा दिखाई देती है। नाम जपो का अर्थ है ईश्वर का स्मरण करना और अपने जीवन में आध्यात्मिक चेतना बनाए रखना। किरत करो का संदेश है कि मनुष्य ईमानदारी और मेहनत से अपनी आजीविका अर्जित करे। वहीं वंड छको का अर्थ है अपनी कमाई और संसाधनों को जरूरतमंदों के साथ बांटना।आज जब समाज में व्यक्तिगत स्वार्थ, आर्थिक असमानता और उपभोक्तावाद की प्रवृत्ति बढ़ रही है, तब ये सिद्धांत और अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। यदि व्यक्ति ईमानदारी से परिश्रम करे, अपनी आवश्यकताओं के साथ दूसरों की जरूरतों का भी ध्यान रखे और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे, तो अनेक सामाजिक समस्याओं का समाधान संभव है। गुरु नानक देव जी का दर्शन हमें केवल अपने लिए जीने के बजाय दूसरों के सुख-दुख में सहभागी बनने की प्रेरणा देता है। गुरु नानक देव जी ने धर्म को आपसी संघर्ष का आधार बनाने के बजाय मानव कल्याण का माध्यम माना। उन्होंने धार्मिक कट्टरता, बाहरी दिखावे और पाखंड का विरोध किया। उनके लिए सच्चा धर्म वही था, जो मनुष्य को सत्य, प्रेम, करुणा और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ाए। उन्होंने विभिन्न धार्मिक परंपराओं के लोगों से संवाद किया और अपनी यात्राओं के माध्यम से मानवता, सद्भाव तथा नैतिक जीवन का संदेश दिया।

7 करोड़ का रशियन घोड़ा, बाहुबली राणा का जलवा; पुष्कर मेले में मची धूम



अजमेर (एजेंसी)। राजस्थान के विश्वप्रसिद्ध पुष्कर पशु मेले में इन दिनों संस्कृति, परंपरा और बेशकीमती पशुओं की शानदार मौजूदगी देखने मिल रही है। मेले में देश के अलग-अलग हिस्सों से लाए गए करोड़ों रुपये कीमत के घोड़े, भैंसे और बुल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

इन पशुओं की कीमत, कद-काठी और शाही देखभाल ने लग्जरी कारों को भी पीछे छोड़ दिया है, जिससे मेले में आने वाले लोगों का उत्साह काफी बढ़ा हुआ है।

छोटा सुल्तान भैंसा

पुष्कर मेले में 51 लाख रुपये कीमत का जो पाड़ा यानी भैंसा सबसे ज्यादा चर्चा में है, उसका नाम छोटा सुल्तान है। यह मुर्रा नस्ल का करीब 800 किलो वजनी भैंसा है, जिसे मध्य प्रदेश के ग्वालियर से लाया गया है। इसकी ऊंचाई लगभग साढ़े पांच फीट बताई गई है और इसकी उम्र करीब साढ़े तीन साल है। इसके मालिक ने इसकी कीमत 51 लाख रुपये तय की है।

रशियन घोड़े की चर्चा

मेले में चर्चित 7 करोड़ रुपये कीमत वाला घोड़ा फरजंद रशियन नहीं, बल्कि शुद्ध मारवाड़ी नस्ल का घोड़ा है। कुछ रिपोर्टों में रूसी व्यापारियों द्वारा बड़ी बोली या ऑफर लगाए जाने की चर्चा के कारण इसे रशियन घोड़ा समझे जाने का भ्रम पैदा हुआ, जबकि हकीकत में यह मारवाड़ी नस्ल का है और कुछ जगह इसे मारवाड़ी नस्ल के घोड़े के रूप में भी बताया गया है।

इसकी ऊंचाई 64 इंच से अधिक है और यह खास बनावट तथा कानों की कुंडी के लिए जाना जाता है। इसकी कीमत इतनी ज्यादा है कि लग्जरी कारों की कीमत भी इसके सामने कम पड़ जाए। इसे पीने के लिए मिनरल वाटर , दिन में तीन बार देसी गाय का 5-5 लीटर दूध, चना-दाल और विशेष सप्लीमेंट्स दिए जाते हैं।

श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व

मुख्यमंत्री ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को किया नमन, टेका मत्था

उत्तम भारत संवाददाता



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर राजापार्क में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को नमन किया, मत्था टेका और प्रदेशवासियों से श्री गुरू नानक देव जी के प्रेम, सेवा, समानता और मानवता के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंधकार और चुनौतियों के दौरान श्री गुरु नानक देव जी ने बिना किसी भय के सत्य का बिगुल बजाया। उनकी हजारों मील की कठिन यात्राओं में दुर्गम बाधाएं आईं, लेकिन वे कभी नहीं रुके। उनका जीवन हमें सिखाता है कि चुनौतियां होने के बावजूद एक सच्चे सेवक को घबराए बिना अपने लक्ष्य और समाज के कल्याण के प्रति समर्पित रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का संदेश है कि ईश्वर का स्मरण करें, ईमानदारी और परिश्रम से कमाएं और जरूरतमंदों के साथ बांटें। इस संदेश से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार प्रदेश के विकास, जनसेवा और अंतिम छोर के व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। हमारे लिए राजनीति सत्ता का नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने समाज को सिखाया कि ईश्वर एक है और उसकी नजर में सभी मनुष्य समान हैं। सच्चा धर्म अच्छे कर्म, ईमानदारी और मानव सेवा में ही निहित है। लंगर सेवा समानता और सेवा भावना का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने सिख गुरुओं के त्याग, समर्पण, साहस और बलिदान की महान परंपराओं का स्मरण करते हुए कहा कि सिख गुरुओं ने मानवता और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उन्होंने नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी को नमन करते हुए कहा कि धर्म और आस्था की स्वतंत्रता तथा मानव अधिकारों की रक्षा के लिए उनका बलिदान अद्वितीय है। दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन त्याग, वीरता और धर्म की रक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

प्रधानमंत्री ने किया करतारपुर कॉरिडोर खोलने का ऐतिहासिक निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करतारपुर कॉरिडोर खोलने का ऐतिहासिक निर्णय कर करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान किया। वहीं, श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत की स्मृति में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत कर प्रधानमंत्री ने नई पीढ़ी को उनके अदम्य साहस, त्याग और बलिदान से परिचित कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सिख समुदाय के कल्याण, उत्थान और धार्मिक आस्था से जुड़े स्थलों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में जयपुर स्थित गुरुद्वारा श्री तेग बहादुर साहिब जी तथा अनूपगढ़ स्थित बुड्ढा जोहड़ गुरुद्वारा में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय के विद्यार्थियों के छात्रावास हेतु भूमि का आवंटन हो चुका है तथा इसका कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा।

इस दौरान जयपुर महापौर सुनील कोठारी, राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष अजयपाल सिंह, मुख्य ग्रंथी जगजीत सिंह सहित गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग उपस्थित रहे।

उदयपुर में पांच लाख नहीं देने पर परिवार का सामाजिक बहिष्कार छह लोगों पर एफआईआर दर्ज



उदयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के उदयपुर जिले में एक परिवार के सामाजिक बहिष्कार का मामला सामने आया है। आरोप है कि समाज के पंचों ने परिवार पर पांच लाख रुपये का दंड लगाया और राशि नहीं देने पर समाज से बाहर कर दिया।

गांव के लोगों पर परिवार से संबंध नहीं रखने का दबाव बनाया गया। पीड़ित परिवार ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद पुलिस ने समाज के मुखिया सहित छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

पीड़ित मीठालाल प्रजापत ने आरोप लगाया कि पारिवारिक संपत्ति विवाद के निस्तारण के लिए चार अक्टूबर को समाज की बैठक बुलाई गई थी। वे काम के सिलसिले में अहमदाबाद में रहते हैं। उन्हें बैठक की सूचना महज 20 घंटे पहले दी गई थी।

उन्होंने अपना पक्ष रखने के लिए समय मांगा, लेकिन पंचों ने उनकी बात नहीं सुनी और एकतरफा फैसला सुना दिया। मीठालाल के अनुसार, पंचायत ने रकम नहीं देने तक परिवार को समाज से बहिष्कृत रखने की बात कही। परिवाद में आरोप लगाया गया कि पंचायत के फैसले रजिस्टर में दर्ज कराए गए और अन्य सदस्यों के हस्ताक्षर भी करवाए गए।

सीएम भजनलाल के नेतृत्व में 'नशा मुक्त राजस्थान' का संकल्प तेजी से हो रहा साकार



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प पर तेजी से कार्य करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध उत्पादन एवं नशे के कारोबार में लिप्त के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। गत 3 वर्षों में प्रदेश में व्यापक स्तर पर मादक पदार्थों की जब्ती और अपराधियों की गिरफ्तारी कर अवैध नशे के नेटवर्क पर सर्जिकल स्ट्राइक की गई है।

करोड़ों रुपए के मादक पदार्थ जब्त

एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने वर्ष 2024 से 2026 (अक्टूबर) तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 18 हजार 497 प्रकरण दर्ज कर 27 हजार 473 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस अवधि में लगभग 2 हजार 445 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। वहीं, नशे के अवैध कारोबार में प्रयुक्त 13 हजार 620 वाहन भी जब्त किए गए है।

288 प्रकरण दर्ज किए गए

प्रदेशभर के जिलों, विशेषकर सीमावर्ती, में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सघन कार्रवाइयों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2026 में ही 7 हजार 44 प्रकरण दर्ज किए गए, जो वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 34 प्रतिशत अधिक हैं। इसी प्रकार, मादक पदार्थों की अवैध खेती और उत्पादन के नेटवर्क को समाप्त करने के उद्देश्य से प्रभावी कार्रवाई करते हुए गत 3 वर्षों में कुल 288 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन

अवैध मादक पदार्थों के निर्माण की फैक्ट्रियों, विशेषकर एमडी ड्रग्स, के विरुद्ध गत तीन वर्षों में कुल 49 प्रकरण दर्ज कर 115 आरोपियों को गिरफ्तार किया गए हैं। नशे के कारोबार के आर्थिक नेटवर्क को तोड़ने के लिए भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

वर्ष 2025 में 133 प्रकरणों में 66 संपत्तियों के विरुद्ध लगभग 55 करोड़ रुपये और वर्ष 2026 में 250 प्रकरणों में 75 संपत्तियों के विरुद्ध लगभग 30 करोड़ रुपये मूल्य में बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

170 मामलों में प्रभावी कार्रवाई

अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के तहत वर्ष 2025 और 2026 में 173 इस्तगासे प्रस्तुत कर प्रभावी कार्रवाई की गई है। वहीं, एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ के तहत 170 मामलों में प्रभावी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार, वर्ष 2026 तक प्रदेश में फरार, हार्डकोर एवं इनामी श्रेणी के 3 हजार 450 वांछित को गिरफ्तार किया गया। नशे के कारोबार के 236 हॉटस्पॉट पर छापेमारी कर 473 कार्रवाइयां भी की गईं।

उदयपुर में गांजे की अवैध खेती 415 किलो हरे पौधे जब्त



उदयपुर (एजेंसी)। जिले में मादक पदार्थों की अवैध खेती पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने मांडवा थाना क्षेत्र के साड़ी गांव में करीब 415 किलो गांजे के हरे पौधे जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, कपास की खेती की आड़ में गांजे के पौधे उगाए जा रहे थे। आरोपितों ने कपास के पौधों के बीच गांजे की फसल लगाई थी, ताकि किसी को इसकी भनक नहीं लगे। उदयपुर की पुलिस अधीक्षक डा. अमृता दुहन ने बताया कि कार्रवाई सुबह चार बजे से देर शाम तक चली। इस दौरान खेत में मौजूद आरोपित रमिया पुलिस टीम को देखकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अवैध रूप से गांजे की खेती करने के मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

पंचायत चुनाव में हार के बाद बीजेपी उम्मीदवार ने हटवाई 50 स्ट्रीट लाइट

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के टोंक जिले की पीपलू पंचायत समिति में चुनाव नतीजों के बाद एक बेहद अजीब मामला सामने आया है। यहां चुनाव के नतीजे आने के बाद न तो जीत का जश्न मना और न ही हार का सन्नाटा पसरा, बल्कि नतीजे आने के कुछ ही घंटों बाद एक गाड़ी आई और गांव गलियों में लगी करीब 50 स्ट्रीट लाइटें उखाड़कर ले गई।

हार के कुछ घंटे बाद ही छाया अंधेरा

ये मामला टोंक जिले की पीपलू पंचायत समिति के वार्ड नंबर 2 का है। यहां दीवाली से ठीक पहले करीब 50 स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई थीं, जिससे लंबे समय से अंधेरे में डूबी गलियां और छोटी बस्तियां पहली बार रोशन हुई थीं। शुक्रवार शाम को आए चुनाव नतीजों में बीजेपी उम्मीदवार प्रियंका शर्मा का कांग्रेस के धन्ना लाल के हाथों 751 वोटों से हार का सामना करना पड़ा।

बेटी की बिंदोरी में नाचते-नाचते पिता की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



उदयपुर (एजेंसी)। बेटी की शादी की खुशियों के बीच एक पिता की अचानक मौत से परिवार में मातम छा गया। बेटी की बिंदोरी में पूरे उत्साह के साथ डांस कर रहे पिता को अचानक सीने में दर्द हुआ और उनकी तबीयत बिगड़ गई।

परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। परिवार ने बेटी की शादी की रस्में पूरी करने के लिए पिता की मौत की खबर पत्नी और बेटी से छिपाई। शव अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवाकर रात में ही बेटी के फेरे करवा दिए गए। बेटी की विदाई के बाद पिता का अंतिम संस्कार किया गया। यह भावुक कर देने वाला मामला ऋषभदेव उपखंड क्षेत्र के पटियार (भूधर) गांव का है। जानकारी के अनुसार, शंकरलाल मेघवाल (51) अहमदाबाद में एक निजी कंपनी में ड्राइवर के रूप में काम करते थे। उनके तीन बच्चे हैं। सबसे बड़ी बेटी प्रियंका (26) की शादी 21 नवंबर को तय थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और 20 नवंबर की देर रात बिंदोरी निकाली जा रही थी।

बिंदोरी में डांस करते समय उठा सीने में दर्द

रिटायर्ड शिक्षक नारायणलाल मेघवाल के अनुसार, बेटी की शादी की खुशियों में शंकरलाल भी जमकर डांस कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा और तबीयत बिगड़ गई। उनके बेटे दिलीप मेघवाल (24) और उमेश मेघवाल (22) परिजनों के साथ उन्हें कार से ऋषभदेव अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उदयपुर के एमबी अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर उदयपुर पहुंचे, लेकिन जांच के बाद डॉक्टरों ने शंकरलाल को मृत घोषित कर दिया।

मां और बेटी से छिपाई पिता की मौत की खबर

पिता की मौत के बाद परिवार के सामने सबसे बड़ी चुनौती बेटी की शादी की रस्में पूरी करने की थी। परिजनों ने शंकरलाल के शव को अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवा दिया। बेटे ने अपनी मां और बहन को बताया कि पिता आईसीयू में भर्ती हैं और फिलहाल बात करने की स्थिति में नहीं हैं।

इधर, शादी की तैयारियां और रस्में बीच में न रुकें, इसके लिए परिवार ने दूल्हे पक्ष को पूरी घटना की जानकारी दी और रात में ही बारात लाने का आग्रह किया।

स्वामीः गायत्री मीडिया, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा, मुद्रकः रजनी कुमारी द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, सेक्टर 06, नोएडा गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित व 74ए आशीर्वाद एन्क्लेव, टीएचडीसीए देहराखास, देहरादून, उत्तराखंड. 248001 से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून होगा। RNI.No. UAHIN/26/A3885

खो बैराज पर गंगा स्नान मेले का धूमधाम से हुआ शुभारंभ, पूर्व डीएम ने किया उद्घाटन

वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी लगा मेला, भंडारे का आनंद लेते नजर आए लोग



उत्तम भारत संवाददाता

शेरकोट। वर्षों से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी खो बैराज पर गंगा स्नान मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ पूर्व सेवानिवृत्त जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही मेले में श्रद्धालुओं और क्षेत्रीय लोगों की आवाजाही शुरू हो गई। गंगा स्नान मेले को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालु खो बैराज पहुंचने लगे। लोगों ने पूजा-अर्चना की और गंगा मैया को प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान गंगा मैया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मेले में पहुंचे श्रद्धालु और क्षेत्रीय लोग धार्मिक आस्था के साथ मेले का आनंद लेते नजर आए। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेले में लोगों की चहल-पहल से माहौल उत्सवमय बना रहा। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे, जिससे मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर पूर्व सेवानिवृत्त जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह ने मेले का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में कुंवर संजय गहलौत, पुनीत वर्मा, राधे सैनी, प्रदीप यादव, दिनेश वर्मा, अनमोल शर्मा, शरद चन्द्र शर्मा और शिराज अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

खो बैराज पर लगने वाला गंगा स्नान मेला क्षेत्र की पुरानी परंपरा और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। हर वर्ष इस मेले में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार मेले का आयोजन होने से क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

नकल कराने के नाम से पैसे देने से मना करने पर छात्र को पीटा

अलीगढ़। राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य यूनिवर्सिटी की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान इगलास स्थित डीपीएस डिग्री कॉलेज में छात्र के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के मामले में यूनिवर्सिटी प्रशासन ने जांच समिति गठित कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों और थाने में दर्ज एफआईआर का संज्ञान लेते हुए कुलपति के आदेश पर तीन सदस्यीय समिति को प्रकरण की जांच सौंपी गई है। छात्र 23 नवंबर को प्रथम पाली की परीक्षा देने के लिए गया था। आरोप है कि डीपीएस डिग्री कॉलेज, इगलास में परीक्षा देने पहुंचे निष्ठा चौधरी महाविद्यालय, मुरसान, हाथरस के बीए प्रथम वर्ष के छात्र कुनाल से नकल कराने के नाम पर रुपये मांगे गए। इसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद कॉलेज के बाहर छात्र की लाठी-डंडों से पिटाई की गई। परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में जांच समिति गठित कर दी गई है।

सऊदी अरब में नगीना के युवक की हार्ट अटैक से मौत, घर में मचा कोहराम

उत्तम भारत संवाददाता



नगीना। नगर के मोहल्ला काजी सराय, कुंवारी वाली मस्जिद निवासी मुकर्रम के 27 वर्षीय पुत्र आदिल की सऊदी अरब के रियाद में हार्ट अटैक से मौत हो गई। इस मनहूस खबर से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। तथा मोहल्ले का माहौल गमगीन हो गया।

महज 5 माह पूर्व ही आदिल रोजी-रोटी की तलाश में सऊदी अरब गया था। वहां वह रियाद में सैलून में काम करता था। परिवार को उम्मीद थी कि वह मेहनत करके घर की गरीबी दूर करेगा, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। मृतक आदिल अपने पीछे पत्नी, 3 मासूम बेटियां और एक बेटे को रोता-बिलखता छोड़ गया है। जैसे ही मौत की खबर घर पहुंची, घर में कोहराम मच गया। पत्नी बेसुध हो गई, बच्चों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे। माता-पिता और भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ले के लोग सांत्वना देने के लिए घर पर जुटे हुए हैं, लेकिन किसी के पास इस दुख को कम करने के लिए शब्द नहीं हैं। बताया गया है कि आदिल का एक भाई भी सऊदी अरब में ही है, जबकि दूसरा भाई घर पर रहता है। सऊदी में मौजूद भाई ने शव को इंडिया लाने की औपचारिकताएं शुरू कर दी हैं। परिजन शव को जल्द से जल्द नगीना लाने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि अपने बेटे का अंतिम दीदार कर सकें और उसे सुपुर्द-ए-खाक कर सकें। शव आने में लगभग एक हफ्ते का समय लग सकता है।

नियमों को दरकिनार कर हादसे को दावत दे रहे मैरिज हॉल बंद कराने की मांग

उत्तम भारत संवाददाता

नगीना। नियमों को दरकिनार कर लोगो की जान से खिलवाड करने वाले मैरिज हॉल स्वामी के खिलाफ कार्रवाई और मंडप सील कराने की मांग को लेकर अधिवक्ता ने एसडीएम नगीना से मिलकर शिकायती पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है।

नगीना निवासी युवा अधिवक्ता प्रदीप चौधरी ने उप जिलाधिकारी जितेंद्र सिंह वीरवाल नगीना को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि नहटोर रोड स्थित शुभ मंगल बैंक्विट हॉल मे किसी भी नियम का कोई पालन नहीं हो रहा है। देर रात तक डीजे की तेज आवाज व आतिशबाजी के कारण आमजन ही नहीं मकानो मे लगे खिड़की दरवाजो मे तेज कमप्पन होता है वही इंडेन गैस का गोदाम भी है जिससे कोई बड़ी घटना होने की भी सम्भावना है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए बैंकिट हॉल के सामने निवास कर रहे अधिवक्ता प्रदीप चौधरी ने शुभ मंगल बैंकिट हॉल से हो रहे न्यूसेंस को बंद कराने के लिए उपजिलाधिकारी नगीना से मांग की है। अधिवक्ता प्रदीप चौधरी का आरोप है कि शाम 6 बजे से ही तेज आवाज मे डीजे व देर रात 1 बजे के बाद तक आतिशबाजी तीव्र गति वाले डीजे का प्रयोग होता है।

बैंकिट हॉल के निकट इंडेन गैस से भरे सिलेण्डरो का गोदाम है जिस कारण किसी दिन भी किसी बड़ी घटनाके धटने से इंकार नही किया जा सकता है। डीजे की तेज आवाज से आस पास रह रहे बच्चे बूढ़े व महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड रहा है। अधिवक्ता प्रदीप चौधरी ने बैंकिट हॉल को बंद कराने के लिए उपजिलाधिकारी नगीना के अलावा पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी बिजनौर को भी शिकायती पत्र भेजा है।

गंगा स्नान कर लौट रहे परिवार की ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर, मां-बेटी की मौत, कई घायल

उत्तम भारत संवाददाता





चांदपुर। कार्तिक पूर्णिमा पर नारनौर गंगा घाट पर स्नान कर घर लौट रहे एक परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। चांदपुर-जलीलपुर मार्ग पर अकबरपुर सीमली गांव के पास गन्ने से भरे एक अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और उसमें सवार लोग नीचे दब गए। दुर्घटना में 35 वर्षीय महिला विमलेश और उनकी आठ वर्षीय बेटी निधि की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर ट्राली में सवार कई सदस्य घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, थाना चांदपुर क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर झोझा निवासी निलेश अपने परिवार के साथ कार्तिक पूर्णिमा पर नारनौर गंगा घाट पर स्नान करने गए थे। मंगलवार को स्नान के बाद सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनका वाहन अकबरपुर सीमली के पास पहुंचा, पीछे से आ रहे गन्ने से लदे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर पलट गई और उसमें सवार लोग उसके नीचे दब गए।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने राहत-बचाव कार्य शुरू किया। ट्रैक्टर चालक निलेश करीब आधे घंटे तक ट्रॉली के नीचे दबे रहे, जिन्हें जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ पहुंचाया गया। जहां निलेश और जानकी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं पूजा, मुन्नी, ओमपाल और प्रिंस को मामूली चोटें आईं।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक बिजनौर के अनुसार, मामले में तहरीर प्राप्त होने पर अभियोग पंजीकृत किया जाएगा। फिलहाल पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई और मामले की जांच में जुटी है। हादसे के बाद मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

नारनौर घाट पर पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला कुशलतापूर्वक संपन्न



उत्तम भारत संवाददाता

चांदपुर। नारनौर घाट धाम पर आयोजित पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में कुशलतापूर्वक संपन्न हो गया। पांच दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। मेले में दूरदराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे मेला परिसर को भारी पुलिस बल की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा गया। पुलिस बल, पीएसी तथा अग्निशमन विभाग की टीमों ने मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। सुरक्षा व्यवस्था के चलते मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

मेले का विधिवत उद्घाटन एक दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गौतम राय ने किया था। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने मेला परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गंगा स्नान मेले का आयोजन चौधरी गजेंद्र सिंह ने फीता काट कर किया



उत्तम भारत संवाददाता

स्योहारा। ग्राम किवाड़ में सिंबल वाले बाबा के स्थान पर करूला नदी के किनारे लगातार 24 साल से गंगा स्नान मेला लगता चला आ रहा है जिसका उद्घाटन तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने फीता काट कर किया। उन्होंने मेले में पहुंचे सभी भक्तों को गंगा स्नान की शुभकामनाएं दी। गांव के लोगों का कहना है यह जगह सिंबल वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध है यहां जो लोग मन्नत लेकर पहुंचते हैं उनकी मन्नत पूरी होती है। मेले में बच्चों के मुंडन भी होते हैं यहां एक पुराना सिंबल का पेड़ है इस पेड़ के नीचे बाबा ने तपस्यिया की थी तभी से इस जगह का नाम सिंबल वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध है। उन्ही के नाम से इस मेले का आयोजन होता है।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, गजराम सिंह, हरिओम यादव, बंटी कुमार, अमित चौधरी, जयवीर सिंह, सोनू कुमार, दीपचंद त्यागी, प्रधान प्रेमराज सिंह त्यागी सिंटू चौधरी आदि मौजूद रहे।

नर्सिंगहोम से भागी महिला

अलीगढ़। रामघाट रोड स्थित एकनर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद बिना बिल चुकाए अस्पताल छोड़ने का मामला सामने आया है। अस्पताल संचालक डॉ. पी. कुमार ने मरीज मानसी गुप्ता, उनके पति शुभम गौतम, भाई और मां पर अभद्रता, धमकी देने और 60 हजार रुपये का भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है। डॉ.पी. कुमार के मुताबिक, मानसी ने 70 हजार रुपये के पैकेज पर ऑपरेशन कराया था। इसके लिए मेडी असिस्ट बीमा कंपनी से भुगतान होना था, लेकिन कंपनी ने केवल 22,500 रुपये की मंजूरी दी। मरीज और उनके पति ने लिखित आश्वासन दिया था कि बाकी रकम खुद चुकाएंगे। इसके लिए 10 हजार रुपये सिक्योरिटी भी जमा की थी। आरोप है कि 3 अगस्त को मरीज अपने पति, भाई और मां के साथ अस्पताल पहुंचीं। यहां डॉक्टर से अभद्रता और धमकी देने के बाद बिना बिल चुकाए चली गईं।

गंगा मेले में स्नान के दौरान नजीबाबाद के तीन युवक-युवती डूबे, ग्रामीण ने बचाई मासूम की जान



उत्तम भारत संवाददाता

नजीबाबाद। नांगल थाना क्षेत्र में गंगा मेले के दौरान निर्धारित घाट से दूर स्नान करते समय नजीबाबाद के मोहल्ला रामपुरा निवासी सूरज (16), हर्षित (17) और डोली (22) गहरे पानी में डूब गए। वहीं, डूब रही 12 वर्षीय दिव्यानी को मांझाड़ी गांव के युवक नितिन ने छलांग लगाकर बचा लिया, हालांकि इस दौरान उनका 35 हजार रुपये का मोबाइल व 2,500 रुपये से भरा पर्स नदी में बह गया।

हादसे के बाद पीड़ित परिजनों और ग्रामीणों ने चेतावनी बोर्ड न होने, पुलिस की निष्क्रियता तथा चार घंटे तक रउफ्रक्र ठउफ्रक्र के न पहुंचने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी ने आक्रोशित लोगों को शांत कराया; घटनास्थल यूपी-उत्तराखंड सीमा के करीब होने से शुरूआत में क्षेत्राधिकार को लेकर भी असमंजस बना रहा। गोताखोरों की मदद से लापता तीनों लोगों की तलाश जारी है।

गंगा स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्राली को ट्रक ने मारी टक्कर, मां-बेटी की मौत

बिजनौर। बिजनौर के चांदपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि परिवार के कई अन्य सदस्य घायल हो गए। चांदपुर के गांव अकबर झोजा निवासी निलेश कुमार सोमवार को परिवार के साथ नारनौर गंगा घाट पर स्नान के लिए गए थे। मंगलवार को घर लौटते समय चांदपुर-जलीलपुर रोड पर गांव अकबर सीमली के पास पीछे से आए गन्ना लदे ट्रक ने उनकी ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मार दी। हादसे में घायल निलेश कुमार की पत्नी विमलेश देवी (30) और बेटी निधि (8) को सीएचसी स्याऊ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। निलेश कुमार सहित जानकी देवी, ओमप्रकाश, प्रिंस, पूजा और विराज घायल हुए हैं। हादसे में निलेश कुमार ट्रक के पिछले पहियों के बीच फंस गए थे। उन्हें निकालने के लिए ट्रक को पलटना पड़ा।

डंपर की टक्कर से पुणे के युवक की मौत, साथी गंभीर

साहनपुर के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर पुणे निवासी अनीस शेख ने तोड़ा दम, मुस्सेपुर निवासी तालीब हायर सेंटर रेफर

उत्तम भारत संवाददाता



नजीबाबाद। नजीबाबाद-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर साहनपुर के समीप सोमवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार पुणे (महाराष्ट्र) निवासी युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका स्थानीय साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर निवासी तालीब पुत्र इकबाल सोमवार को अपने दोस्त अनीस शेख (पुत्र शेख मोहम्मद) के साथ बाइक से नजीबाबाद आ रहे थे। मूल रूप से पुणे, महाराष्ट्र के रहने वाले अनीस शेख अपने मित्र तालीब के घर मुस्सेपुर आए हुए थे। जैसे ही दोनों युवक साहनपुर के पास पहुंचे, विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित एवं तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। राहगीरों की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद अनीस शेख को मृत घोषित कर दिया। वहीं, तालीब की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

कोतवाली नजीबाबाद पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए फरार चालक और वाहन की तलाश में जुटी है।

मौत को दावत! चलते झूले से हवा में लटका युवक गंगा मेले में खतरनाक स्टंट का वीडियो वायरल

उत्तम भारत संवाददाता



बिजनौर। दारानगर गंज स्थित विदुर कुटी घाट पर लगे गंगा मेले में एक युवक ने चलते बड़े झूले से लटककर जान जोखिम में डाल दी। युवक के इस खतरनाक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक झूले के चलते समय हवा में लटका दिखाई दे रहा है।

बताया जा रहा है कि युवक ने झूला चलने के दौरान यह जोखिम भरा स्टंट किया। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद मेले में झूलों के संचालन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

गंगा मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक पहुंच रहे हैं। ऐसे में चलते झूले से युवक का लटकना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है। सवाल यह भी है कि झूला संचालकों की निगरानी में इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हुई और सुरक्षा नियमों का पालन किस तरह कराया जा रहा है।

सीओ सिटी ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। झूला संचालकों को सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

जब तक सिख गुरुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रहेगा दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल बांका नहीं कर पाएगी: योगी

लखनऊ, एजेंसी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक भारत सिख गुरुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखेगा, दुनिया की कोई ताकत उसका बाल बांका नहीं कर पाएगी। सिख गुरुओं का त्याग, तपस्या, बलिदान और उनकी आध्यात्मिक चेतना भारत की राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव की अमूल्य धरोहर है। गुरु नानक देव जी महाराज ने 'एक ओंकार' के माध्यम से संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में पिरोने का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उस समय थीं। हमें इन शिक्षाओं को केवल आयोजनों तक सीमित न रखकर अपने जीवन में आत्मसात करना होगा और नई पीढ़ी को भी इनसे निरंतर परिचित कराना होगा।

मुख्यमंत्री मंगलवार को साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 557वें पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता और सौभाग्य का अवसर है कि हम सभी इतने भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व मना रहे हैं।

मानवता को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान और प्रकाश का मार्ग दिखाया

मुख्यमंत्री ने कार्तिक पूर्णिमा के आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का दिन पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत पवित्र है। वह प्रातः चार बजे से ही प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों से श्रद्धालुओं की संख्या और व्यवस्थाओं की जानकारी ले रहे थे। मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ में लाखों श्रद्धालु मां गंगा में स्नान कर रहे हैं। हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में प्रातःकाल से अब तक लगभग 15 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं, जबकि अमरोहा के तिगरी में भी 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई है। प्रयागराज और फरुर्खाबाद में भी



भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। अयोध्या और काशी में लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर काशी की विश्वप्रसिद्ध देव दीपावली का आयोजन भी होना है, जिसमें लाखों दीप प्रज्ज्वलित होंगे। मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी दिन त्रिपुरासुर का वध कर धरती को आतंक से मुक्त कराया था। इसी परंपरा और धार्मिक आस्था के अनुरूप गढ़मुक्तेश्वर, काशी सहित प्रदेश के विभिन्न तीर्थस्थलों पर कार्तिक पूर्णिमा के आयोजन हर्षोल्लास के साथ होते हैं। यह दिन इसलिए भी विशेष है, क्योंकि मानवता को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान और प्रकाश का मार्ग दिखाने वाले गुरु नानक देव जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व भी इसी दिन मनाया जाता है।

'एक ओंकार' ने दिया सामाजिक एकता और समानता का संदेश

मुख्यमंत्री योगी ने गुरु नानक देव जी महाराज की यात्राओं और उनके समय की सामाजिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब उन्होंने मानवता को एकता का संदेश दिया, उस समय समाज अनेक प्रकार की विसंगतियों और विभाजनों से जूझ रहा था। जाति, छुआछूत और अस्पृश्यता के नाम पर समाज बिखरा हुआ था। दूसरी ओर विदेशी आक्रमण और बाहरी हमलों की चुनौतियां भी थीं। ऐसे कठिन दौर में गुरु नानक देव जी महाराज ने 'एक ओंकार' का मंत्र देकर संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में बांधा। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज का स्पष्ट संदेश था कि ईश्वर एक है और हम सभी उसकी संतान हैं। इसलिए प्रत्येक मनुष्य समान सम्मान का अधिकारी है। उनके द्वारा दिया गया यह मंत्र उस समय समाज को जोड़ने की बड़ी शक्ति बना और आज भी इसकी प्रासंगिकता बनी हुई है। सीमित साधनों और संसाधनों के बावजूद गुरु नानक देव जी महाराज ने विभिन्न स्थानों की यात्राएं कर मानवता, समानता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

'नाम जपो, कीरत करो, वंड छको' में समाहित है जीवन का सार

मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जी महाराज के तीन प्रमुख सिद्धांतों 'नाम जपो, कीरत करो, वंड छको' की व्याख्या करते हुए कहा कि ईश्वर का स्मरण, कीर्तन और सामूहिकता मनुष्य के भीतर सकारात्मक भाव पैदा करते हैं। इससे अज्ञानता दूर होती है और समाज में एकजुटता की शक्ति जागृत होती है। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास जी की पंक्ति 'श्रद्धावान लभते ज्ञानम्' का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रद्धा के माध्यम से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। गुरु नानक देव जी महाराज भी कीर्तन के माध्यम से मनुष्य के भीतर श्रद्धा और सद्भाव का भाव जागृत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने 'वंड छको' के सिद्धांत को सामाजिक समानता और सहभागिता का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि इसका आशय है कि कोई भी व्यक्ति उपेक्षित न रहे और सभी मिल-बांटकर भोजन करें। गुरुद्वारों में संचालित लंगर की परंपरा आज भी इस महान विचार को साकार कर रही है। वहां किसी की जाति, मत या मजहब नहीं पूछा जाता। हर व्यक्ति एक साथ पंगत में बैठकर समान सम्मान के साथ भोजन करता है। यह केवल भोजन कराने की व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा, समानता और मानवीय संवेदना का अनुपम उदाहरण है।

अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देती है सच्ची आध्यात्मिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज ने आध्यात्मिकता को केवल व्यक्तिगत साधना या आत्मकल्याण तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे अन्याय के विरुद्ध निर्भीक होकर खड़े होने की प्रेरणा से जोड़ा। सच्ची आध्यात्मिकता पलायन का मार्ग नहीं दिखाती। यदि समाज में कोई अत्याचार या अन्याय हो रहा है तो उसके सामने मौन रहना आध्यात्मिकता नहीं हो सकती। सच्ची आध्यात्मिक चेतना व्यक्ति को अन्याय का डटकर मुकाबला करने और धर्म की रक्षा के लिए खड़े होने का साहस देती है।

धूमधाम से मनाया गया जगत गुरु श्री गुरु नानक देव का 557वां प्रकाश पर्व



फतेहपुर, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में मंगलवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में प्रबंधक कमेटी की अगुवाई में जगत गुरु श्री गुरु नानक देव का 557वां प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर साप्ताहिक पाठ की समाप्ति, कीर्तन दरबार एवं गुरु प्रसाद की सेवा का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में ज्ञानी प्रीतम सिंह ने गुरु नानक देव के जीवन, इतिहास एवं उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु साहिब ने मानवता से प्रेम, समानता, भाईचारे, निःस्वार्थ सेवा के मार्ग पर चलने की लोगों की सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर जतिंदर पाल सिंह, लाभ सिंह, परमजीत सिंह, परविंदर सिंह, गुरमीत सिंह, नरिंदर सिंह, जसवीर सिंह, सहित बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही।

सरकारी खरीद के दावों पर भारी किसानों की बेबसी, 11 दिन से धान तौल का इंतजार

फर्रुखाबाद, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए संचालित सरकारी धान खरीद केंद्रों की व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। कायमगंज मंडी समिति स्थित धान खरीद केंद्र पर अपनी उपज बेचने पहुंचे किसानों को 10 से 11 दिन तक तौल के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। खरीद की धीमी रफ्तार और बारदाने की कमी की शिकायतों ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हालात यह हैं कि धान से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां कई दिनों तक मंडी परिसर में खड़ी रहती हैं और किसान खुले आसमान के नीचे अपनी मेहनत की कमाई की रखवाली करने को मजबूर हैं।

किसानों का आरोप है कि खरीद



केंद्र की वास्तविक तौल क्षमता का आकलन किए बिना टोकन जारी कर दिए जाते हैं। टोकन मिलने के बाद किसान धान लेकर मंडी पहुंचते हैं, लेकिन वहां उन्हें अपनी बारी के लिए कई-कई दिन इंतजार करना पड़ता है। इससे समय की बबार्दी के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली का किराया और अन्य खर्च भी बढ़ रहे हैं। किसानों के मुताबिक केंद्र पर प्रतिदिन करीब 100 क्विंटल धान की तौल हो पा रही है, जबकि आवक इससे कहीं अधिक है। ऐसे में मंडी परिसर में किसानों की कतार लगातार लंबी होती जा रही है।

शिकायतकताओं के नाम दें, कराएंगे जांच

इस मामले में जिला विपणन अधिकारी रोली सिंह ने कहा कि यदि आरोप किसी विशेष व्यक्ति से संबंधित हैं तो उसकी जांच कराई जा सकती है। जिन लोगों की ओर से आरोप लगाए जा रहे हैं, उनके नाम और विवरण व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराने होंगे, ताकि मामले की पड़ताल कराई जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि धान और बाजरे की खरीद नियमानुसार की जा रही है।

सरकार का परंपरा की रसोई से कुपोषण पर वार, देवीपाटन मंडल की अनूठी पहल

लखनऊ। राज्य सरकार प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के देवीपाटन मंडल ने एक अनूठी पहल करते हुए कुपोषण से लड़ाई को स्थानीय परंपराओं और आधुनिक पोषण व्यवस्था से जोड़ने का अभिनव प्रयास किया है। देवीपाटन मंडलायुक्त ने 'परंपरा से पोषण' नाम से शुरू पहल के तहत पारंपरिक खानपान, आयु के अनुसार पोषाहार और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सामग्रियों को एक विशेष पोषण किट में शामिल किया है। इस तरह की अनूठी पहल करने वाला देवीपाटन प्रदेश का पहला मंडल बना है। देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण जागरूकता और कुपोषण उन्मूलन पर जोर है।

देव दीपावली पर महिलाओं को बांटे तुलसी के पौधे पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



वाराणसी, एजेंसी।

देव दीपावली के पावन अवसर पर 'नई सुबह एक उम्मीद' सामाजिक संस्था की ओर से करौंदी वार्ड स्थित हनुमान मंदिर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं को तुलसी के पौधे वितरित किए गए और उन्हें पर्व के धार्मिक महत्व के साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। संस्था की अध्यक्ष ममता ने कहा कि देव दीपावली अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। इसी तरह तुलसी का पौधा भी घर-परिवार में सकारात्मकता, स्वास्थ्य और शुद्ध वातावरण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि एक छोटा सा दीपक जिस तरह अंधकार को दूर कर सकता है, उसी तरह एक छोटा सा तुलसी का पौधा हमारे जीवन, स्वास्थ्य और पर्यावरण को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

योगी सरकार में बदली वनटांगिया और मुसहर परिवारों की तकदीर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहे वनटांगिया और मुसहर समुदाय के जीवन में अब बदलाव की नई इबारत लिखी जा रही है। ब्रिटिश काल से उपेक्षा का दंश झेलते आए सात हजार से अधिक वनटांगिया परिवारों और घोर अभाव में जीवनयापन करने वाले करीब 30 हजार मुसहर परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में योगी सरकार की पहल से बड़ा बदलाव लाया गया है। कभी ये परिवार बिजली, पानी, पक्के मकान और राशन कार्ड जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित थे। इनके गांवों को राजस्व ग्राम की मान्यता नहीं मिलने के कारण नागरिक और भूमि अधिकारों से जुड़ी अनेक चुनौतियां भी बनी हुई थीं।

कार्तिक पूर्णिमा पर पंचनद में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, सेंगनपुर में गूंजे फाग के गीत



औरैया, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में बीहड़ पट्टी क्षेत्र के पंचनद पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य किया। वहीं शाम को सेंगनपुर गांव में पारंपरिक फाग गायन का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के लोक गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से ग्रामीण संस्कृति और पुरानी परंपराओं की यादें ताजा कर दीं। फाग गायन कार्यक्रम में कैथौली निवासी देवकांत दुबे, असेवा निवासी अर्जुन, भूरेपुर निवासी छोटेलाल, भीखेपुर निवासी बेंचेलाल, लालपुरा निवासी बाबा, रामपुरा निवासी अमर सिंह, असेबटा निवासी जसवंत और ढोलक मास्टर हाकिम सिंह यादव ने अपनी गायकी से समां बांधा। ढोलक की थाप पर फाग के पारंपरिक गीतों की गूंज से माहौल उत्साहपूर्ण हो गया।

कार्तिक पूर्णिमा पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

बलिया, एजेंसी।

कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शिवरामपुर गंगा घाट पहुंचकर मां गंगा में आस्था की पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से गंगा स्नान कर पूजा-अर्चना की और लोकमंगल की कामना की।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालु सुबह से ही गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे थे। परिवहन मंत्री ने भी श्रद्धा और आस्था के साथ गंगा स्नान किया। इस अवसर पर गंगा किनारे उनके द्वारा आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के बीच



प्रसाद का वितरण किया गया।

डीएम और एसपी ने भी प्रसाद वितरित किए। वहीं, मंत्री श्री सिंह ने श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए उन्हें कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं भी दीं। धार्मिक आस्था और सेवा भाव के साथ आयोजित इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा में डुबकी के साथ प्रदेश और देश के लिए खुशहाली मांगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश आज तरक्की की राह पर है। इसी तरह आगे बढ़ता रहे, इसके लिए ही आज महत्वपूर्ण दिन गंगा स्नान किया।

कानपुर डीआईजी ने पांचाल घाट का लिया जाएजा, दिए निर्देश

फरुर्खाबाद, एजेंसी।

कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए पांचाल घाट पर उमड़ने वाले श्रद्धालुओं के सैलाब को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संभालना पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस महकमा पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) परिक्षेत्र कानपुर यमुना प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के साथ पांचाल घाट पहुंचकर मेला क्षेत्र और स्नान घाटों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात संचालन



और स्नान घाटों पर किए गए इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, पार्किंग स्थलों और स्वास्थ्य शिविरों की तैयारियों की भी समीक्षा की। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि गंगा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की अव्यवस्था अथवा असुविधा का सामना न करना पड़े। डीआईजी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि भीड़भाड़ वाले स्थानों और स्नान घाटों पर पुलिस की सतर्क निगरानी बनी रहनी चाहिए। यातायात व्यवस्था इस तरह संचालित की जाए कि वाहनों के आवागमन और श्रद्धालुओं की आवाजाही में टकराव की स्थिति न बने। पार्किंग स्थलों पर वाहनों को निर्धारित स्थानों पर खड़ा कराया जाए, जिससे मेला क्षेत्र में जाम की समस्या उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने भी अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों के साथ श्रद्धालुओं की सहायता और सुविधा पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। डीआईजी के निरीक्षण ने साफ कर दिया कि कार्तिक पूर्णिमा मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम गंगा स्नान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीआईजी ने बताया कि वह कन्नौज में भी निरीक्षण कर चुके है।

कार्तिक पूर्णिमा पर गड़बड़ा धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, 30 हजार भक्तों ने किए दर्शन



मीरजापुर, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में हलिया क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम स्थित मां शीतला मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह मंदिर का कपाट खुलते ही दर्शन-पूजन के लिए पुरुषों और महिलाओं की लंबी कतार लग गई। मां शीतला के जयकारों से पूरा धाम भक्तिमय हो उठा। क्षेत्र के अलावा पड़ोसी जनपद प्रयागराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। भक्तों ने मां को माला-फूल, चुनरी, नारियल और हलवा-पूड़ी का प्रसाद चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से देर शाम तक दर्शनार्थियों के आने का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते मंदिर परिसर और आसपास मेले जैसा माहौल बना रहा। मंदिर के पुजारी रजनीश पांडेय और मंगलधारी मिश्र ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर करीब 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। हालांकि, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच मंदिर परिसर के आसपास गंदगी भी जमा रही। मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए हलिया थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमण करते रहे।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं किसान कल्याण से जुड़े विभागों की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

उत्तम भारत संवाददाता



अलीगढ़। मण्डलायुक्त ओ.पी. आर्य की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं किसान कल्याण से जुड़े विभिन्न विभागों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पशुपालन, कृषि, सहकारिता, उद्यान तथा खाद्य एवं रसद विभाग की विभागवार समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने मण्डलीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को शासन की मंशानुसार योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

मण्डलायुक्त ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकाधिक किसान एवं पशुपालक योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठा सकें तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करें। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि प्रगतिशील किसानों एवं पशुपालकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें विभागीय योजनाओं के संचालन एवं प्रचार-प्रसार में सहभागी बनाया जाए। पशु चिकित्सा, कृत्रिम गभार्धान, बकरी पालन एवं टीकाकरण की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाया जाए। प्रत्येक जनपद में पशुपालन विभाग के अधिकारी 10-10 गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं कमियों की विस्तृत रिपोर्ट 15 ,दिन में उपलब्ध कराएं, ताकि कमियों को दूर कर गौशालाओं का बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जा सके। मण्डलायुक्त ने रबी फसल की बुवाई के दृष्टिगत मण्डल के सभी जनपदों में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता एवं सुचारु वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से एटा एवं कासगंज में खाद से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर देते हुए संबंधित एआर कोऑपरेटिव को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा किसानों को अनावश्यक परेशानी स्वीकार नहीं की जाएगी।

कृषि एवं संबंधित विभागों की समीक्षा में वर्मी कंपोस्ट, खेत तालाब योजना, कृषक जागरूकता कार्यक्रम, मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम, मक्का विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं खाद्य प्रसंस्करण सहित अन्य योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा अधिकाधिक पात्र किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने अन्त्योदय अन्न योजना का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने, रिक्त एवं संचालित न होने वाली 65 उचित दर दुकानों का आवंटन शीघ्र पूर्ण कराने तथा निर्माणाधीन एवं अवशेष अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण प्राथमिकता पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की प्रगति में मात्र औपचारिकता न निभाई जाए, बल्कि धरातल पर उनके परिणाम दिखाई देने चाहिए। किसानों एवं ग्रामीणों को योजनाओं से वास्तविक लाभान्वित करना सभी विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन प्रदीप कुमार यादव, जेडीसी मंशाराम यादव, सम्बंधित समस्त विभागों के उप निदेशक, उपायुक्त, जिला पूर्ति अधिकारी आदि मौजूद रहे।

एसएसपी ने किए 24 दरोगाओं के तबादले

उत्तम भारत संवाददाता



अलीगढ़। एसएसपी नीरज जादौन ने 24 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें पुलिस लाइन, थानों और चौकियों में तैनात दरोगा शामिल हैं। सभी को नई जगह तैनाती देकर जनहित में जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए गए हैं।

जारी सूची के अनुसार, रवि पवन कुमार को बन्नादेवी से नगला कलार चौकी, रोहित वर्मा को इगलास से बहादुरपुर चौकी और दीपक कुमार को बहादुरपुर चौकी से थाना गोंडा भेजा गया है। नरेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से सारसौल चौकी बन्नादेवी, अजय कुमार को दादों से रोडवेज चौकी गांधीपार्क और अंकित कुमार को दादों से बरौली चौकी जवां भेजा गया है। बरौली चौकी पर तैनात बलवीर सिंह को थाना जवां में नई जिम्मेदारी दी गई है। मनीष कुमार गुप्ता को पुलिस लाइन से मेडिकल चौकी सिविल लाइन, निखिल मलिक को सिविल लाइन से भमोला चौकी और जावेद हसन को इसी थाने से सेंटर प्वाइंट चौकी भेजा गया है।

अमित कुमार को गभाना से वीरपुरा चौकी, जबकि अरविंद कुमार कुशवाह और सौरभ तिवारी को दादों से थाना लोधा स्थानांतरित किया गया है। विक्रम सिंह को गंगीरी से जलाली चौकी हरदुआगंज, अंकित कुमार गुप्ता को गंगीरी से तालानगरी चौकी और जितेंद्र सिंह राणा को जलाली चौकी से अचलताल चौकी गांधीपार्क भेजा गया है। आदित्य श्रीवास्तव को पुलिस लाइन से थाना महुआखेड़ा और अजय कुमार को गोंडा से करवा चौकी में तैनाती दी गई है। जबकि महिला उपनिरीक्षक तनु तोमर को इगलास से हरदुआगंज भेजा गया है। संजय कुमार को पालीमुकीमपुर से हवाई अड्डा चौकी महुआखेड़ा और अजहर हसन को इसी थाने से खैर में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है। राजकुमार को पुलिस लाइन से गोंडा, विजय भारत सिंह को पुलिस लाइन से गंगीरी और चंद्रका प्रसाद तिवारी को महुआखेड़ा से यूपी-112 में भेजा गया है।

एसएसपी ने सभी स्थानांतरित उपनिरीक्षकों को नई तैनाती पर पहुंचकर पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से काम करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़, पैर में गोली लगने से तीन बदमाश घायल

नगीना। गोवंश काटने की तैयारी कर रहे तीन गौ तस्करों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में तीनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने तीनों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। नगीना थाने में तैनात उप निरीक्षक सर्वेश खान ने बताया कि मंगलवार की रात तड़के सवा तीन बजे मुखबिर से सूचना मिली कि काजी वाले के जंगल में तीन बदमाश एक बैल को काटने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तीनों गौ तस्करों को धेर कर ललकार तो तीनों ने पुलिस पर हमला करने का प्रयास किया। आत्मरक्षा में पुलिस ने गोली चलाई जिससे तीनों के पैर में गोली लगी।

राजस्थान में जिला परिषद के चुनाव में जीतकर आये परिषद सदस्यों को बधाई

उत्तम भारत संवाददाता



अलीगढ़। हाल ही में राजस्थान में जिला परिषद के चुनाव में जीतकर आये परिषद सदस्यों को अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष डा. अशोक चौहान और राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं महासचिव ठा. गवेन्द्र सिंह एड. ने बधाई दी है।

उन्होने कहा कि अखिल भारतीय पंचायत परिषद गैर राजनैतिक संघ है, जिसका मुख्य कार्य ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय निकायों को संवैधानिक अधिकार दिलाना, प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित करना। उन्होने कहा कि सन 1958 में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बलवंत राय मेहता एवं लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी द्वारा यंह संस्था राष्ट्रपिता गांधी जी के ग्राम स्वराज के सपनों को साकार करने के लिए ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के बीच सेतु का कार्य करती है। उन्होने कहा कि अखिल भारतीय पंचायत परिषद के सभी निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों के जनहित के विकास अपना पूर्ण सहयोग और समर्थन देगी।

श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय अलीगढ़ के प्राध्यापक पर भ्रष्टाचार का आरोप

उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्विद्यालय-स्ववित्त महाविद्यालय एसो0 द्वारा श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय अलीगढ़ के प्राध्यापक डॉक्टर ओमवीर सिंह पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। एसो0 के पदाधिकारियों कहना है कि उनके महाविद्यालयों डा0 ओमवीर सिंह पर अपनी स्वंयकी फ्लाइंग स्ववाड बनाने का दबाव बन रहे है।

जबकि डाक्टर ओमवीर सिंह खुद भ्रष्ट व्यकित हैं। एसो0 का आरोप है कि डाक्टर ओमवीर सिंह ने 2023 की परीक्षा में जब आगरा विश्वविद्यालय से परीक्षा केन्द्र संचालित होते थे, विभिन्न महाविद्यालयों से 25 से 50 हजार धन उगाही की थी। जबकि यह महाविद्यालय द्वारा किसी भी फ्लांइग स्क्वांड नियुक्त नहीं थे, अभी सोशल मीडिया उनकी एक वीडियों वायरल हो रही है। जिसमें महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री व उत्तर प्रदेश सरकार को भ्रष्ट बता रहे हैं। एसो0 के अध्यक्ष डा. ब्रहमजीत सिंह, नरेन्द्र भारद्वाज , गिर्राज प्राधान जी, ललित कुमार, अलीगढ़ जिलाध्यक्ष सोन प्रताप सिंह, चेतन भारद्वाज, सचिन शर्मा, जोगेन्द्र चौ0, वरेन्द्र पाठक आदि ने जिसे लेकर एसो0 द्वारा अलीगढ़ के थाना लोधा में प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु तहरीर दी है।

11 अफसरों के चुनाव बैठक में गैरहाजिर एडीएम सख्त, तीन दिन में मांगा जवाब

उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। निर्वाचन का काम प्रशासन की प्राथमिकता में है, लेकिन जिम्मेदारी संभाल रहे अफसर ही बैठकों से दूरी बनाने लगे हैं। निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण बैठक में 11 अधिकारियों पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन सौरभ भट्ट ने कड़ा रुख अपनाया है और तीन दिन के भीतर जवाब देना होगा।

मंगलवार को आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों में शिक्षा, राजस्व, बाल विकास, खाद्य सुरक्षा और नगर निकाय विभाग के कार्मिक शामिल हैं। इनमें खंड शिक्षा अधिकारी टप्पल देवेंद्र कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी बरौली रामा दुबे, नायब तहसीलदार बरौली आदिति जैन, सीडीपीओ चंडौस अनिल कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी गभाना शिवदास सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी बिजौली राजकुमार, नायब तहसीलदार अतरौली सचिन कुमार, नायब तहसीलदार दादों सचिन कुमार, अधिशासी अधिकारी अतरौली संजय कुमार गौतम, नायब तहसीलदार लोधा विकास चौधरी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी नगर महेश कुमार शामिल हैं।

एडीएम प्रशासन की ओर से जारी स्पष्टीकरण पत्र में स्पष्ट किया गया है कि बैठक में प्रतिभाग करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पूर्व में निर्देशित किया गया था।

भाजपा महानगर अध्यक्ष ने की बैठक

उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। भाजपा ब्रज क्षेत्र के संगठक अभय गिरि मुख्य अतिथि थे। महानगर अध्यक्ष इं. राजीव शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक वार्ड 69 के गूलर रोड स्थित गायत्री पैलेस में हुई। इं. राजीव शर्मा ने संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम करने और अभियान को लोगों तक पहुंचाने की बात कही।

उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकताओं से मतदाता जोड़ो विशेष अभियान-2026 के तहत अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने और बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने को कहा।

अभय गिरि ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर चुनाव को चुनौती मानकर लक्ष्य हासिल करने तक पार्टी के काम में जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत और संगठन के प्रति निष्ठा पार्टी की ताकत है। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकताओं से मतदाता जोड़ो विशेष अभियान-2026 के तहत अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने और बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने को कहा।

बैठक में अभय गिरि ने पूर्व और वर्तमान वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकताओं से संगठन और चुनाव से जुड़े विषयों पर सुझाव लिए। उन्होंने आगामी कार्ययोजनाओं के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान भाजपा महानगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी, पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारी, बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीनियर पत्रकार गय्यूर चौधरी की पत्नी का निधन, अंतिम यात्रा में उमड़ी सैकड़ों लोगों की भीड़

स्योहारा। नगर के सीनियर पत्रकार गय्यूर चौधरी की पत्नी के निधन से नगर में शोक की लहर दौड़ गई, उनके निधन की खबर मिलते ही पत्रकारिता जगत, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए समस्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गय्यूर चौधरी की पत्नी पिछले कुछ समय बीमार चल रही थीं। उपचार के बावजूद आज उनका निधन हो गया। उनके निधन से परिवार में दुख का माहौल है आज बाद नमाजे असर उनके जनाजे की नमाज अदा की गई। साथ ही पत्रकार हसानुद्दीन अंसारी की भाभी का भी निधन हो गया तथा उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम विदाई के दौरान बड़ी संख्या में नगर एवं क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। इस दुख की घड़ी में सुप्रसिद्ध समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार वर्मा, समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक हाजी नईम उल हसन, नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता महफूज चौधरी, हाजी मोहम्मद इलियास, नौशाद अंसारी, डॉ कफील चौधरी, असजद चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी, नगर के वरिष्ठ पत्रकार इकबाल अंसारी, फजल अंसारी, आकाश तोमर सहित अनेक गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

शिक्षा राज्यमंत्री संदीप और भाई सौरभ ने निभाई घुड़चढ़ी की रस्म



उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। पूर्व राज्यपाल एवं उ.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नाती एवं उ.प्र. के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के छोटे भाई सौरभ सिंह ने अलीगढ़ में मैरिस रोड स्थित राज पैलेस में पूजा-अर्चना के बाद घुड़चढ़ी की रस्म पूरी की। इस दौरान पिता राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया भी बेटों के साथ जमकर थिरके। शुभ मुहूर्त में संदीप और सौरभ घोड़ी पर सवार हुए। इस दौरान उनके पिता भी दोनों बेटों के साथ डांस करते नजर आए।

मां प्रेमलता, दादी रामवती देवी, दोनों बहनों, बहनोई, रिश्तेदारों और दोस्तों ने भी समारोह में हिस्सा लिया। घुड़चढ़ी के बाद पूरा परिवार और करीबी रिश्तेदार दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दोनों भाइयों का विवाह 26 नवंबर को दिल्ली के द लीला होटल में होगा। संदीप सिंह अपनी बचपन की दोस्त मेघना चौधरी के साथ सात फेरे लेंगे, जबकि सौरभ सिंह की शादी अंतरा त्यागी से होगी।

दिल्ली में होने वाले विवाह समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वीवीआईपी और राजनीतिक हस्तियों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इसके अगले दिन 27 नवंबर को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के पास स्थित द जोरा में भव्य रिसेप्शन आयोजित होगा। इसमें देश और प्रदेश के राजनीतिक दिग्गजों, मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के शामिल होने की संभावना है। संदीप सिंह अतरौली से विधायक और प्रदेश सरकार में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री हैं। वह पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पौत्र और पूर्व सांसद राजवीर सिंह के बेटे हैं। इस वजह से दोनों भाइयों की शादी पारिवारिक आयोजन के साथ राजनीतिक जगत में भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

खेत पर महिला और बेटे को पीटा



उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। पिसावा थाना क्षेत्र के कृपालगड़ी गांव में खेत पर काम करने गई महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट की गई। महिला ने चार लोगों पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया है। उसने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता श्वेता पत्नी गिरीश ने बताया कि मंगलवार को सुबह 9 बजे वह खेत पर काम करने गई थी। आरोप है कि वहां राजेश पुत्र जगबीर, धर्मेंद्र पुत्र उदल सिंह, प्रिंस पुत्र धर्मेंद्र और सुमेश पुत्र सोरन सिंह ने उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की। श्वेता के मुताबिक, उसका बेटा प्रियांशु बीच-बचाव करने आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट और गाली-गलौज की। मां को चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे, जिसके बाद आरोपी धमकी देकर वहां से चले गए। श्वेता ने आरोप लगाया कि लोगों ने पुलिस में शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। घटना के बाद वह बेटे के साथ थाने पहुंची और तहरीर दी।

कांग्रेस में नौजवानों को जोड़ने की नई पहल



उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पारस शुक्ला द्वारा राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी की संस्तुति पर जनपद अलीगढ़ से उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पश्चिम का प्रदेश महासचिव फहीम खान एवं प्रदेश सचिव हरि विष्णु पाराशर को नियुक्त किया गया है। वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों को युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष गौरांग देव चौहान ने मिठाई खिलाकर बधाई दी, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वहीं एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष आकाश मसीह ने जानकारी देते हुए बताया के फहीम खान अतरौली विधानसभा के निवासी हैं और वह पूर्व में युवा कांग्रेस के जिला महासचिव एवं अतरौली विधानसभा अध्यक्ष भी रहे हैं। हरि विष्णु पाराशर कोल विधान सभा के रहने वाले हैं वह कोल विधानसभा अध्यक्ष एवं जिला सचिव भी रहे हैं। इतना ही नहीं दोनों नौजवानों में संगठन की मजबूती हेतु कार्य करने की क्षमता है पिछले कई वर्षों से युवा कांग्रेस को मजबूती प्रदान करते आ रहे हैं जबकि उनकी पार्टी संगठन के प्रति ईमानदारी देखते हुए व संघर्ष करने की लगन को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ल द्वारा प्रदेश की इकाई में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का कहना है पार्टी द्वारा जताया विश्वास पार्टी को और नौजवानों को जोड़ने के लिए एक नई पहल है और युवा कांग्रेस को मजबूत करने के लिए अलीगढ़ में युवाओं को विधानसभा वार जोड़ने का कार्य किया जाएगा जिससे 27 एवं 29 में प्रदेश में देश में कांग्रेस की सरकार स्थापित की जा सके।

वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय शोध पद्धति कार्यक्रम का शुभारंभ

उत्तम भारत संवाददाता



मेरठ। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय, गजरौला में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के प्रायोजन में पांच दिवसीय शोध पद्धति कार्यक्रम का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शोध, नवाचार और आधुनिक अनुसंधान तकनीकों पर विशेषज्ञ मंथन करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रो-चांसलर डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कांत डेव, प्रो-वाइस चांसलर प्रो. मानस रंजन पाणिग्रही, रजिस्ट्रार प्रो. पीयूष पांडे और डीन एकेडमिक्स प्रो. राजेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन दीप प्रज्वलित कर किया। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका भविष्य में ऐतिहासिक महत्व रखेगी। ऐसे कार्यक्रम शोधार्थियों और शिक्षाविदों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण साबित होंगे। प्रो-चांसलर डॉ. राजीव त्यागी ने शोध में एआई के उपयोग के साथ मौलिकता और अकादमिक नैतिकता बनाए रखने पर जोर दिया। कुलपति प्रो. कृष्ण कांत डेव ने प्रतिभागियों से कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के पहले दिन डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के प्रो. मनविंदर सिंह पाहवा और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. हेमेन्द्र कुमार दांगी ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। उन्होंने शोध की बुनियादी अवधारणाओं, शोध अभिकल्पना, शोध प्रश्नों के निर्माण तथा अनुसंधान में एआई की उपयोगिता पर जानकारी दी।

पांच दिवसीय कार्यक्रम में साहित्य समीक्षा के लिए एआई टूल्स, डेटा संग्रहण एवं विश्लेषण, शोध नमूना चयन, परिकल्पना निर्माण, सांख्यिकीय उपकरण और शोध में नैतिकता जैसे विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। आगामी सत्रों में आईआईटी रुड़की, जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा, दिल्ली सहित देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम का संयोजन प्रो. सुमन कुमारी और डॉ. प्रीति मिश्रा कर रही हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक, अधिकारी और देशभर से आए पांच दर्जन से अधिक शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

हर-हर गंगे के जयकारों से गूंजा रामगंगा तट, श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

'कार्तिक पूर्णिमा पर दर्जनों गांवों से पहुंचे श्रद्धालु, बच्चों के मुंडन संस्कार कराकर किया खिचड़ी का दान'

उत्तम भारत संवाददाता



ठाकुरद्वारा। कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर रामगंगा नदी के तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह करीब चार बजे से ही क्षेत्र के जयनगर, मलकपुर सेमली, दरियापुर, रफातपुर रायभूड़ सहित दर्जनों गांवों से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। हर-हर गंगे और गंगा मैया के जयकारों से पूरा रामगंगा तट गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पवित्र नदी में स्नान कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महिला, पुरुष और बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने स्नान के बाद पूजा-अर्चना की और गरीबों को खिचड़ी सहित अन्य वस्तुओं का दान किया। कई परिवारों ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। धार्मिक मान्यता के चलते दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ मेले में पहुंचे। मेले में लगी दुकानों पर महिलाओं और बच्चों की भीड़ रही। बच्चों ने खिलौने और मिठाइयां खरीदीं, जबकि महिलाओं ने घरेलू सामान की खरीदारी की। पूरे दिन मेले में चहल-पहल बनी रही और ग्रामीण संस्कृति की झलक देखने को मिली। हालांकि, स्नान स्थल मेला परिसर से कुछ दूरी पर होने के कारण श्रद्धालुओं को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए महिला कांस्टेबलों सहित पुलिस बल तैनात रहा। जगह-जगह बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। मेले में बिछड़े बच्चों को पुलिस सहायता केंद्र की मदद से उनके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाया गया।व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एसडीएम एमके मिश्रा, तहसीलदार अमित कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह, कोतवाली प्रभारी सुनील शर्मा और सुरजननगर चौकी प्रभारी ओंकार सिंह ने मेला स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह, जिला महामंत्री भानु प्रताप सिंह, दरियापुर प्रधान प्रेम सिंह, नीटू चौहान, आचार्य गजेंद्र सिंह, डॉ. अनुपम शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पति महावीर सिंह, डॉ. शेर सिंह, सोम सिंह और महिपाल सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रामगंगा नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



उत्तम भारत संवाददाता

स्योहारा। गंगा स्नान पर्व पर रामगंगा नदी के किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी जहां लोगों ने पवित्र स्नान कर पूजा-अर्चना की, मेले में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्योहारा-ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित रामगंगा पुल पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को भीड़ नियंत्रण यातायात व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मेले की निगरानी ड्रोन कैमरे से भी की गई। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्नान स्थल एवं आसपास के क्षेत्र में निगरानी रखी। पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से स्नान के दौरान सावधानी बरतने एवं पुलिस के दिशा-निदेर्शों का पालन करने की अपील की। गंगा स्नान पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस लगातार सतर्क रही।

मंदिर के बाहर खड़े युवक पर बाइक सवारों ने चलाई गोली, बाल-बाल बचा; छूकर निकली गोली

उत्तम भारत संवाददाता



बिजनौर। बिजनौर शहर कोतवाली क्षेत्र के दारा नगर गंज इलाके में मंगलवार दोपहर बाइक सवार हमलावरों ने मंदिर के बाहर खड़े एक युवक पर गोली चला दी। गोली युवक को छूकर निकल गई, जिससे वह घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई गोलीबारी से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

गंज निवासी नरदेव का 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक मंगलवार दोपहर करीब 12:15 बजे जाटव मंदिर के बाहर खड़ा था। आरोप है कि इसी दौरान बाइक सवार कुछ लोग वहां पहुंचे और हालचाल पूछने के बहाने अभिषेक से बातचीत करने लगे। बातचीत के दौरान ही हमलावरों में से किसी ने उस पर गोली चला दी। गोली अभिषेक को छूकर निकल गई, जिससे वह घायल हो गया।

गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घायल अभिषेक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। अभिषेक ने भी किसी तरह के आपसी विवाद की जानकारी नहीं दी है।

सीओ सिटी अभय पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस हमलावरों का पता लगाने में जुटी है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

ठाकुरद्वारा। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। इस दौरान टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर मुसीबत के समय तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न होने पर महिलाएं इन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर पुलिस और संबंधित विभागों से सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

ठाकुरद्वारा-सुरजननगर मार्ग पर गड्ढों का जाल, धूल के गुबार से लोग बेहाल

गड्ढों में ईंटें भरकर छोड़ी सड़क, वाहनों के गुजरते ही उड़ती है धूल, दुकानदारों और राहगीरों को हो रही परेशानी

उत्तम भारत संवाददाता

ठाकुरद्वारा। ठाकुरद्वारा-सुरजननगर मार्ग की बदहाल हालत राहगीरों और आसपास के दुकानदारों के लिए मुसीबत बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों को भरने के लिए ईंटें डाल दी गई हैं, लेकिन इससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। वाहनों के गुजरते ही सड़क पर धूल के गुबार उठने लगते हैं। इससे राहगीरों के साथ ही सड़क किनारे दुकान चलाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। सड़क पर गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को काफी सावधानी बरतनी पड़ती है। कई स्थानों पर गड्ढों में भरी ईंटें उखड़कर सड़क पर फैल गई हैं। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं वाहनों की आवाजाही से उड़ने वाली धूल दुकानों और आसपास के घरों तक पहुंच रही है। दुकानदारों को बार-बार अपनी दुकानों की सफाई करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग की हालत लंबे समय से खराब है। सड़क की मरम्मत के नाम पर गड्ढों में ईंटें डालकर खानापूर्ति कर दी गई, लेकिन इससे लोगों को राहत नहीं मिली। दिनभर वाहनों की आवाजाही के कारण धूल उड़ती रहती है। इससे राहगीरों को सांस लेने और दुकानदारों को अपना कारोबार करने में परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ता है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। इसके बावजूद सड़क की हालत सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मार्ग की जल्द मरम्मत कराकर गड्ढों से निजात दिलाने की मांग की है, ताकि राहगीरों और दुकानदारों को राहत मिल सके।

बंबा की पटरी पर अवैध कब्जे का आरोप, डीएम से लगाई न्याय की गुहार

एटा/जलेसर। क्षेत्र के ग्राम नगवाई में शकरौली राजवाह की पटरी पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। पटरी पर अतिक्रमण के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होने का आरोप लगाते हुए गांव निवासी विनेश कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गांव से होकर गुजरने वाले शकरौली राजवाह की पटरी पर कुछ लोगों ने अनाधिकृत रूप से कब्जा कर लिया है। यह कब्जा सतीश चंद्र एवं शिशुपाल सिंह के मकान से लेकर गंगा प्रसाद पुत्र नत्थी सिंह के मकान तक होने की बात कही गई है। ग्रामीण का कहना है कि पटरी पर अतिक्रमण के चलते सार्वजनिक आवागमन प्रभावित हो रहा है और गांव के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

एटा पुलिस में फेरबदल नौ निरीक्षकों को मिली नई जिम्मेदारी

एटा। पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए नौ निरीक्षकों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश के अनुसार पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षकों को विभिन्न शाखाओं, थानों और महत्वपूर्ण इकाइयों में भेजा गया है। निरीक्षक कुलदीप कुमार सिंह को प्रभारी जनसूचना एवं ह्यूमन राइट सेल, अनीस अहमद को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, आशीष कुमार सिंह को थाना साइबर एटा और विनोद कुमार को अपराध शाखा में भेजा गया है। इसी क्रम में संजीव कुमार को प्रभारी आईजीआरएस एवं शिकायत प्रकोष्ठ शाखा, ब्रजपाल सिंह को प्रभारी यूपी-112, चरण सिंह को प्रभारी सीसीटीएनएस तथा राम निवास को अपराध शाखा की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, महिला निरीक्षक सरिता सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना एटा बनाया गया है। सभी अधिकारियों की नई तैनाती से संबंधित आदेश जारी किए गए हैं।

दस हजार रुपये के विवाद में तिकोनिया पर बवाल, बीच सड़क चले लात घूंसे

तमंचा लहराने से मची भगदड़, दोनों ओर दो-दो किलोमीटर तक लगा जाम, पुलिस ने तीन को हिरासत में लिया

उत्तम भारत संवाददाता

ठाकुरद्वारा। उधार की रकम वापस मांगने को लेकर तिकोनिया पार्क के पास दो पक्षों के बीच सड़क पर जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान एक युवक के तमंचा लहराने से लोगों में दहशत फैल गई और मौके पर भगदड़ मच गई। अचानक हुए हंगामे से मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सड़क के दोनों ओर करीब दो-दो किलोमीटर तक जाम लगने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। डिलारी थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर निवासी तालीम पुत्र अबरार अपनी ससुराल उत्तराखंड के मिस्त्रवाला जा रहा था। तिकोनिया पर पहुंचने पर उसने नन्नूवाला निवासी परिचित नाजिम का डंपर रुकवा लिया। तालीम ने नाजिम से अपने उधार के दस हजार रुपये मांगे। आरोप है कि रकम देने से इनकार करने पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। इसके बाद तालीम और उसके साथी ने नाजिम को डंपर से नीचे उतारकर मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर डंपर में मौजूद नाजिम का साथी भी नीचे आ गया और तमंचा निकालकर लहराने लगा। इससे वहां मौजूद लोगों में मारपीट शुरू हो गई मारपीट होने पर अफरातफरी मच गई। घटना के चलते तिकोनिया पर यातायात व्यवस्था बिगड़ गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।इसी दौरान वहां से गुजर रहे सीओ आशीष प्रताप सिंह ने भीड़ देखकर मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और एक युवक को हिरासत में ले लिया। बाद में कोतवाली पुलिस ने तालीम और उसके साथी को भी पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। पुलिस ने घटना के संबंध में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। तालीम के अनुसार करीब सात महीने पहले वह और नाजिम साथ में मुंबई तक कंटेनर चलाते थे। उस समय उसने नाजिम को बीस हजार रुपये उधार थे। नाजिम दस हजार रुपये वापस कर चुका था, जबकि बाकी रकम देने में टालमटोल कर रहा था। दो दिन पहले भी रुपये मांगने पर गाली-गलौज हुई थी। पुलिस तमंचा लहराने वाले युवक की तलाश कर रही है।

विधायक ओम कुमार ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

उत्तम भारत संवाददाता



नहटौर। नहटौर में विकासखंड आंकू में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित वार्षिक ब्लॉक स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता-2026 का विधायक ओम कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना विकसित होने के साथ ही उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। शिक्षा के साथ खेलों में सहभागिता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार करती है। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक ने मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, जिला महामंत्री किसान मोर्चा शोभित त्यागी, खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल, खेल प्रभारी विपिन कुमार, मंच संचालक विनय कुमार, शकील, नईम, मधुकर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

शादी की दावत में मामूली धक्का लगने पर युवक पर चाकू से हमला, छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

उत्तम भारत संवाददाता

ठाकुरद्वारा। क्षेत्र के गांव रतूपुरा में शादी की दावत के दौरान मामूली धक्का लगने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान कुछ युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतूपुरा निवासी गुलुआ पुत्र यूसुफ की दो बेटियों की शादी के लिए सोमवार शाम बारात आनी थी। इससे पहले उन्होंने गांव के शरीफनगर मार्ग पर ग्रामीणों के लिए दावत का आयोजन किया था। गांव निवासी अरशद भी दावत में कामकाज में हाथ बंटा रहा था। बताया गया कि दावत के दौरान आते-जाते समय अरशद का मोहसिन से हल्का धक्का लग गया। इस पर अरशद ने अपनी गलती मानते हुए मोहसिन से माफी मांग ली, लेकिन आरोप है कि इसके बाद भी मोहसिन ने अपने साथी गुड्डू, रफी, इरफान, कय्यूम और एक अज्ञात युवक के साथ मिलकर अरशद को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान मोहसिन ने खाना बना रहे कारीगर के पास रखा चाकू उठा लिया और अरशद पर हमला कर दिया। चाकू लगने से अरशद के पैर और कंधे में चोटें आईं। घटना के बाद दावत में अफरा-तफरी मच गई। घायल अरशद ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने पांच नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गंगा स्नान के बाद मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, पुलिस ने संभाली व्यवस्था

उत्तम भारत संवाददाता



ठाकुरद्वारा। गंगा स्नान पर्व के अवसर पर डिलारी क्षेत्र के गांव गक्खरपुर में लगे मेले में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही गंगा घाट पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में पहुंचकर खरीदारी की और मेले का आनंद लिया। भारी भीड़ को देखते हुए थाना डिलारी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। प्रभारी निरीक्षक ने स्वयं कमान संभालते हुए मेले की सुरक्षा एवं व्यवस्था पर नजर रखी। मेले के दौरान कई बच्चे अपने परिजनों से बिछड़ गए, जिससे परिवारों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गुम हुए बच्चों को तलाश कर उनके परिजनों से मिलाया। बच्चों के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस की तत्परता की सराहना की। वहीं मेले में कुछ युवकों के बीच मारपीट होने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आपस में मारपीट कर रहे तीन युवकों को हिरासत में ले लिया और आवश्यक कार्रवाई की। दूसरी ओर मेले में खुलेआम जुआ खेले जाने का मामला भी चर्चा का विषय बना रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच जुए का खेल चलता रहा, जिससे पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हुए। मेले में अव्यवस्थाओं का एक बड़ा कारण लकड़ी का अधूरा बना पुल भी रहा। पुल का निर्माण पूरा नहीं होने के चलते कई गांवों से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया गया कि रास्ता सुगम न होने के कारण कई गांवों के श्रद्धालु मेले तक नहीं पहुंच सके।

खेल के मैदान में पानी की टंकी का निर्माण शुरू, ग्रामीणों में आक्रोश

उत्तम भारत संवाददाता

ठाकुरद्वारा। ग्राम सुल्तानपुर दोस्त में जल जीवन मिशन के तहत बनाई जा रही पानी की टंकी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी का निर्माण प्रस्तावित जमीन पर कराने के बजाय प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान में कराया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने तहसीलदार को शिकायत देकर निर्माण रुकवाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में पानी की टंकी बनाने के लिए गाटा संख्या 526 में जमीन आरक्षित की गई थी। इसके बावजूद ठेकेदार ने ग्राम प्रधान की मिलीभगत से गाटा संख्या 497 में निर्माण शुरू करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि राजस्व अभिलेखों में यह जमीन प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान के रूप में दर्ज है। यहां गांव के लोगों के आने-जाने का रास्ता भी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खेल मैदान में टंकी बनने से बच्चों के खेलने की जगह खत्म हो जाएगी और गांव का रास्ता भी बंद हो सकता है। विरोध करने पर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कराकर खेल मैदान में चल रहे निर्माण को रुकवाने और प्रस्तावित जमीन पर ही टंकी बनवाने की मांग की है। शिकायत करने वालों में मनोज कुमार, कपिल कुमार, सतीश कुमार और अर्जुन सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

एसीएमओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी शाम पांच बजे पहुंची सीएचसी

दवाइयां जलाने के मामले में जांच तेज, दोबारा दर्ज किए स्वास्थ्यकर्मियों के बयान

उत्तम भारत संवाददाता

एटा/अलीगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवाइयां जलाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग की जांच आगे बढ़ गई है। मंगलवार शाम करीब पांच बजे एसीएमओ की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी दोबारा सीएचसी पहुंची। कमेटी ने संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए और प्रकरण से जुड़ी जानकारियां जुटाईं।

जांच कमेटी में एसीएमओ डॉ. राम मोहन तिवारी को अध्यक्ष बनाया गया है। डिप्टी सीएमओ डॉ. सौरभ राजपूत और चीफ फार्मासिस्ट सुबोध मिश्रा सदस्य के रूप में शामिल हैं। कमेटी ने कर्मचारियों से दोबारा पूछताछ की। हालांकि, जांच का अंतिम निष्कर्ष अभी सामने नहीं आया है।



गौरतलब है कि सीएचसी पर दवाइयां जलाने का मामला 22 सितंबर 2023 का बताया जा रहा है। दवाइयों के पैकेट और डिब्बे जलाए जाने का वीडियो सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई थी। वीडियो में दवाओं की पैकिंग जलती दिखाई दे रही थी। एक पैकेट पर एमोक्सिसिलिन डिस्पर्सिबल टैबलेट का नाम दिखाई देने का दावा भी किया गया था। हालांकि, कौन-कौन सी दवाइयां जलाई गईं, उनकी वैधता अवधि क्या थी और उन्हें जलाने की वजह क्या थी, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

वीडियो सामने आने के बाद सीएमओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद और जिला मलेरिया अधिकारी लोकमान दास ने भी सीएचसी पहुंचकर निरीक्षण किया था। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों के अलग-अलग लिखित बयान लिए गए थे। सीएमओ ने अस्पताल में चिकित्सकों की नियमित मौजूदगी और रात्रिकालीन ड्यूटी की भी जानकारी जुटाई थी। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधीक्षक सहित चार नियमित चिकित्सकों का वेतन रोकने की कार्रवाई किए जाने की बात कही थी।

लैब टेक्नीशियन ने भी लगाए थे आरोप

निरीक्षण के दौरान लैब टेक्नीशियन आकाश राजपूत ने सीएमओ को लिखित शिकायत देकर प्रभारी चिकित्साधीक्षक डॉ. सर्वेश और डॉ. राजेश शर्मा पर मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि लैब का सामान कमरे से बाहर रखवा दिया गया और कमरे में ताला लगा दिया गया। शिकायत में एक आशा कार्यकर्ता के परिवार सहित अस्पताल परिसर में रहने का आरोप भी लगाया गया था।

सीएमओ ने आशा कार्यकर्ता मीरा देवी को अस्पताल परिसर में नहीं रहने के निर्देश दिए थे। वहीं लैब टेक्नीशियन को उसी कमरे में सामान रखकर मरीजों की जांच सेवाएं जारी रखने को कहा था।

अब जांच कमेटी की दोबारा पूछताछ के बाद मामले में रिपोर्ट का इंतजार है। जांच में दवाइयों की स्थिति, उन्हें जलाने के कारण और निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए जाने जैसे बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। रिपोर्ट आने के बाद ही संबंधित लोगों पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

मतदान केंद्रों का निरीक्षण संवेदनशील बूथों पर बढ़ेगी सुरक्षा

डीएम-एसएसपी ने मलावन क्षेत्र के मतदान केंद्रों का लिया जायजा, मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश

उत्तम भारत संवाददाता

एटा। विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली और एसएसपी डॉ. इलामारन ने मंगलवार को मलावन क्षेत्र में 104-सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया।

अधिकारियों ने जूनियर हाईस्कूल मलावन के बूथ संख्या 344 से 347, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सौंहार के बूथ संख्या 354 से 356, श्रीकृष्ण विद्यामंदिर इंटर कॉलेज सौंहार के बूथ संख्या 358 और 359 तथा प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर नगरिया के बूथ संख्या 365 और 366 का निरीक्षण किया। डीएम और एसएसपी ने मतदान केंद्रों पर प्रवेश और निकास द्वार, पेयजल, शौचालय, रैंप, बिजली और



आवागमन के रास्तों की स्थिति देखी। अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। श्रीकृष्ण विद्यामंदिर इंटर कॉलेज सौंहार में कमरों की खिड़कियों पर जरूरत के अनुसार जाली लगवाने को कहा गया।

संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था करने, पुलिस गश्त बढ़ाने और अराजक तत्वों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। डीएम ने मतदाता सूची में जेंडर रेशियो सुधारने पर भी जोर दिया। उन्होंने महिला मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा पात्र युवाओं और छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण कराने को कहा।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से संवाद कर निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव में गड़बड़ी, दबाव या प्रलोभन देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

हिस्ट्रीशीटर तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

हत्या और जानलेवा हमले समेत 18 मुकदमे हैं दर्ज



उत्तम भारत संवाददाता

एटा/नयागांव। पुलिस ने वांछित हिस्ट्रीशीटर को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान खरसुलिया निवासी कृष्ण प्रताप उर्फ बबलू के रूप में हुई है। वह वर्तमान में अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव बिथरा में रह रहा था। पुलिस ने उसे 23 नवंबर को खरसुलिया गांव से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ पहले से दर्ज मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 की बढ़ोतरी की गई है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उसके खिलाफ वर्ष 1991 से लेकर अब तक हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट, जानलेवा हमले और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में 18 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी की कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन के निर्देशन में की गई।

वृद्ध की मौत के बाद पकड़ा गया हमलावर नंदी, गौशाला भेजा

उत्तम भारत संवाददाता

एटा/जलेसर। सिकंदरा राहु मार्ग स्थित नगला गोदी गांव में 105 वर्षीय वृद्ध की मौत का कारण बने आवारा नंदी को आखिरकार पशुपालन विभाग ने पकड़ लिया। विभागीय टीम ने नंदी को पकड़कर गौशाला भेज दिया। कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। गौरतलब है कि बीते सप्ताह आवारा नंदी ने चारपाई पर लेटे वृद्ध को कुचलकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश था। ग्रामीण लगातार आवारा गोवंश को पकड़वाने की मांग कर रहे थे।



पशुधन अधिकारी डॉ. दीपक सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर पशुपालन विभाग की टीम ने नंदी को पकड़कर गौशाला भेजा है। क्षेत्र में घूम रहे अन्य आवारा गोवंश को भी पकड़कर गौशालाओं में भेजने की कार्रवाई की जाएगी। पूर्व प्रधान अनेक सिंह राजपूत ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विभाग ने कार्रवाई की है। इससे लोगों को राहत मिली है। उन्होंने पशुपालन विभाग की पहल की सराहना की।

हाथ की उंगली में सांप ने डंसा, महिला अस्पताल में भर्ती

एटा/अलीगंज। घर पर काम कर रही महिला को काले सांप ने हाथ की उंगली में डंस लिया। सर्पदंश के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार कैल्ठा, एटा रोड निवासी ममता देवी पत्नी संत कुमार घर पर काम कर रही थीं। इसी दौरान काले सांप ने उनकी हाथ की उंगली में डंस लिया। कुछ देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। इस पर उनके देवर भीमचंद्र तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्साधिकारी डॉ. शक्ति मीणा ने बताया कि सर्पदंश से पीड़ित महिला को अस्पताल लाया गया था।

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार, 21 क्वार्टर देशी और 10 लीटर कच्ची शराब बरामद



उत्तम भारत संवाददाता

एटा। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बागवाला और अलीगंज पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बागवाला पुलिस ने बदरिया निवासी शेखर पुत्र अनार सिंह को 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ पकड़ा। वहीं, अलीगंज पुलिस ने हिरदेपुर के जंगल से अगौनापुर निवासी हुकुम सिंह पुत्र जोगराज को 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की है।

आसपुर टोल पर यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

हेलमेट, सीट बेल्ट और ओवरस्पीडिंग के खतरों से वाहन चालकों को किया जागरूक



उत्तम भारत संवाददाता

एटा/मलावन। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यातायात पुलिस ने आसपुर टोल पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी देकर उनका पालन करने की अपील की गई।

पुलिसकर्मियों ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की हिदायत दी। साथ ही ओवरस्पीडिंग, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने, नाबालिगों के वाहन चलाने और नशे की हालत में ड्राइविंग करने से होने वाले खतरों के बारे में बताया।

अभियान के दौरान नो एंट्री में भारी वाहनों के प्रवेश, प्रेशर हॉर्न और अनाधिकृत लाइटों के इस्तेमाल पर भी चेतावनी दी गई। वाहन चालकों को रेलवे क्रॉसिंग, ट्रैफिक सिग्नल और जेब्रा लाइन के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

तहसील परिसर में बंदरों का आतंक, दो दिन में 2-3 लोगों को काटकर किया घायल

उत्तम भारत संवाददाता

एटा/जलेसर। तहसील परिसर में बंदरों का आतंक लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। बंदरों के हमलावर होने से तहसील आने वाले फरियादी, अधिवक्ता, कर्मचारी और आम नागरिक दहशत में हैं। बीते दो दिनों में बंदरों ने दो से तीन राहगीरों और आम नागरिकों को काटकर घायल कर दिया। हालात ऐसे हैं कि तहसील परिसर में पैदल निकलना भी जोखिम भरा हो गया है। बंदरों के बढ़ते आतंक को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम पीयूष रावत ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जलेसर को पत्र जारी कर तत्काल बंदरों को पकड़वाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि तहसील परिसर से बंदरों को प्राथमिकता के आधार पर पकड़वाकर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर छुड़वाया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि कार्रवाई में लापरवाही के कारण कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी की होगी।

सिलेंडर धमाके से दहला ख्वाजगीपुर कई मकानों में दरारें और नुकसान

विस्फोट की चपेट में आकर वृद्ध महिला झुलसी, 100 मीटर दूर प्रधान के घर के शीशे टूटे

उत्तम भारत संवाददाता

एटा/मिरहची। थाना क्षेत्र के ख्वाजगीपुर गांव में गैस सिलेंडर फटने से हुए जोरदार धमाके ने पूरे गांव को दहला दिया। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास के कई मकानों को भी नुकसान पहुंचा। आग की लपटों की चपेट में आकर एक वृद्ध महिला झुलस गई। उसके चेहरे और हाथों में जलने की चोटें आई हैं। महिला के पति ने किसी तरह उसे आग की चपेट से बचाया। घटना के बाद गांव में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई।





प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, सिलेंडर फटने के बाद हुए धमाके का असर आसपास के घरों तक पहुंचा। मुकेश शर्मा और देव सिंह के मकानों को भी नुकसान हुआ। वहीं, घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर ग्राम प्रधान के मकान की खिड़कियों के शीशे तक टूट गए। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए। कुछ देर के लिए पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। आग की चपेट में आने से झुलसी वृद्ध महिला को देखकर परिजन और ग्रामीण परेशान हो गए। पति ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह उसकी जान बचाई। धमाके की तीव्रता से आसपास के मकानों को पहुंचे नुकसान ने ग्रामीणों को सकते में डाल दिया। गांव में देर तक घटना की चर्चा होती रही।

ब्रह्मज्ञान से ही सार्थक होता है मानव जीवन: अरोड़ा

निधौली कलां में निरंकारी सत्संग में दिया आध्यात्मिक संदेश

उत्तम भारत संवाददाता

एटा। मानव जीवन परमात्मा की प्राप्ति के लिए मिला है। सतगुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर उसे जीवन में अपनाने से ही मनुष्य अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त कर सकता है। यह विचार मथुरा के जोनल इंचार्ज संत एचके अरोड़ा ने निधौली कलां में आयोजित निरंकारी सत्संग में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान हर मानव के लिए जरूरी है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के मार्गदर्शन में निरंकारी मिशन प्रेम, नम्रता, सहनशीलता और एकत्व का संदेश दे रहा है। गुरु के बिना ज्ञान और ज्ञान के बिना भक्ति अधूरी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जिस प्रकार खारे पानी से भरी बोतल का ढक्कन खोलने



पर ही उसका पानी नदी के मीठे जल में मिल सकता है, उसी प्रकार ब्रह्मज्ञान से मनुष्य के जीवन में आध्यात्मिक परिवर्तन आता है।

आगरा से आए संत उमेश निरंकारी ने मानव को मानव का सहारा बनने का संदेश दिया। उन्होंने रक्तदान, चिकित्सा शिविर, शिक्षण संस्थानों, पौधारोपण और स्वच्छता अभियानों को मानव सेवा का माध्यम बताया। इस दौरान अवागढ़, कलियनपुर, निधौली कलां सहित आगरा और भिवाड़ी से आए श्रद्धालुओं ने भजन और विचार प्रस्तुत किए। सत्संग का संचालन अमित कुमार ने किया।

एटा के विकास और ऊर्जा आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी जवाहरपुर परियोजना

उत्तम भारत संवाददाता

एटा। मलावन स्थित जवाहरपुर तापीय विद्युत परियोजना जनपद के औद्योगिक विकास और प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को नई मजबूती दे रही है। यह परियोजना स्थानीय स्तर पर रोजगार और निवेश की संभावनाएं बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह बात जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली ने मंगलवार को परियोजना के निरीक्षण के दौरान कही।

डीएम ने एसएसपी डॉ. इलामारन और तहसील प्रशासन के अधिकारियों के साथ परियोजना का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियंताओं से विद्युत उत्पादन, संचालन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों और भविष्य की कार्ययोजना की जानकारी ली।



जिलाधिकारी ने मुख्य कंट्रोल रूम में पहुंचकर प्लांट की कार्यप्रणाली समझी। अधिकारियों ने 3डी मॉडल के माध्यम से परियोजना की संरचना, उत्पादन क्षमता, पारेषण व्यवस्था और मशीनों के संचालन एवं रखरखाव की जानकारी दी। इसके बाद डीएम और एसएसपी ने सेंट्रल कंट्रोल रूम, स्विच यार्ड, टरबाइन, जनरेटर और मॉडल रूम का निरीक्षण किया।

डीएम ने कहा कि परियोजना के शुरू होने से एटा की औद्योगिक पहचान मजबूत हुई है। सीमेंट फैक्टरी सहित अन्य औद्योगिक परियोजनाओं की स्थापना से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं। भविष्य में निवेश की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने मुख्य अभियंता को विद्युत उत्पादन और पारेषण व्यवस्था में गुणवत्ता एवं निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए। सीआईएसएफ के अधिकारियों से प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था चौकस रखने तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

आठ किलोमीटर के दायरे में होंगे विकास कार्य

जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधन को विशेष निर्देश दिए कि प्लांट के आसपास आठ किलोमीटर की परिधि में आने वाले क्षेत्रों में सीएसआर मद से जनहितकारी और विकासपरक कार्य कराए जाएं। उन्होंने कहा कि परियोजना का लाभ आसपास के ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों तक पहुंचना चाहिए। इसके साथ ही पर्यावरणीय मानकों का पालन और कर्मचारियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार गरिमा सिंह, परियोजना के मुख्य अभियंता अरविंद मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एसएन भास्कर, सीआईएसएफ के अखिलेश मिश्रा, अधिशासी अभियंता अभय सिंह, मोहित कुमार, एसके वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नील सरोवर धाम पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

उत्तम भारत संवाददाता





कांठ। निष्कलंकी महाराज द्वारा स्थापित ओमकारेश्वर मंदिर नील सरोवर धाम पर मंगलवार को मेले का आयोजन किया गया। मेले में अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी। इसके साथ ही वाहनों का अधिक आवागमन होने से करनपुर मार्ग पर जाम की स्थिति भी देखने को मिली। करनपुर मार्ग पर नील सरोवर घाट में कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों लोग स्नान करके धर्म लाभ कमाते हैं। लगभग 30 वर्षों से पूर्व से ही नील सरोवर घाट पर कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों लोगों की संख्या में नील सरोवर घाट में विलय हुई श्री राम गंगा नदी में स्नान करने आते हैं। श्रद्धालुओं ने देवानंद देव स्वरूप महाराज 1008 के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर ओंकारेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की। जहां स्नान के उपरांत लोग प्रसाद चढ़ा कर अपनी मनोकामनाएं मांगने आते हैं। कमलापुरी आश्रम में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा रजिस्टर्ड के जिला अध्यक्ष नितिन गुर्जर ने खिचड़ी ने विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर भाजपा की जिला उपाध्यक्ष आदेश चौधरी, जिला पंचायत सदस्य विनोद सैनी, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा अनुज बिश्नोई, जिला महामंत्री सुनील चौहान, राजेंद्र सैनी, अंकित गुर्जर आदि मौजूद रहे। प्रातः 4रू00 बजे से ही श्रद्धालुओं ने श्री राम गंगा नदी में डुबकियां लगानी शुरू कर दीं। मेले में हजारों की संख्या में गांव गांव से ट्रैक्टर ट्राली से लोग पहुंचे मेले में पहुंचकर लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं बच्चों ने भी झूलों पर झूल कर तथा जंपिंग पैड का पूरा लुफ्त उठाया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। मेले में कई स्थानों पर छोटे-छोटे बच्चों का मुंडन का कार्य भी देखने को मिला। वहीं करनपुर मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली से हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। करीब एक किलोमीटर लंबा जाम देखने को मिला लेकिन प्रशासन व मेला कमेटी के लोगों ने व्यवस्था को सुधारते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निभाया। यहां पर कमेटी के अध्यक्ष आदेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह गुर्जर आदि कमेटी के पदाधिकारी समय-समय पर श्रद्धालुओं को निर्देशित कर रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, एसडीएम मयंक कुंडू, सीओ सुनीता दहिया, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह,आदि के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। दूसरी ओर तहसील क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में भी विशाल मेले का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। मेले में महिलाओं और बच्चों ने चांट पकौड़ी एवं लगाई गई दुकानों से खरीदारी की।

डॉलर दिलाने के नाम पर 8.48 लाख रुपये की ठगी के मामले में चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

उत्तम भारत संवाददाता



कांठ। रूस में एमबीबीएस की पढ़ाई करने जा रहे बेटे के लिए डॉलर खरीदने के नाम पर एक महिला से 8 लाख 48 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजनौर जनपद के स्योहारा थाना क्षेत्र के कस्बा सहसपुर निवासी हिना पत्नी फईम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कांठ के मोहल्ला पृथ्वीगंज निवासी गुड्डी पत्नी मोहम्मद आरिफ का उनके घर आना-जाना था। हिना का बेटा अल्फेज रूस में एमबीबीएस की पढ़ाई करने जा रहा था, जिसके लिए उसे डॉलर की जरूरत थी। इस संबंध में गुड्डी ने अपने बेटे अनस के फोन-पे नंबर पर रुपये भेजने के बदले डॉलर दिलाने की बात कही। आरोप है कि 16 मार्च से 22 मार्च 2026 के बीच हिना के बेटे अल्फेज ने 12 बार में ऑनलाइन 6 लाख 48 हजार रुपये अनस के खाते में भेजे, जबकि गुड्डी ने दो लाख रुपये नकद भी ले लिए। इस तरह कुल 8 लाख 48 हजार रुपये देने के बावजूद डॉलर नहीं दिलाए गए। पीड़िता के अनुसार, जब उन्होंने अपने बेटे हमजा और भाई इमरान के साथ अनस के घर पहुंचकर रुपये वापस मांगे तो अनस की मां गुड्डी, पिता मोहम्मद आरिफ और भाई आमिर ने गाली-गलौंज करते हुए मारपीट की धमकी दी। आरोप है कि उन्होंने रुपये खर्च कर देने की बात कहते हुए जो करना हो कर लेने की बात कही और सभी को घर से धक्का देकर बाहर निकाल दिया। हिना ने बताया कि समाज के लोगों के माध्यम से भी रुपये वापस कराने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपियों ने रकम वापस नहीं की।

पीड़िता ने ऑनलाइन लेनदेन का विवरण संलग्न करते हुए अनस, गुड्डी, मोहम्मद आरिफ और आमिर के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने चारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी है।

छोटी काशी शिवराजपुर में कार्तिक पूर्णिमा के ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले की छोटी काशी व मंदिरों की नगरी शिवराजपुर में एक सप्ताह तक लगने वाला ऐतिहासिक व धार्मिक मेले का गंगास्नान के साथ मंगलवार से शुभारंभ हो गया। फतेहपुर सहित उन्नाव, हमीरपुर, बांदा, महोबा, रायबरेली, कानपुर नगर व कानपुर देहात सहित अन्य जनपदों के लोग भी मेले में पहुंच कर छोटी काशी में गंगा स्नान कर खूब खरीददारी कर रहे हैं। मेले में जहां एक ओर बच्चे झूलों का आनंद ले रहे हैं, वहीं महिलाएं मीना बाजार की शोभा बढ़ा रही हैं। पुरुष घर-गृहस्थी का सामान खरीद रहे हैं। मेले में झूला, सर्कस, कॉस्मेटिक, खिलौने, कपड़े, बर्तन, चाट, मूंगफली व केले की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई।

ओवरलोडिंग के चलते सड़क पर गिर रहा गन्ना, घंटों लगा जाम

उत्तम भारत संवाददाता



छजलैट। चीनी मिलों में गन्ना लेकर जा रहे ट्रकों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में क्षमता से अधिक गन्ना लादने के कारण राहगीरों की परेशानी बढ़ती जा रही है। ओवरलोड वाहनों से गन्ना सड़क पर गिरने के कारण जहां दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है, वहीं यातायात भी बाधित हो रहा है। सोमवार को छजलैट स्थित करूला नदी पुल के पास गन्ने से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से काफी मात्रा में गन्ना सड़क पर गिर गया। इससे सड़क पर जाम लग गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घंटों तक यातायात प्रभावित रहने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सड़क से गन्ना हटवाकर जाम खुलवाया, जिसके बाद वाहनों का आवागमन सुचारु हो सका। इस संबंध में एसडीएम ने गन्ना ढोने वाले वाहन चालकों को ओवरलोडिंग न करने की सख्त हिदायत दी है। इसके बावजूद ओवरलोड वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

मुरादाबाद में धूमधाम से मनाया गया गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव

मुरादाबाद। मुरादाबाद में गुरु नानकदेव का प्रकाशोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। गुरुवाणी के मधुर नाद और भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को आत्मसात करते नजर आए। गुरुद्वारों में सुबह से ही 'सतनाम श्री वाहेगुरु' के जयकारे और गुरबाणी की मधुर धुनें गूंज रही हैं। जिले के सभी गुरुद्वारों में सुबह से ही धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। गुरुद्वारों में अमृत वेला से ही पाठ आरंभ हो गया। संगत ने शीश नवाकर गुरु चरणों में मत्था टेका और अरदास की। प्रकाशोत्सव के अवसर पर शहर के गुरुद्वारों में बड़ी संख्या में संगत शामिल हुई। ताड़ीखाना स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से 13 नवंबर से 23 नवंबर से तक प्रभातफेरी निकाली गई।

स्टीयरिंग फेल होने से बेकाबू हुई बस कूड़े के ढेर से टकराकर टला बड़ा हादसा

उत्तम भारत संवाददाता



ठाकुरद्वारा। ठाकुरद्वारा से सुरजननगर जा रही एक निजी बस का ग्राम मानावाला के पास अचानक स्टीयरिंग फेल हो गया। इससे बस अनियंत्रित हो गई और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, बस ग्राम मानावाला के पास पहुंची ही थी कि अचानक उसका स्टीयरिंग फेल हो गया। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तत्काल एक्सीलेटर से पैर हटा लिया और बस की गति धीमी करने का प्रयास किया। इसके बाद अनियंत्रित बस सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर से टकराकर रुक गई। गनीमत रही कि बस में सवार किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। हादसे के बाद यात्रियों और चालक ने राहत की सांस ली। चालक की सतर्कता और सूझबूझ के चलते एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

श्री गुरु नानक देव के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

उत्तम भारत संवाददाता

कांठ। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर गुरु द्वारा में चल रहे गुरु ग्रंथ साहेब के तीन दिवसीय अखंड पाठ का समापन किया गया। ज्ञानी मनिंदर सिंह एवं जोगिंदर सिंह, सुरजीत सिंह, बीबी सतवन्त कौर,वीवी मनजीत कौर, वीवी रनवीर कौर द्वारा किए शबद कीर्तन और गुरुवाणी से संगत निहाल हो गई। मंगलवार को कांठ नगर स्थित गुरुद्वारा में सिख समाज द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम निशान साहेब को चोला पहनाया गया। सिख संगत ने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कांठ साहेब में माथा टेका। गुरुद्वारा साहेब में मुख्य ग्रंथि ज्ञानी मनिंदर सिंह ने गुरु नानक देव के जीवन पर प्रकाश डाला और गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संगत से आह्वान किया। ज्ञानियों ने मधुर वाणी में शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। अंत में संगत को लंगर छकते हुए प्रसाद वितरित किया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह एवं संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा ने संगत का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रामसराय की संगत के अलावा सेवादारी में सरदार कुलवंत सिंह, संरक्षक कृपाल सिंह चड्ढा, रविंद्र सिंह सेठ, जसप्रीत सिंह, मनजीत सिंह गांधी, ताजिन्दर सिंह, नवलजीत सिंह, गुरविंदर सिंह गांधी, विक्की सिंह, हनी सिंह, लक्की सिंह, सुमिरन सिंह टीकम सिंह, परमजीत कौर, जसप्रीत कौर, अवनीत कौर आदि मौजूद रहे।

तुलसी विवाह में जरूरतमंद अंजू और आशीष का कराया शुभ विवाह

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को एक विचित्र पहल सेवा समिति की महिला शाखा तुलसी 'सखी ग्रुप' की ओर से तुलसी मैया और प्रभु शालिग्राम का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया गया। इस दौरान आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी अंजू का आशीष के साथ विवाह कराकर समिति ने 75वां जरूरतमंद जोड़ा बसाने का पुनीत कार्य किया। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे फूलमती मंदिर से प्रभु शालिग्राम की बारात बैंड-बाजों के साथ निकाली गई। बाराती नाचते-गाते शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री पोरवाल धर्मशाला पहुंचे। यहां सखी ग्रुप की सदस्यों ने बारात का भव्य स्वागत किया। इसके बाद आचार्य पं. अवध बिहारी शुक्ला ने वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ तुलसी मैया व प्रभु शालिग्राम का विवाह संपन्न कराया। इसी क्रम में आर्थिक रूप से कमजोर राजपूत (लोधी) समुदाय के कृपाराम और रामाकांती की पुत्री अंजू का आशीष के साथ विवाह कराया गया।

रबी सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने शुरू की बुकिंग एवं वितरण प्रक्रिया

उत्तम भारत संवाददाता



मुरादाबाद। रबी सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित बीज समय से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विभिन्न फसलों के बीज की बुकिंग एवं वितरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर प्रमाणित तोरिया, गेहूं, चना, मटर, अलसी तथा राईध्सरसों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीज की ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था भी की गई है। कृषि विभाग के पोर्टल पर किसानों द्वारा अपनी आवश्यकतानुसार ऑनलाइन बीज की बुकिंग निर्धारित प्रक्रिया के तहत की गई है। जिन किसानों ने ऑनलाइन बुकिंग की है, लेकिन अभी तक संबंधित राजकीय कृषि बीज भंडार से बीज प्राप्त नहीं किया है, उनसे अपील की गई है कि वे आगामी तीन दिवस के भीतर संबंधित राजकीय कृषि बीज भंडार से अपना बीज प्राप्त कर लें। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद यदि निर्धारित अवधि में बुक किया गया बीज नहीं उठाया जाता है, तो संबंधित किसान का चयन निरस्त कर दिया जाएगा तथा उस स्थान पर अन्य किसानों को बीज बुकिंग एवं प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण अभियान में अनुपस्थित मिले तीन बी एल ओ से जवाब तलब

उत्तम भारत संवाददाता



ठाकुरद्वारा। ब्लॉक क्षेत्र के गांव मानपुर दत्तराम और फरीदनगर में तीन बी एल ओ को अनुपस्थित पाकर उपजिलाधिकारी अंजनी कुमार मिश्रा ने उनका जवाब तलब किया है।

मतदाता सूचियां के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को बूथों पर मतदाताओं के वोट बनाने और त्रुटि सुधारने का अभियान जारी था। इसी दौरान उप जिला अधिकारी अंजनी कुमार मिश्रा ने तहसीलदार और खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल के साथ बूथों का निरीक्षण किया तो पाया कि मानपुर दत्तराम में दो बी एल अनुपस्थित हैं। एक बी एल ओ का स्वास्थ्य अधिक खराब हो जाने की वजह से उसे एम्स में भर्ती होना बताया गया। उसके स्थान पर हेड मास्टर को बी एल ओ बनाया गया था वह भी अनुपस्थित पाए गए। जबकि फरीदनगर में भी एक बी एल ओ को अनुपस्थित पाया गया।उप अंजनी कुमार मिश्रा ने इन सभी का जवाब तलब कर लिया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उधर रविवार को भी राजनीतिज्ञ मतदाताओं को प्रेरित कर बूथ पर भेजने में जुटे रहे। बुढ़नपुर के प्राथमिक विद्यालय में बने बूथ पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि चौधरी अयूब अली अभियान में सकारात्मक सहयोग करते नजर आए। कांग्रेस नगर अध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष वसीम अहमद भी सक्रिय रहे।

पाइपलाइन बिछाने के बाद बदहाल हुईं की सड़कें

उत्तम भारत संवाददाता



कांठ। नगर में करीब तीन वर्ष पूर्व टोरेंट गैस कंपनी और स्वच्छ जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की आज तक समुचित मरम्मत नहीं कराई गई। इसके चलते नगर की कई सड़कें बदहाल हैं और जगह-जगह गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। नगरवासियों का आरोप है कि पाइपलाइन डालने के बाद संबंधित कंपनी और ठेकेदारों ने सड़कों की मरम्मत गुणवत्ता के साथ नहीं कराई। स्वच्छ जल पाइपलाइन से कई स्थानों पर पानी का रिसाव होने के कारण सड़कें धंस रही हैं। इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। नगरवासियों का कहना है कि सड़कों की पांच वर्ष की अनुरक्षण अवधि में क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत की जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है। इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों ने नगर पंचायत और संबंधित विभागों से सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराकर अच्छी गुणवत्ता की आरसीसी सड़कें बनवाने की मांग की है।

पूरनपुर में सपा के संकटमोचक बन सकते हैं मोतीराम

उत्तम भारत संवाददाता

पीलीभीत। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच 129 पूरनपुर सुरक्षित सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट को लेकर सियासी माहौल गरमाने लगा है।

इस दौड़ में दिवंगत पूर्व विधायक प्रीतम राम के सगे छोटे भाई मोतीराम की सक्रियता बढ़ने से पूरे पूरनपुर क्षेत्र में चुनावी चचाएं तेज हो गई हैं।समर्थकों और कार्यकताओं के बीच उनके नाम को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि जमीनी पकड़, सुलभता और जनसेवा की परंपरा के चलते मोतीराम क्षेत्र में सबसे प्रभावी और भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। स्थानीय कार्यकताओं के अनुसार, मोतीराम न केवल क्षेत्र की जनता के बीच हर वक्त सक्रिय रहते हैं, बल्कि काफी समय से समाजवादी पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी विचारों का भी गांव-गांव प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। लोगों की समस्याओं को लेकर लगातार संवाद बनाए रखने के कारण आम जनता के बीच उनकी पहचान एक सहज और विश्वसनीय नेता की बनी हुई है।

समर्थकों का कहना है कि स्व. प्रीतम राम के सगे भाई होने और उनकी जनसेवा की राजनीतिक विरासत से सीधे जुड़े रहने के कारण मोतीराम को पूरनपुर के सामाजिक ताने-बाने और स्थानीय जरूरतों की गहरी समझ है।समर्थकों ने यह भी रेखांकित किया कि मोतीराम की पत्नी दो बार जिला पंचायत सदस्य चुनी जा चुकी हैं। कार्यकताओं का मानना है कि इस पारिवारिक अनुभव से प्रशासन की कार्यप्रणाली का ठोस व्यावहारिक ज्ञान मिला है, जो भविष्य में क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने में अहम साबित हो सकता है।क्षेत्र के मतदाताओं और पार्टी कार्यकताओं का कहना है कि पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र को ऐसे प्रतिनिधि की जरूरत है, जो हर वर्ग के लिए आसानी से उपलब्ध हो और सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता हो। समर्थकों के मुताबिक, मोतीराम का सरल स्वभाव, पार्टी के प्रति समर्पण और लगातार जमीनी सक्रियता उन्हें टिकट की दौड़ में अन्य दावेदारों के मुकाबले कहीं आगे खड़ा करती है। हालांकि, टिकट पर अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान को जमीनी फीडबैक और सर्वे के आधार पर लेना है, लेकिन मोतीराम की सक्रियता से पूरनपुर में सियासी पारा चढ़ा हुआ है और समर्थकों का भरोसा उन पर मजबूत नजर आ रहा है।



मोतीराम को पंचायती राज, ग्रामीण ढांचे और जिला